CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $35^{\circ}$C
न्यूनतम : $20^{\circ}$C

हल्द्वानी, सोमवार 20 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 233 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 | 1 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

UPES UNIVERSITY OF TOMORROW
India's AI-FIRST University
Transdisciplinary and Experiential Pedagogy
Eminent faculty from IITs, IIMs, and Ivy League
Economists, CEOs, Diplomats, and Thought Leaders in the Classroom
B.SC. (HONS.) ADMISSIONS 2026
B.Sc. (Hons.) Psychology and Behaviour
B.Sc. (Hons.) Economics and Finance
B.Sc. (Hons.) Economics with Data Science
Upto 25% FEE WAIVER for Uttarakhand Domicile Students*
Upto 30% SCHOLARSHIP for Girl Students*
SCAN TO APPLY
LAST DATE TO APPLY - APRIL 29, 2026
For more details visit upes.ac.in or call Toll Free 1800 [illegible] (10 am to 7 pm)

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 18 की मौत, छह घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार को धमाका हुआ। फायर एंड रेस्क्यू विभाग के मुताबिक, हादसे में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे के समय फैक्ट्री में 30 मजदूर काम कर रहे थे। 6 लोगों को गंभीर घायल होने के कारण अस्पताल ले जाया गया, जबकि कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। दमकल, पुलिस और राहत टीमें मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने और फंसे लोगों को निकालने में जुटी हैं। फिलहाल विस्फोट की वजह साफ नहीं है। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने एक्स पर लिखा कि इस हादसे में कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

### वर्धा और राजनांदगांव में तापमान 45 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों और मध्य भारत में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव और महाराष्ट्र के वर्धा में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। शनिवार को देश के 10 सबसे गर्म शहरों में यूपी का बांदा 44.6, तेलंगाना का आदिलाबाद 44.3, महाराष्ट्र के नागपुर-अमरावती 44.2 और मध्य प्रदेश का रतलाम 44 डिग्री सेल्सियस भी शामिल रहा। राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के कई शहरों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। यानी मई से पहले ही तापमान में जबरदस्त बढ़ोतरी हो गई है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड में रात को भी लू चलने का अलर्ट जारी किया है। दरअसल इन राज्यों में लगातार तीसरे दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है। झारखंड के रांची में चिड़ियाघर के जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर लगाए गए हैं। ओडिशा के 9 जिलों के स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

### भारत-रूस में रक्षा समझौता, एक-दूसरे की जमीन पर 3000 सैनिक तैनात करेंगे

**मास्को/नई दिल्ली।** भारत और रूस के बीच रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट (आरईएलओएस) रक्षा समझौता अब लागू हो गया है। इसके तहत दोनों देश एक-दूसरे की जमीन पर 3000 सैनिक तक तैनात कर सकेंगे। साथ ही 5 युद्धपोत और 10 सैन्य विमानों की तैनाती की भी अनुमति दी गई है। दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के मिलिट्री बेस, एयरबेस और बंदरगाहों का इस्तेमाल कर सकेंगी, जिससे लंबे समय तक सैन्य तैनाती और ऑपरेशन आसान होंगे। डील में लॉजिस्टिक सपोर्ट भी शामिल है। इसके तहत ईंधन, पानी, मरम्मत, तकनीकी संसाधन और अन्य जरूरी सप्लाई उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं, विमानों के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल और फ्लाइट से जुड़ी सेवाएं भी मिलेंगी। यह समझौता फरवरी 2025 में साइन हुआ था और दिसम्बर 2025 में रूस ने इसे मंजूरी दी।

# ट्रम्प की ईरान को आखिरी धमकी

## इस्लामाबाद वार्ता से पहले कहा: समझौते नहीं माने, तो तमाम पावर प्लांट और पुलों को उड़ा देंगे

वाशिंगटन, वार्ता



- ईरान ने होर्मुज में फायरिंग कर मौजूदा युद्धविराम समझौते की धज्जियां उड़ा दीं : ट्रम्प

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अब तक का सबसे आक्रामक रुख अख्तियार किया है। उन्होंने ईरान को सैन्य तबाही की चेतावनी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने मौजूदा समझौते की शर्तों को स्वीकार नहीं किया, तो अमेरिका उसके तमाम पावर प्लांट और पुलों को जमींदोज कर देगा।

ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में गोलीबारी कर मौजूदा युद्धविराम समझौते की धज्जियां उड़ा दी हैं। उन्होंने बताया कि ईरानी हमलों का निशाना फ्रांस और ब्रिटेन के जहाज बने हैं। ट्रम्प के मुताबिक, ईरान का यह कदम उसकी हताशा को दर्शाता है। इस तनाव के बीच ट्रम्प ने कूटनीतिक रास्ते का आखिरी विकल्प भी खुला रखा है। अमेरिकी प्रतिनिधियों का एक दल सोमवार शाम पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंच रहा है। वहां ईरान के साथ निर्णायक बातचीत होनी है। ट्रम्प ने कहा कि यह ईरान के पास आखिरी मौका है। ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने की घोषणा पर तंज कसते हुए ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी नाकेबंदी ने उसे पहले ही बंद कर रखा है। इससे ईरान को रोजाना 50 करोड़ डॉलर का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के जहाज अब तेल और माल लोडिंग के लिए अमेरिका के टेक्सास, लुइसियाना और अलास्का के बंदरगाहों का रुख कर रहे हैं, जिससे अमेरिका को कोई नुकसान नहीं है। ट्रम्प ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि पिछले 47 वर्षों से जो काम किसी राष्ट्रपति ने नहीं किया, उसे अब वो अंजाम देंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर डील नहीं हुई, तो ईरान के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह तबाह कर दिया जाएगा।

### होर्मुज स्ट्रेट किसी बेवकूफ के ट्वीट पर नहीं खुलेगा

- ईरान ने ऑडियो संदेश जारी कर अमेरिकी राष्ट्रपति को चिढ़ाया

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच दक्षिण अफ्रीका में स्थित ईरानी दूतावास ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर सोशल मीडिया के जरिये तीखा हमला किया है।

एक वायरल समुद्री ऑडियो क्लिप को लेकर दूतावास ने ट्रम्प को निशाना बनाते हुए विवाद खड़ा कर दिया। यह पूरा मामला उस कथित ऑडियो के सामने आने के बाद शुरू हुआ, जिसे इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना का रेडियो संदेश बताया जा रहा है। इस ऑडियो में इडियट शब्द सुनाई देता है, जिसे लेकर -शेष पृष्ठ दो पर

### ट्रम्प हमसे परमाणु अधिकार छीनने वाले कौन: ईरान

- ईरानी राष्ट्रपति बोले: हम युद्ध नहीं चाहते, सिर्फ आत्मरक्षा कर रहे, अमेरिका पर हमें भरोसा नहीं

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के परमाणु अधिकारों को रोकने का कोई हक नहीं है। ईरानी न्यूज एजेंसी इसना के मुताबिक, पेजेशकियान ने कहा कि ट्रम्प कहते हैं कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का इस्तेमाल नहीं कर सकता, लेकिन यह नहीं बताते कि किस जुर्म में। वह कौन होते हैं किसी देश को उसके अधिकारों से वंचित करने वाले।

पेजेशकियान का यह बयान ऐसे समय आया है जब युद्धविराम की समयसीमा खत्म होने वाली है। अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत में अभी भी गतिरोध बना हुआ है। दोनों के बीच मतभेद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज स्ट्रेट के नियंत्रण को लेकर हैं। पजशकियन ने दोहराया कि ईरान युद्ध नहीं चाहता है। सिर्फ आत्मरक्षा में कदम उठा रहा है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल पर नागरिक ढांचे को निशाना बनाने का आरोप लगाया और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। इससे पहले ईरानी संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर ने कहा था कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता हैं। हालात कभी भी बिगड़ सकते है। वहीं ईरान ने एक बार फिर -शेष पृष्ठ दो पर

# सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में रोड सेफ्टी निर्देश किए जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा: एक्सप्रेसवे खतरे के गलियारे नहीं बनने चाहिएं
- इन सड़कों पर भारी वाहन पार्किंग न हो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए पूरे देश में कई गाइडलाइंस जारी की हैं। इन निर्देशों में एक्सप्रेसवे जैसी सड़कों पर भारी वाहनों की पार्किंग पर रोक भी शामिल है। कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक सुस्ती या इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चांदुरकर की बेंच ने सड़क और परिवहन मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। बेंच ने बताया कि नेशनल हाईवे भारत की कुल सड़क लंबाई का सिर्फ 2 प्रतिशत हैं, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली कुल मौतों में इनका हिस्सा लगभग 30 प्रतिशत है। ये निर्देश 13 अप्रैल को सामने आए। जहां कोर्ट 2 और 3 नवम्बर 2025 को राजस्थान के फलोदी, तेलंगाना के रंगारेड्डी में लगातार हुई सड़क दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मौत के बाद दर्ज केस पर सुनवाई कर रहा था। इन दुर्घटनाओं का कारण सिस्टम की लापरवाही और बुनियादी ढांचे का फेल्योर था, जिसके कारण ये मौतें हुईं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार कोई भी भारी या कमर्शियल गाड़ी किसी भी नेशनल हाईवे के कैरिजवे या पक्के शोल्डर पर पार्क नहीं होगी, रुकेगी नहीं, सिवाय किसी तय जगह, ले-बाय, या सड़क किनारे की सुविधा वाली जगह के। निर्देश को लागू करने का काम एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये किया जाएगा। इसमें राज्य पुलिस को रियल-टाइम अलर्ट भेजना, जीपीएस टाइमस्टैम्प वाले फोटो सबूत और इंटीग्रेटेड ई-चालान बनाना शामिल है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, राज्य पुलिस और राज्य परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को इन निर्देशों का पालन करना होगा। संबंधित जिलों के कलेक्टर एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तय करेंगे। इनका पालन 60 दिन के अंदर किया जाना चाहिए। किसी भी नेशनल हाईवे के राइट ऑफ वे के अंदर किसी भी नए ढाबे, खाने की जगह या कमर्शियल इमारत का निर्माण और संचालन तुरंत प्रभाव से रोक दिया जाए।

# संसद में टीएमसी का महिला विरोधी चेहरा उजागर: मोदी

- तृणमूल सिर्फ और सिर्फ अपने वोट बैंक की सगी है, घुसपैठियों की सगी है, बाकी इनको किसी से कोई लेना-देना नहीं: प्रधानमंत्री

**कोलकाता।** पीएम मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी सिर्फ और सिर्फ अपने वोट बैंक की सगी है, घुसपैठियों की सगी है। बाकी इनको किसी से कोई लेना-देना नहीं है।

बीते 2-3 दिनों में देश की संसद में टीएमसी का महिला विरोधी चेहरा भी साफ-साफ नजर आया है। देश की बहन और बेटियों को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने पर चर्चा हुई, लेकिन टीएमसी ने इस कानून को पारित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में टीएमसी का महिला-विरोधी रुख खुलकर सामने आया है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए संसद में चर्चा हुई। हालांकि, टीएमसी ने महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन नहीं किया। टीएमसी का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं राज्य विधानसभा में उनसे सवाल करेंगी। महिला विधायकों की संख्या जितनी अधिक होगी, टीएमसी द्वारा महिलाओं के खिलाफ की गई हिंसा के कृत्यों के उजागर होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी।

# चारधाम यात्रा का आगाज, गंगोत्री व यमुनोत्री के कपाट खुले

## प्रधानमंत्री मोदी के नाम से दोनों धामों में की गई पहली पूजा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने की विशेष पूजा-अर्चना
- सुरक्षित और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए राज्य में किए गए हैं व्यापक प्रबंध: सीएम

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट रविवार को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इसके साथ ही उत्तराखंड की चारधाम यात्रा 2026 का भी शुभारंभ हो गया है। दोनों धामों में प्रधानमंत्री के नाम से पहली पूजा की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार रविवार को मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अभिषेक के साथ 12 बजकर 15 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची। धार्मिक विधि-विधान के साथ 12 बजकर 35 मिनट पर यमुनात्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। गंगोत्री धाम के कपाटोद्घाटन समारोह में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने मां गंगा के मंदिर -शेष पृष्ठ दो पर

### कांग्रेस ने भाजपा मुख्यालय के समीप किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय के समीप जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए और केंद्र सरकार पर महिलाओं के मुद्दे पर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में जयराम रमेश, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, देवेंद्र यादव, अलका लांबा समेत कई सांसद और नेता मौजूद रहे। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने जिस तरह महिलाओं को गुमराह करने की कोशिश की है, उससे उनकी महिला विरोधी मानसिकता साफ झलकती है। उनका असली उद्देश्य महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन लागू करना था। कांग्रेस पार्टी तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक देश में महिला आरक्षण लागू नहीं हो जाता।

# पहलगाम हमले की बरसी से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ी

पहलगाम, वार्ता



- टूरिस्टों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए

**पहलगाम आतंकी** हमले की पहली बरसी से पहले कश्मीर भर के टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे पहलगाम हमले की बरसी पर टूरिस्ट स्पॉट्स के आसपास, किसी भी संभावित आतंकी हमले को लेकर सतर्क रहें। पहलगाम आने वाले टूरिस्टों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

हर सर्विस प्रोवाइडर की जांच-पड़ताल की गई है। उन्हें रजिस्टर्ड किया है। उन्हें यूनीक क्यूआर कोड दिया गया है। इसमें व्यक्ति की निजी जानकारी और दूसरी डिटेल्स हैं। दरअसल, पिछले साल 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने पहलगाम की बायसरन वैली में 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी थी। इनमें 25 टूरिस्ट और एक पोनी राइडर शामिल था। हमले के कारण जम्मू-कश्मीर में टूरिस्ट ने आना बंद कर दिया था। लगभग 50 टूरिस्ट स्पॉट बंद कर दिए गए थे। बाद में सिक्योरिटी ऑडिट के बाद कुछ स्पॉट दोबारा खोले गए। पहलगाम में वेरिफिकेशन के बाद ही टूरिस्ट और वेंडरों को एंट्री दी जा रही है। हर टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। जगह-जगह जवान तैनात हैं, ताकि हर एक मूवमेंट पर नजर रखी जा सके। सीआरपीएफ के जवान लगातार टूरिस्ट स्पॉट्स और आसपास के इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे हैं। पहलगाम में मौसम खराब होने के बावजूद टूरिस्ट पहुंच रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के बाहर से आकर यहां काम करने वाले वेंडरों का भी पुलिस ने पूरा वेरिफिकेशन किया है, ताकि सुरक्षा में कोई कमी न रहे। इसी वजह से उन्हें अलग-अलग क्यूआर कोड दिए गए हैं। इन क्यूआर कोड में व्यक्ति का नाम, पिता का नाम, पूरा पता, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर, काम का क्षेत्र दर्ज होता है। साथ ही यह जानकारी भी होती है कि उसका पुलिस वेरिफिकेशन हुआ है या नहीं। पहलगाम में काम करने वाले सभी लोग जैसे पोनी राइड चलाने वाले, फोटोग्राफर, वेंडर और अन्य को जांच के बाद ही क्यूआर कोड दिए गए हैं।

# मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की तैयारी में विपक्ष

- दोबारा नोटिस देंगे, मार्च में एक बार खारिज हो चुका, अब 200 सांसदों का समर्थन जुटाएंगे

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्ष एक बार फिर कोशिश में जुटा है। सूत्रों के अनुसार, कई विपक्षी दलों के नेता आपस में बातचीत कर रहे हैं। करीब पांच सीनियर लीडर एक नए नोटिस का मसौदा तैयार करने पर काम कर रहे हैं, ताकि हटाने की कार्यवाही शुरू की जा सके। इससे पहले मार्च में विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में नोटिस दिया था।

हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इन नोटिसों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप उन्हें हटाने के लिए आवश्यक उच्च संवैधानिक मानदंडों को पूरा नहीं करते। नए नोटिस में विपक्ष कम से कम 200 सांसदों का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है। इसकी बड़ी वजह हाल ही में लोकसभा में गिरा महिला आरक्षण संशोधन बिल है।

### चुनाव आयोग सोशल मीडिया पर गैर-कानूनी सामग्री पर सख्त

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 2026 में विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के दौरान सोशल मीडिया पर गैर-कानूनी, भ्रामक और एआई जनित सामग्री का उपयोग करने और चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सख्त नियम लागू किए। आयोग ने कहा कि सभी संबंधित पक्षों को मौजूदा कानूनी प्रावधानों, जैसे कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 और के अनुसार सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी से और नैतिक रूप से इस्तेमाल सुनिश्चित करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### दवा कारोबारी ने जुड़वां बेटियों का गला रेता, गिरफ्तार

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में कानपुर के नौबस्ता क्षेत्र में एक व्यक्ति ने रविवार तड़के अपनी जुड़वां बेटियों की गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि किदवईनगर के ब्लाक में स्थित त्रिमूर्ति अपार्टमेंट फेज-2 में आज सुबह शशि रंजन मिश्रा ने अपनी जुड़वां बेटियों रिद्धि (11) और सिद्धि (11) की गला रेत कर हत्या कर दी। हत्या के बाद खुद पिता ने वारदात की सूचना फोन कर पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि प्रात: लगभग 04:30 बजे यूपी-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना नौबस्ता क्षेत्रान्तर्गत त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में एक पिता द्वारा अपनी दो नाबालिग जुड़वा पुत्रियों उम्र करीब (11 वर्ष) की गला काटकर हत्या कर दी गई है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

### सेना ने जम्मू और कश्मीर पुलिस को किया प्रशिक्षित

**जम्मू।** भारतीय सेना के जवानों ने जम्मू में 'टाइगर डिवीजन' की देखरेख में 10 दिवसीय आतंकवाद-रोधी रिफेशर कोर्स में जम्मू और कश्मीर के पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया। गौरतलब है कि इस कोर्स की रूपरेखा भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मिलकर तैयार की थी। इसका उद्देश्य जम्मू और कश्मीर के बदलते सुरक्षा माहौल में तालमेल, समन्वय और प्रक्रियाओं के मानकीकरण को बढ़ाना था। कुल 108 पुलिसकर्मियों ने इस गहन प्रशिक्षण में हिस्सा लिया, जिसका संचालन 'मीरान साहिब ब्रिगेड' ने किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य फोकस जूनियर नेतृत्व क्षमताओं को मजबूत करने पर था।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर इंडी गठबंधन पर बरसे सीएम योगी

# विपक्ष का आचरण लोकतांत्रिक मर्यादा के खिलाफ

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पत्रकार वार्ता में कांग्रेस, सपा, टीएमसी और डीएमके पर सीएम ने बोला हमला, कहा- महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में संसद के हालिया घटनाक्रम को लेकर विपक्ष, खासकर इंडी गठबंधन, पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि संसद में जिस प्रकार का आचरण विपक्षी दलों द्वारा किया गया, वह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भी खिलाफ है।

मुख्यमंत्री ने रविवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभाली थी, तब उन्होंने देश को चार प्रमुख वर्गों-नारी, गरीब, युवा और किसान-के रूप में देखने की बात कही थी। योगी ने कहा कि यही दृष्टिकोण आज भी केंद्र सरकार की नीतियों का आधार है, लेकिन विपक्ष लगातार इन ष्प्रोग्रेसिवष कदमों का विरोध करता रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस विशेष रूप से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर बुलाई गई थी। उन्होंने कहा कि इस कानून के प्रति देश की आधी आबादी में उत्साह है, लेकिन संसद में विपक्ष के व्यवहार को लेकर महिलाओं में भारी आक्रोश भी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, डीएमके और अन्य सहयोगी दलों ने इस महत्वपूर्ण विधेयक को बाधित करने का प्रयास किया। योगी ने कहा कि यदि सभी दल सहमति से इसे पारित करते, तो यह पूरे सदन की उपलब्धि होती। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2023 में पारित इस अधिनियम को लेकर विभिन्न महिला संगठनों ने मांग की थी कि इसे 2034 के बजाय 2029 से लागू किया जाए। इस पर केंद्र सरकार ने संशोधन लाने का निर्णय लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए लोकसभा और विधानसभा की सीटों में वृद्धि की जाएगी, योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर दो. हरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए शाह बानो केस का उल्लेख किया। योगी ने कहा कि जब मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की बात आती है, तो विपक्ष का इतिहास उनके खिलाफ रहा है। वहीं केंद्र सरकार ने तीन तलाक जैसी कुप्रथा पर रोक लगाकर महिलाओं को न्याय दिलाने का काम किया।

### महिला आरक्षण बिल गिरना बीजेपी की बड़ी हार: अखिलेश

**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण बिल पर बीजेपी की सोच को सामंती और विभाजनकारी बताया। उन्होंने इसे ध्यान भटकाने की कोशिश और बीजेपी की बदनीयत की हार करार दिया। अखिलेश ने कहा कि विपक्ष की एकता ने बीजेपी की महिला विरोधी साजिशों को नाकाम कर दिया है और अब विपक्ष ही जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करता है। वह महिला आरक्षण बिल पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधुनिक महिलाओं के साथ इनकी सोच ठीक नहीं है। बीजेपी की राजनीति दरारवादी है। अखिलेश यादव ने कहा कि आज हम एक ऐतिहासिक, लोकतांत्रिक जीत के अवसर पर मिल रहे हैं।

# यूपी भीषण गर्मी की चपेट में सात दिन मौसम शुष्क रहेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लू चलने के आसार पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में गर्मी से जूझना पड़ेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में अगले सात दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि कई जिलों में लू और गर्म रात की स्थिति बनी रह सकती है। मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा जारी दैनिक बुलेटिन के मुताबिक 25 अप्रैल तक बारिश के कोई आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने बताया कि 19 से 23 अप्रैल के बीच दक्षिणी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में दिन के समय कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी भागों में कुछ स्थानों पर गर्म रात की स्थिति भी रह सकती है। 24 और 25 अप्रैल को किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है। प्रदेश में शनिवार को तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। बांदा 44.6 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म जिला रहा। इसके अलावा प्रयागराज में 43.2 डिग्री, झांसी में 43.1 डिग्री, वाराणसी में 43.0 डिग्री, सुल्तानपुर में 42.8 डिग्री, लखनऊ में 41.0 डिग्री और गोरखपुर में 40.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार शुष्क हवाएं, तेज धूप और नमी में कमी के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है। दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

# मोदी का संबोधन आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन

नई दिल्ली, वार्ता

■ भाकपा नेता बिनॉय विश्वम ने लगाया आरोप

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद बिनॉय विश्वम ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के 'गंभीर उल्लंघन' का आरोप लगाया है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस मामले की तुरंत जांच करने की मांग की है।

विश्वम ने 19 अप्रैल को लिखे अपने पत्र में तर्क दिया कि पांच राज्यों में चल रहे चुनावों के बीच राष्ट्र के नाम प्रधानमंत्री का हालिया संबोधन 'राजनीतिक' था। उन्होंने कहा कि इस भाषण में एकतरफा बातें की गईं और जनता की राय को प्रभावित करने की सीधी कोशिश की गई। यह तब किया गया जब देश के पांच राज्यों में चुनावी प्रक्रिया चल जारी है। भाकपा नेता ने जोर देकर कहा कि आचार संहिता लागू होने के दौरान इस तरह का संबोधन, निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाता है। उन्होंने विशेष रूप से दूरदर्शन और संसद टीवी जैसे सरकारी चैनलों पर इस संबोधन के प्रसारण पर चिंता जताई और इसे चुनावी नियमों का उल्लंघन बताया। विश्वम ने पत्र में लिखा, ष्राजनीतिक भाषण के प्रसार के लिए सरकारी संसाधनों और आम लोगों के पैसों से चलने वाले मंचों का उपयोग करना चुनावी मानदंडों का अपमान है। भाकपा नेता ने आयोग को आगाह करते हुए कहा कि अगर इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो इससे संस्था की साख गिर सकती है और निष्पक्ष चुनाव में जनता का भरोसा कम हो सकता है।

# महिला आरक्षण पर पीएम मोदी बहा रहे घड़ियाली आंसू: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ भाजपा नहीं देना चाहती महिलाओं को आरक्षण

कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा हमेशा महिलाओं को आरक्षण देने के खिलाफ रही है और यही वजह है कि इस बार उसने महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन लाने का षड्यंत्र किया, जिसके कारण संसद में पेश संविधान संशोधन विधेयक गिर गया और भाजपा को मुंह की खानी पड़ी।

पार्टी ने कहा कि भाजपा शुरू से ही महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है। यह हमेशा महिला आरक्षण के विरुद्ध रही है और यही कारण था कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी 1990 में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लेकर आए थे, तो भाजपा ने इसका विरोध किया था, जिसके कारण वह विधेयक संसद में पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, इसलिए उन्होंने राष्ट्र के नाम शनिवार को 29 मिनट के संबोधन में 58 बार, यानी लगभग हर 30 सेकंड में कांग्रेस का नाम लिया। इससे साफ है कि श्री मोदी महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन के अपने कथित षड्यंत्र के विफल होने के कारण देश के नाम संबोधन के दौरान घड़ियाली आंसू बहा रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी को संविधान संशोधन विधेयक गिरने पर दुखी होने की बजाय 543 लोकसभा सीटों के आधार पर महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए और कांग्रेस इस व्यवस्था का पूरी तरह समर्थन करेगी। उनका कहना था कि मौजूदा 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं को दे दीजिए और इसमें रोड़ा मत बनिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री पर महिलाओं के प्रति असंवेदनशील रवैया अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि देश में जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, वहां मोदी कुछ नहीं बोलते। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री मोदी ने कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी के लिए 'कांग्रेस की विधवा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर महिलाओं का अपमान किया है।

### मानव तस्करी में लिप्त दो विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में मानव तस्करी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो नाबालिंग लड़कियों और एक नाबालिंग लड़के को बरामद किया है। बरामद बालक को राजकीय बाल सुधार गृह तथा दोनों लड़कियों को बाल संप्रेक्षण नारी गृह भेज दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि 16/17 अप्रैल की रात रेलवे सुरक्षा बल के हेड कांस्टेबल अखिलेश यादव, विमलेश कुमार और कांस्टेबल शैलेश कुमार यादव अवध-असम एक्सप्रेस में एस्कॉर्ट ड्यूटी पर तैनात थे। ट्रेन के बिहार स्थित सिवान जिले के जीरादेई स्टेशन पहुंचने पर जनरल कोच में दो नाबालिग लड़कियां, एक नाबालिंग लड़का और दो वयस्क पुरुष संदिग्ध अवस्था में मिले। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान नाबालिंगों ने बताया कि जाहीर हुसैन उर्फ जाहिद हुसैन उर्फ अयात हुसैन और सद्दाम हुसैन उन्हें शादी एवं मजदूरी के बहाने गुवाहाटी से दिल्ली होते हुए कश्मीर ले जा रहे थे। बच्चों ने यह भी बताया कि वे बांग्लादेश के निवासी हैं और दोनों आरोपी उन्हें सीमा पार कराकर भारत लाए थे। रेलवे सुरक्षा बल ने पांचों को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना, देवरिया के सुपुर्द कर दिया।





सेंसेक्स 77988.68
निफ्टी 24196.25


सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार


चांदी रु. 239685
प्रति किलो



# शेयर बाजार को कंपनियों के तिमाही परिणामों से मिलेगी नई दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों के साथ-साथ कंपनियों के तिमाही परिणामों पर भी रहेगी। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच जारी शांति वार्ता में क्या प्रगति होती है, इस पर काफी कुछ निर्भर करेगा। इसके अलावा घरेलू स्तर पर मार्च में आठ मुख्य उद्योग क्षेत्रों के प्रदर्शन के आंकड़े भी इसी सप्ताह आने वाले हैं।

निवेशकों की नजर एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, ट्रेंट, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणामों पर भी रहेगी। गत सप्ताह बाजार में सोमवार और गुरुवार को गिरावट रही जबकि बुधवार और शुक्रवार को तेजी देखी गई। मंगलवार को अंबेडकर जयंती के मौके पर अवकाश रहा। सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 943.29 अंक (1.22 प्रतिशत) चढ़ा और छह सप्ताह के उच्चतम स्तर 78,493.54 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 302.95 अंक यानी 1.24 फीसदी की साप्ताहिक बढ़त में 24,353.55 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में जबरदस्त लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान 3.42 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 4.31 प्रतिशत उछल गया। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयर चढ़े। अडानी पोर्ट्स में सबसे अधिक 6.64 प्रतिशत की बढ़त रही। इटरनल में 5.14 प्रतिशत, पावरग्रिड में 5.11, टेक महिंद्रा में 4.96, ट्रेंट में 4.78, बीईएल में 4.61, एशियन पेंट्स में 4.41, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 3.97, एनटीपीसी में 3.51 और एलएंडटी में 3.41 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई।

### सीआईआई ने दिया राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि बैंक बनाने का सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने देश में उद्योगों के विकास को गति देने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि बैंक बनाने का सुझाव दिया है। रिपोर्ट में कहा इस बात पर जोर दिया गया है कि निवेश को तेज करने, परियोजनाओं में लगने वाले समय को कम करने और देश को एक प्रतिस्पर्धी वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए औद्योगिक भूमि तक कुशल और पारदर्शी पहुंच अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीआईआई का कहना है कि विनिर्माण, अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स के लिए औद्योगिक भूमि एक बुनियादी संसाधन है। विभिन्न राज्यों में वर्तमान व्यवस्था खंडित प्रक्रियाओं, जटिल विनियमों, अस्पष्ट भूमि शीर्षक, कब्जा मिलने में देरी और आवंटित भूमि के कम उपयोग जैसी समस्याओं से ग्रस्त है।

# चावल, दालों में तेजी, चीनी नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालों में भी तेजी रही। चीनी के भाव टूट गए जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 84 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,843 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई।

गेहूं की कीमत 2,770 रुपये प्रति क्विटंल पर लगभग स्थिर रही। आटा आठ रुपये सस्ता हुआ और 3,270 रुपये प्रति क्विटंल पर आ गया। सप्ताह के दौरान उड़द दाल की औसत कीमत 49 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। चना दाल 23 रुपये और मूंग दाल 22 रुपये मजबूत हुई। मसूर दाल नौ रुपये और तुअर दाल चार रुपये प्रति क्विटंल की साप्ताहिक बढ़त में रही। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 303 रुपये और पाम ऑयल 142 रुपये प्रति क्विटंल सस्ता हुआ। वनस्पति की कीमत 104 रुपये और सोया तेल की 76 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल 38 रुपये और सूरजमुखी तेल 22 रुपये प्रति क्विटंल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 26 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गया। वहीं चीनी भी 20 रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल- दलहन: दाल चना 7689.48 रुपये, मसूर काली 8062.03 रुपये, मूंग दाल 10200.10 रुपये, उड़द दाल 10841.55 रुपये, तुअर दाल 11262.65 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विटंल) गेहूं दड़ा 2769.83 रुपये और चावल 3843.22 रुपये प्रति क्विटंल और आटा (गेहूं) 3269.73 रुपये प्रति क्विटंल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4308.70 रुपये और गुड़ 5024.28 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17921.52 रुपये, मूंगफली तेल 18697.83 रुपये, सूरजमुखी तेल 17530.13 रुपये, सोया तेल 14923.28 रुपये, पाम ऑयल 13389.58 रुपये और वनस्पति 14910.15 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।







## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प हमसे...**

अपनी सैन्य क्षमता को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा कि उनके बलों ने करीब 180 ड्रोन को निष्क्रिय किया और अमेरिकी एफ-35 स्टेल्थ फाइटर जेट को भी निशाना बनाया। उन्होंने इसे कोई एक बार की घटना नहीं बताते हुए कहा कि यह ईरान की तकनीकी और रणनीतिक क्षमता का उदाहरण है।

ईरान की समाचार एजेंसी के अनुसार गालिबाफ ने यह बयान वाशिंगटन के साथ चल रही अप्रत्यक्ष वार्ता की वर्तमान स्थिति पर अधिकारियों को जानकारी देते हुए दिया। गालिबाफ ने कहा कि एफ-35 जैसे आधुनिक फाइटर जेट को निशाना बनाना दिखाता है कि ईरान रक्षा तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनके मुताबिक, यह कार्रवाई कई स्तरों पर योजनाबद्ध थी। हालांकि, ऐसे दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और पहले भी अमेरिका इन दावों को खारिज करता रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में यह जरूर सामने आया था कि एक अमेरिकी एफ-35 को मिशन के दौरान नुकसान पहुंचा और उसे इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी। ईरान ने दावा किया कि उसने अमेरिका और उसके सहयोगियों से जुड़े लगभग 180 ड्रोन को भी मार गिराया। इससे पहले भी ईरान कई बार बड़ी संख्या में ड्रोन इंटरसेप्ट करने की बात कह चुका है। यह बयान ऐसे समय आया है जब क्षेत्र में ड्रोन और एयर ऑपरेशन युद्ध का अहम हिस्सा बन चुके हैं। गालिबाफ ने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत में कुछ मुद्दों पर सहमति बनी है, लेकिन कई बड़े मतभेद अभी भी बाकी हैं। उन्होंने दावा किया कि पश्चिमी देशों का दबाव काम नहीं आया, जिसके बाद अब बातचीत का रास्ता अपनाया जा रहा है। ईरानी स्पीकर ने हालिया युद्धविराम को लेकर कहा कि यह ईरान की रणनीतिक जीत का परिणाम है, जबकि अमेरिका ने इसे अलग नजरिए से स्वीकार किया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपने उद्देश्यों जैसे शासन परिवर्तन या ईरान की सैन्य क्षमता को खत्म करनामें सफल नहीं हो पाया।

**होर्मुज स्ट्रेट...**

सोशल मीडिया पर अलग-अलग दावे किए गए। कुछ लोगों ने इसे ईरान के विदेश मंत्री के लिए बताया, लेकिन ईरानी दूतावास ने इन दावों को खारिज कर दिया। प्रिटोरिया स्थित ईरानी मिशन ने ट्रम्प को इडियट करार दिया है। दूतावास ने दावा किया कि वायरल मैसेज में इस्तेमाल किया गया शब्द ट्रम्प के लिए था, न कि ईरान के किसी अधिकारी के लिए। वायरल ऑडियो में आईआरजीसी नौसेना की ओर से जहाजों को चेतावनी दी गई है कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह ईरान के नियंत्रण में है। समुद्री चैनल 16 पर जारी संदेश में कहा गया कि इस महत्वपूर्ण मार्ग को खोलने का फैसला केवल ईरान के शीर्ष नेतृत्व के आदेश से होगा, किसी बाहरी दबाव से नहीं। इसके साथ ही यह भी कहा गया कि जो जहाज इस मार्ग से गुजरना चाहते हैं, उन्हें ईरानी नौसेना से अनुमति लेनी होगी।

आईआरजीसी ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि कोई जहाज बिना अनुमति स्ट्रेट पार करने की कोशिश करता है, तो उसे निशाना बनाया जा सकता है। खासतौर पर उन जहाजों को लेकर चेतावनी दी गई है, जिनका संबंध ईरान के विरोधी देशों से है। ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ने युद्धविराम की शर्तों का पालन नहीं किया और ईरानी जहाजों व बंदरगाहों पर लगी पाबंदियां नहीं हटाई। इसी के जवाब में होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह बंद करने का फैसला लिया गया है।

**चार धाम यात्रा...**

में शीश नवाया और विशेष पूजा-अर्चना की और देव डोली से आशीष भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पावन अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो चुका है। उत्तराखंड के चारधाम देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं, और इन दिव्य धामों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करने की इच्छा हर श्रद्धालु के हृदय में रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक और सुदृढ़ व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं। साथ ही, यात्रा मार्गों पर सुचारू यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि देवभूमि उत्तराखंड में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को दिव्य धामों का आशीर्वाद प्राप्त होने के साथ-साथ यात्रा का एक सुखद, सुरक्षित और अविस्मरणीय अनुभव मिले। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से ग्रीन और क्लीन चारधाम यात्रा के सफल आयोजन हेतु सहयोग की अपील करते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, विधायक सुरेश चौहान, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, दायित्वधारी प्रताप पंवार, जिलाधिकारी उत्तरकाशी प्रशान्त आर्य, एसपी कमलेश उपाध्याय, एडीएम मुक्ता मिश्रा, मुख्यमंत्री के गढ़वाल कोर्डिनेटर किशोर भट्ट, मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लंबित मामलों को निपटाने के लिए प्रौद्योगिकी को सावधानी से अपनाने का सुझाव


नई दिल्ली, वार्ता

■ राजधानी में आयोजित सम्मेलन में विशेषज्ञों ने रखे विचार

न्यायिक क्षेत्र पर राजधानी में आयोजित एक सम्मेलन में विशेषज्ञों ने भारत में लंबित मामलों के भारी बोझ से निपटने, विधि शिक्षा में सुधार करने और न्याय को अधिक सुलभ एवं किफायती बनाने के लिए मध्यस्थता, तकनीक और सावधानी के साथ कृत्रिम मेधा (एआई) को प्रभावी साधन बताया।

सिल्फ (सोसाइटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स) ने एसएलपी (सोसाइटी ऑफ लीगल प्रोफेशनल्स) के सहयोग से 'लीगल कॉन्क्लेव एंड अवॉर्ड्स 2026' का आयोजन ष्सभी के लिए किफायती और सुलभ-न्याय पर केंद्रित था। न्याय प्रणाली को मजबूत करने के लिए रचनात्मक आलोचना और स्वस्थ बहस की आवश्यकता के महत्व पर मुख्य अतिथि और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि जब प्रणाली की कमियों की ओर ध्यान दिलाया जाता है, तो उसका उद्देश्य सुधार करना होता है, न कि निंदा करना। उन्होंने उभरते मुद्दों पर स्वस्थ बहस को बढ़ावा देने को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने तकनीक को दोधारी तलवार बताते हुए कहा कि इसका उपयोग इसे वरदान या अभिशाप बना सकता है, इसलिए इसे केवल एक सहायक के रूप में देखा जाना चाहिए। लंबित मामलों की समस्या को रेखांकित करते हुए न्यायमूर्ति मनमोहन ने सुझाव दिया कि कानूनी समुदाय को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) प्रणाली, जिसे कभी समाधान माना गया था, अब स्वयं समस्या बन गई है। उन्होंने विशेष रूप से वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता की उल्लेखनीय सफलता का उल्लेख करते हुए इसकी अपार संभावनाओं पर जोर दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि मध्यस्थता और तकनीक न्याय वितरण प्रणाली को बदलने की कुंजी हैं। शर्मा ने कहा कि पारिवारिक न्यायालयों को अदालत नहीं, बल्कि परिवार केंद्र होना चाहिए। अदालतों को अस्पतालों की तरह होना चाहिए।

# चारधाम यात्राः हजारों श्रद्धालु बने गंगोत्री-यमुनोत्री मंदिर के कपाट खुलने के साक्षी



यमुनोत्री धाम में प्रधानमंत्री के नाम हुई पहली पूजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** अक्षय तृतीया के मौके पर उत्तराखंड की चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है। वैदिक मंत्रोचार, धार्मिक अनुष्ठान और जय मां गंग और यमुने के जयकारों के साथ अक्षय तृतीय के पर्व पर गंगोत्री - यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। इस दौरान पहली पसीएम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गंगोत्री धाम पहुंच कर इस दिव्यूजा दोनों धामों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से कि गई है। गंगोत्री के कपाट खुलने के समय हजारों तीर्थयात्री मंदिर में मौजूद रहे। इस दौरान हर-हर गंगे और मां गंगा की जय के जयकारों से पूरा गंगोत्री धाम गूंज उठा। वहीं, तय मुहूर्त पर दोपहर 12.15 पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। इस दौरान धाम में मौजूद भक्तों पर हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा भी की गई।

उधर मां यमुना जी के कपाट दोपहर 12:35 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गये जिससे इस वर्ष की चारधाम यात्रा का औपचारिक शुभारंभ भी हो गया है।

रविवार को सुबह यमुनोत्री यात्रा की शुरुआत के साथ ही धार्मिक आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब खरशाली (खुशिमठ) स्थित शीतकालीन गद्दी स्थल से माँ यमुना की उत्सव डोली, अपने भाई शनिवार की अगुवाई में यमुनोत्री धाम के लिए रवाना हुई।डोली प्रस्थान के दौरान खरशाली एवं आसपास के गांवों में भावुक माहौल देखने को मिला।

ग्रामीणों ने नम आंखों से अपनी आराध्य देवी माँ यमुना को एक बेटी की तरह विदा किया। पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों, मंत्रोच्चार और जयकारों के उद्घोष के साथ उत्सव डोली यात्रा आगे बढ़ी, जिसने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबा. ेर कर दिया।

ठीक 12:35 दोपहर विधिवत रूप से मां यमुना जी की भोग मूर्ती मंदिर के गर्भगृह स्थापित कर मां यमुना के कपाट औपचारिक रूप से खोल दिये है।

इधर मां गंगा की उत्सव डोली तड़के सुबह ही गंगोत्री धाम के कपाट खोलने के लिए भैरव घाटी से प्रस्थान किया।

यमुनोत्री कपाट उद्घाटन के मौके पर इस मौके पर यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल, दर्जाधारी रामसुंदर नौटियाल, ओबीसी आयोग के उपाध्यक्ष श्याम डोभाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण,पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, यमुनोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष एसडीएम बृजेश तिवारी, सचिव सुनील उनियाल, प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल, सीओ चंचल शर्मा, एसएचओ सुभाषचंद्र, एसओ पुरोला दीपक कठैत, मनमोहन उनियाल, रणबीर राणा, चैन सिंह प्यारे लाल गिरीश उनियाल, आशुतोष, अनोज आदि सैकड़ों में श्रद्धालु शामिल रहे।

वहीं गंगोत्री धाम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश विदेश के श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा में आने के लिए आमंत्रित किया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह क्षेत्रीय विधायक सुरेश चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, विजयपाल सिंह सजवाण, किशोर भट्ट, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य, पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमलेश उपाध्याय, एडीएम मुक्ता मिश्रा, एएसपी जनक सिंह पंवार, उपजिलाधिकारी देवानंद शर्मा, शालिनी नेगी, गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल, अरूण सेमवाल, रवीन्द्र सेमवाल, सतेंद्र सेमवाल, राजेश सेमवाल, समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे है।

## सुरक्षित व सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए सरकार कटिबद्धः मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट रविवार को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है।

गंगोत्री धाम के कपाटोद्घाटन समारोह में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने माँ गंगा के मंदिर में शीश नवाया और विशेष पूजा-अर्चना की और देव डोली से आशीष भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पावन अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो चुका है। उत्तराखण्ड के चारधाम देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के



लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं, और इन दिव्य धामों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करने की इच्छा हर श्रद्धालु के हृदय में रहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक और सुदृढ़ व्यवस्थाएँ की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं। साथ ही, यात्रा मार्गों पर सुचारु यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि देवभूमि उत्तराखण्ड में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को दिव्य धामों का आशीर्वाद प्राप्त होने के साथ-साथ यात्रा का एक सुखद, सुरक्षित और अविस्मरणीय अनुभव मिले। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से ग्रीन और क्लीन चारधाम यात्रा के सफल आयोजन हेतु सहयोग की अपील करते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने का आग्रह भी किया।

## शहीदों के सपनों के भारत को कमजोर कर रही भाजपाः कांग्रेस



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस भवन में रविवार को आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ की बैठक में गणेश गोदियाल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, बलिदान और संघर्ष को याद किया। उन्होंने कहा आज देश जिन स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों की बदौलत आजाद है, उसी देश में उनकी विचारधारा और मूल्यों को लगातार कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा आज हम जो खुली हवा में सांस ले रहे हैं, वह हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का परिणाम है, लेकिन दुर्भाग्य है कि वर्तमान सरकार शहीदों के सपनों के भारत को कमजोर करने में लगी हुई है।

गोदियाल ने कहा कांग्रेस हमेशा से स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों पर चलती आई है, जबकि आज सत्ता में बैठे लोग इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। देश की मूल भावना को आघात पहुंचा रहे हैं।

उन्होंने आह्वान किया कि वे शहीदों के बताए मार्ग पर चलते हुए अत्याचार के खिलाफ मुखर आवाज उठाएं, साथ ही देश और प्रदेश को सही दिशा देने के लिए संघर्ष तेज करें। बैठक में संगठन को मजबूत करने, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों के सम्मान की रक्षा करने और उनके अधिकारों के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया गया। प्रकोष्ठ के महामंत्री अवधेश पन्त ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष से आग्रह किया कि 2027 में होने वाले चुनाव के घोषणा पत्र में कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को प्रमुख स्थान देते हुए उनकी जायज मांगों को पूरी करने का भरोसा दिलाएं।

# महिला आरक्षण बिल का विरोध नारी शक्ति का अपमानः सीएम

## मुख्यमंत्री धामी ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में की प्रेस वार्ता, कांग्रेस व विपक्षी दलों पर लगाए आरोप

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के खिलाफ विपक्ष की वोटिंग को देश की आधी आबादी के खिलाफ अन्याय बताया है। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास और मंशा हमेशा महिला विरोधी रही है। जो उन्होंने इंडी गठबंधन के साथ मिलकर संसद में किया, उसका जवाब देश जनता वोट के अधिकार से देगी। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल का विरोध नारी शक्ति का अपमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं का सम्मान राजनीति से ऊपर का विषय है। इसलिए इस बिल का विरोध महिलाओं की उम्मीदों के साथ अन्याय है।

पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि महिला अधिकारों की लड़ाई में बाधा को जीत बताना, विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिस तरह मातृ



- सीएम ने महिला आरक्षण बिल के पास न होने को दुर्भाग्य पूर्ण बताया
- महिला अधिकारों की लड़ाई में बाधा को जीत बताना महिला विरोधी मानसिकता
- महिला आरक्षण का विकल्प रहित संकल्प, भाजपा करेगी साकार

शक्ति के सामर्थ्य से यह दशक उत्तराखंड का बन रहा है, ठीक ऐसे ही महिला अधिकार के इस विकल्परहित संकल्प को भाजपा अवश्य साकार करके रहेगी।

सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुसार, संसद में ष्यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताःष के भारतीय दर्शन को आत्मसात करते हुए, संसद- विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को मंजूरी प्रदान करने लिए तीन बिल प्रस्तुत किए गए थे। लेकिन कांग्रेस और पूरा विपक्ष माताओं बहनों के हक को देने में सबसे बड़ी बाधा बने। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र पर चलते हुए, आधी आबादी को उनका पूरा हक प्रदान करने का प्रयास किया ताकि मातृशक्ति विकसित भारत के निर्माण में अपनी पूरी क्षमता से योगदान दे सके।

उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह विधेयक के सदन में गिरने पर कांग्रेस समेत विपक्ष द्वारा जश्न मनाया गया, वह बेहद शर्मनाक था। नारी अधिकारियों की लड़ाई में बाधा उत्पन कर, उसे जीत दर्शाने से विपक्ष की महिला विरोधी मानसि. कता उजागर हुई है।

उन्होंने कहा कि 16 और 17 अप्रैल को संसद में हुई चर्चा केवल कुछ विधेयकों तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह देश की आधी आबादी को नीति-निर्माण में समान भागीदारी देने का एक महत्वपूर्ण अवसर था।

यह अवसर हमारी माताओं, बहनों और बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हो सकता था। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस, समा. जवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके ने इस ऐतिहासिक अवसर का भी विरोध किया।इस दौरान पत्रकार वार्ता में पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट, देहरादून कैंट विधायक सविता कपूर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती स्वराज विद्वान, दायित्वधारी मधु भट्ट, श्रीमती विनोद उनियाल, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन, हनी पाठक, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री हिमानी वैष्णवी, प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा लक्ष्मी अग्रवाल, महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी डॉ दिव्या नेगी उपस्थित रही।

### विपक्ष ने दी राजनीतिक स्वार्थ को प्राथमिकता

सीएम ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने सकारात्मक भूमिका निभाने के बजाय राजनीतिक स्वार्थ को प्राथमिकता दी और देशहित से ऊपर दलगत सोच को रखा। इन दलों का विरोध केवल संसदीय प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे यह स्पष्ट संकेत गया कि महिलाओं के अधिकारों के प्रश्न पर भी वे गंभीर नहीं हैं। 18 अप्रैल को संविधान का 131वां संशोधन विधेयक का पारित न हो पाना इसी नकारात्मक और बाधक राजनीति का परिणाम है।

### महिलाओं को नीति-निर्माण की मुख्यधारा में लाना जरूरी

सीएम ने स्पष्ट किया कि पार्टी का सुसंगत दृष्टिकोण रहा है कि महिलाओं को नीति-निर्माण की मुख्यधारा में लाना आवश्यक है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से दशकों से लंबित मांग को पूरा कर यह सिद्ध किया गया कि महिलाओं को अधिकार देना उनका संवैधानिक अधिकार है। 131वां संशोधन विधेयक का उद्देश्य भी अत्यंत स्पष्ट था कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ यथाशीघ्र सुनिश्चित करना है। विशेष रूप से इसे 2029 के आम चुनावों से लागू करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण और समयबद्ध पहल थी। इस विधेयक के माध्यम से जनगणना और परिसीमन के कारण होने वाली संभावित देरी को समाप्त करने का प्रयास किया गया।

# मातृशक्ति ने कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों का पुतला दहन कर जताया आक्रोश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैकड़ों महिलाओं ने कांग्रेस एवं उनके सहयोगी दलों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध को लेकर रविवार के हाथीबड़कला में

महिला पद यात्रा निकाली। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही, जिन्होंने एकजुट होकर महिला सम्मान और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। पदयात्रा के दौरान महिलाओं ने विरोध स्वरूप नारेबा. जी करते हुए कांग्रेस एवं उनके सहयोगी दलों का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश के



कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि देश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक निर्णय लिए जा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दल हमेशा से महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर दोहरी राजनीति करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब महिलाओं को अधिकार देने का अवसर आया, तब-तब विपक्ष ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते अवरोध खड़े किए।

- हाथीबड़कला में सैकड़ों महिलाओं ने कांग्रेस एवं उनके सहयोगी दलों के नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध को लेकर निकाली आक्रोश रैली

उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश की मातृ शक्ति जागरूक है और महिला विरोधी मानसिकता रखने वाले दलों को जवाब देने के लिए सड़कों पर उतर रही है।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष सुनीता डंडरियाल, पार्षद नन्दनी शर्मा, पार्षद अल्पना राणा, मण्डल महामंत्री भावना चौधरी, किरन, महानगर उपाध्यक्ष संध्या थापा, निर्मला थापा, डा बबीता सहौत्रा, निशा शर्मा, वंदना बिष्ट, लीला शर्मा, सपला मल्ल, उमा, सुबोधनी जुयाल, भारती जवाड़ी, मंजू शर्मा, मीनाक्षी भट्ट, अल्का कुल्हान, मंजू सुशबू, सुजाता पाण्डे, मीना चमोली, मीना पंवार, माया राणा, ज्योति, भावना बिष्ट, मीना चमोली सैकड़ों महिलाऐं उपस्थित रही।

### नारी सम्मान के खिलाफ खड़े होने वालों को देश की महिलाएं कभी माफ नहीं करेंगीः जोशी

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपनी नकारात्मक और संकीर्ण सोच को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का महिलाओं के प्रति दो. हरा रवैया अब देश के सामने पूरी तरह स्पष्ट हो चुका है और पूर्व में भी यह दल महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने में बाधा बनता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आज देश की माताएं, बहनें और बेटियां जागरूक हैं और अपने सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान के खिलाफ खड़े होने वालों को देश की महिलाएं कभी माफ नहीं करेंगी और समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब अवश्य देंगी।

## उत्तराखंड में पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन में मातृ शक्ति का अतुलनीय योगदानः सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण सहित यहाँ के पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन में मातृ शक्ति का योगदान अतुलनीय है। पूरे तन्त्र को चलाने में वो धुरी की तरह हैं।

उन्होंने कहा कि अगर नारी शक्ति वंदन अधिनियम संविधान संशोधन विधेयक पारित हो जाता तो मातृ शक्ति को राजनीतिक रूप से सशक्त और नीति निर्माण में उनकी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित होती। ऐसे समय में उनके संवैधानिक अधिकारों को टालना केवल विधायी देरी नहीं, बल्कि सामाजिक प्रगति में बाधा उत्पन्न करना है। यह देश की आधी आबादी के साथ अन्याय के समान है और इसका व्यापक प्रभाव लोकतांत्रिक ढांचे पर पड़ता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के सशक्तिकरण और संतुलित प्रतिनिधित्व के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। यह विषय किसी एक दल का नहीं, बल्कि देश के भविष्य, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मजबूती से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रद. ेश में मातृशक्ति के कल्याण को अनेक योजनाएं चल रही हैं।

# सलाखों के पीछे बेगुनाहः 'आदमखोर' के ठप्पे के साथ एक साल कैद रहे 12 तेंदुए निकले बेकसूर

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड में मानव-वन्यजीव संघर्ष का एक चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से श्आदमखोरश घोषित कर पकड़े गए 12 तेंदुए विभागीय और फोरेंसिक जांच में पूरी तरह बेगुनाह साबित हुए हैं। वन विभाग ने इन तेंदुओं को दोषमुक्त कर वापस उनके प्राकृतिक आवास यानी जंगलों में रिहा कर दिया है।

यह मामला तब शुरू हुआ जब राज्य में बढ़ती तेंदुओं की दहशत के बीच वन विभाग ने एहतियातन इन्हें पिंजरों में कैद किया था। मानकों के अनुसार, इन्हें श्आदमखोरश मानकर अल्मोड़ा के एनटीडी रेस्क्यू सेंटर भेजा गया। एक वर्ष की लंबी कानूनी और वैज्ञानिक प्रक्रिया के बाद, लैब की रिपोर्ट ने इन 12 तेंदुओं को क्लीन चिट दे दी। उनके डीएनए नमूनों का मिलान किसी भी हमले की घटना से नहीं हुआ।

**व्यवस्था पर उठे सवालः** इन तेंदुओं ने बिना किसी अपराध के एक वर्ष सलाखों के पीछे बिताया। वन विभाग के एक अधिकारी ने इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, ष्मनुष्यों के पास कानूनी सहायता का अधिकार है, लेकिन इन बेजुबानों के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है।

इनका भाग्य पूरी तरह से कागजी सबूतों पर निर्भर करता है, जो तय करता है कि ये आजाद रहेंगे या उम्रकैद काटेंगे। अभी भी दो तेंदुए रेस्क्यू सेंटर में अपनी रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जो काली कुमाऊं और लोहाघाट से पकड़े गए थे। फिलहाल, मृग विहार रेस्क्यू सेंटर के रेंजर किशोर गोस्वामी ने पुष्टि की है कि रिपोर्ट आने तक इन्हें कैद में ही रहना होगा।

**संघर्ष का गहराता संकटः** तेंदुओं की रिहाई के बावजूद, उत्तराखंड में मानव-वन्यजीव संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। वर्ष 2000 से अब तक राज्य में 400 से अधिक लोगों की जान तेंदुए के हमलों में जा चुकी है। 2024 की गणना के अनुसार, भारत में तेंदुओं की संख्या 13,874 है, जिसमें उत्तराखंड की हिस्सेदारी 1,103 तेंद. ुओं की है। घटते प्राकृतिक आवास के कारण तेंदुए लगातार रिहायशी इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं, जो इस संकट का मुख्य कारण है।

### घायल मादा तेंदुए का रेस्क्यू



इसी बीच, संघर्ष की एक अन्य घटना में बागेश्वर रेंज के रवाईखाल बिझौरीझाल में एक घायल मादा तेंदुए का सफल रेस्क्यू किया गया। ग्रामीणों की सूचना पर रेंजर केवलानंद पांडे के नेतृत्व में पहुंची टीम ने सावधानीपूर्वक उसे ट्रेंक्यूलाइज किया। फिलहाल, वन विभाग के केंद्र में उसका उपचार चल रहा है और पूरी तरह स्वस्थ होने पर उसे वापस जंगल में छोड़ा जाएगा।

## सिटीजन फोरम ने सफाई व्यवस्था के लिए लॉन्च किया एप

**देहरादून।** सिटीजन फोरम के संरक्षक अनूप नौटियाल और जगन मोहन मेहंदीरत्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि मेयर दून सफाई व्यवस्था की कोई सुध नहीं ले रहे हैं। कूड़ा रहित दून बनाने के लिए देहरादून प्रेस क्लब में नागरिक केंद्रित मोबा. इल एप्लीकेशन सफाई मित्र लॉन्च किया गया। फोरम के सदस्यों ने देहरादून नगर निगम के दावों और जमीनी हकीकत के बीच बड़े अंतर पर कड़ी नाराजगी जताई।

'न जलाओ, न छिपाओ, न बहाओ' स्लोगन के साथ दून को पूरी तरह से कूड़ा रहित बनाने के लिए अनूप नौटियाल और जगनमो. हन मेंहदीरत्ता ने कहा कि, दो साल पहले सिटीजन फोरम ने वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर ही अपना मिशन शुरू किया गया था. लेकिन व्यवस्था पर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जो कि बहुत बड़ा दुर्भाग्य है. मेयर सिर्फ उद्घाटनों को करने में ही में व्यस्त हैं।

# धामों की स्वच्छता का यात्री रखें ध्यानः महाराज

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई व ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि

अक्षय तृतीया के दिन सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत हुई थी। आज अभिजीत मुहूर्त, कृतिका नक्षत्र और आयुष्मान योग का शुभ संयोग भी है। इस तिथि पर मंदिरों के कपाट खुलना सबसे पुण्यदायी माना जाता है।

महाराज ने कहा कि मां गंगा की डोली शीतकालीन प्रवास स्थल भैरव घाटी से गंगोत्री पहुंचने के बाद श्री गंगोत्री धाम और मां यमुना की डोली खरसाली से यमुनोत्री पहुंचने पर श्री यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही आज से उत्तराखंड की सुप्रसिद्ध चारधाम यात्रा का भी विधिवत शुभारंभ हो गया है। जिसके साक्षी मुख्यमंत्री

- गंगोत्री-यमनोत्री धाम के कपाट खुलने पर दी शुभकामनाएं
- पर्यटन मंत्री ने कहा कि धामों में शराब व मांसाहार पूरी तरह प्रतिबंधित



पुष्कर सिंह धामी सहित हजारों श्रद्धालु बने हैं। उन्होंने बताया यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सरकार ने रजिस्ट्रेशन, हेल्थ चेकअप और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

महाराज ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में चारधाम यात्रा में आने का अनुरोध करते हुए यात्रा के दौरान अपना क्यूआर कोड वाला रजिस्ट्रेशन पास एवं आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लाने और समय-समय पर यात्रा के दौरान जारी होने वाली एसओपी का पालन करने को कहा है। उन्होंने कहा कि 50 साल से ऊपर या बीमार लोगों को यात्रा के समय अपना हेल्थ चेकअप सर्टिफिकेट अवश्य साथ रखेंने, यात्रा से पहले बीपी, शुगर और हार्ट के मरीजों को हेल्थ चेकअप का सुझाव दिया है। यात्रियों को हिदायत देते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि धामों में शराब, मांसाहार पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस बात का अवश्य ध्यान रखें और धामों को प्रदूषित न करें साथ ही यात्रा के दौरान प्लास्टिक एवं अन्य कचरा नियत स्थान पर ही डालें। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में मौसम कभी भी बदल जाता है इसलिए यात्री रेनकोट/छाता अपने साथ रखें और आपातकाल के लिए अपने पास आपदा कंट्रोल रूम पुलिस हेल्पलाइन नंबर अपने साथ रखें।

# प्राचीन नौले की मरम्मत का काम पूरा

## भीषण गर्मी से पहले पेयजल सुचारू होने पर ग्रामीणों में हर्ष की लहर

शाह टाइम्स संवाददाता

**सोमेश्वर।** आखिरकार अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त ग्राम सूपाकोट के लक्ष्मीपुर स्थित प्राचीन नौले की मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है। 71 हजार की लागत से इस कार्य के दो वर्ष में पूर्ण होने पर ग्रामीणों ने नौले में वरुण देवता की पूजा अर्चना की। गर्मियों में होने वाली पानी की किल्लत को देखते हुए नौले से पीने के पानी की सुचारू व्यवस्था होने पर मुहल्लेवासियों ने खुशी व्यक्त की। गौरतलब है कि 8 मई 2024 को अतिवृष्टि के कारण लक्ष्मीपुर स्थित प्राचीन नौला गधेरे के मलुए से पूरी तरह जमींदोज हो गया था। इसकी मरम्मत के लिए सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कई बार आन्दोलन किया और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से दो बार लिखित



समझौता भी हुआ। प्रशासन की उपेक्षा के चलते गत वर्ष ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग और श्रमदान से नौले के मलुए को हटाकर पीने के पानी को सुचारू किया गया था लेकिन इधर 7-8 माह से मरम्मत कार्य के चलते पीने के पानी की आपूर्ति बाधित थी। पूजा अर्चना के साथ नौले का औपचारिक उदघाटन करते हुए पूर्व सैनिक जुगल किशोर पाण्डे ने कहा कि रमेश चन्द्र पाण्डे के कुशल नेतृत्व में किये गये संघर्ष के फलस्वरूप ही आज यह प्राचीन नौला पुनर्जीवित हुआ है। उन्होंने विकास कार्यों के लिए सभी से एकजुट रहने का आह्वान किया। रमेश चन्द्र पाण्डे ने कहा कि नौले की 'सीर' के अविरल प्रवाह से हमारे पूर्वजों की यादें जुड़ी हैं जिसे बनाए रखने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारी गौरव पाण्डे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वित्त की मद से हुए मरम्मत कार्य में 1,769 की रायल्टी सहित कुल 71,556 व्यय हुआ। उन्होंने नौले की खूबी बताते हुए कहा कि नौले का पानी जाड़ों में गुनगुना और गर्मियों में ठण्डा रहता है। कहा कि इस जलस्रोत को रिचार्ज करने के लिए नौले के चारों ओर वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बरसात में गधेरे के प्रवाह से नौले और आसपास के घरों की सुरक्षा हेतु मनरेगा से बनी सुरक्षा दिवार का लगभग दस फीसदी कार्य श्रमिकों के अभाव में पूर्ण नहीं हो सका है। इस शेष कार्य को पूरा करवाने हेतु शीघ्र ही एक शिष्टमण्डल डीएम से मिलेगा। इस अवसर पर धीरज पाण्डे, मोहित पाठक, पायल पाठक एवं मोहित पाण्डे ने जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिहाज से नौले मे तत्काल सोलर लाइट लगाए जाने की मांग की।

# मारपीट व धमकी देने के तीन अभियुक्त बरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** मारपीट करने और धमकी देने के तीन अभियुक्तों को कोर्ट ने बरी कर दिया है। मौहल्ला कटोराताल, काशीपुर निवासी अजय कुमार अरोरा पुत्र पंजूराम, जो कि अधिवक्ता भी हैं, के द्वारा 14 अगस्त 2016 को थाना काशीपुर में मुकदमा दर्ज कराकर कहा गया कि अनवर हुसैन ने उनसे दो लाख रूपये उधार लिये थे, जो वापस नहीं कर रहे हैं। 14 अगस्त 2016 को सुबह 10 बजे जब अजय कुमार अरोरा मोटेश्वर मन्दिर से अपने घर आ रहे थे, तभी रास्ते में माता मन्दिर रोड पर दिव्य धाम के पास अनवर हुसैन, अजहर व दिलशाद, निवासी मौहल्ला खालसा, काशीपुर ने उनके साथ बुरी तरह मारपीट व गालीगलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में न्यायालय में मुकदमा चला और न्यायालय प्रथम अपर सिविल जज (जू.डि.)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट, काशीपुर के यहां सुनवाई हुई और पांच गवाह आये, जिन्होंने गवाही दी, परन्तु मौके के न तो कोई सीसीटीवी फुटेज लिये गये और न ही कोई मेडिकल हुआ, बल्कि रिपोर्ट चार घंटे की देरी से दर्ज करायी गयी, जिसके उपरान्त अभियुक्त अनवर आदि की ओर से उनके अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल ने बहस कर कहा कि मामला लेन देन का है और लेन देन के मामले को बेवजह फौजदारी का बनाया गया है। पीड़ित घटना के बाद थाने नहीं गये, बल्कि घर चले गये, और कोई चोट नहीं आयी, जबकि घनी आबादी वाला क्षेत्र है। अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल की बहस व तर्कों से संतुष्ट होकर न्यायालय प्रथम अपर सिविल जज (जूडि)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट, काशीपुर ने अभियुक्त अनवर हुसैन, अजहर, दिलशाद को बरी कर दिया।

## एक नजर

### पनियाली क्षेत्र के समीप जंगल में लगी आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** पनियाली क्षेत्र के समीप सड़क के ऊपर जंगल में शनिवार रात को अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन रानीखेत की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का आकलन कर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मिली जानकारी के अनुसार अग्निशमन कर्मियों ने होज रील के माध्यम से पंपिंग कर आग पर काबू पाने के प्रयास तेज किए। टीम के त्वरित और समन्वित प्रयासों से आग को समय रहते पूरी तरह बुझा दिया गया। इस दौरान आसपास के वन क्षेत्र और संभावित संपत्ति को बड़े नुकसान से बचा लिया गया। स्थानीय लोगों ने फायर सर्विस की तत्परता की सराहना की।

### ई-रिक्शा-कैंटर में टक्कर में रिक्शा चालक गंभीर

**काशीपुर।** सरवरखेड़ा क्षेत्र में आज हुए सड़क हादसे में ई-रिक्शा व कैंटर की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार, जाकिर पुत्र जफरा निवासी सरवरखेड़ा ई-रिक्शा से ठाकुरद्वारा की ओर जा रहा था। जैसे ही वह सूर्य रोशनी के सामने पहुंचा, तभी कैंटर चालक ने अचानक वाहन मोड़ दिया, जिससे सामने से आ रही ई-रिक्शा कैंटर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और चालक जाकिर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही सूर्या चौकी प्रभारी गणेश दत्त भट्ट व उपनिरीक्षक रवीश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को वाहन से बाहर निकालकर अपने निजी वाहन से सरवरखेड़ा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेते हुए कैंटर चालक को हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच जारी है।

### हवन-पूजन कर मनाई महर्षि परशुराम जयंती

**काशीपुर।** महर्षि परशुराम जयंती पर अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा काशीपुर द्वारा यहां गौतम नगर स्थित एक मंडप में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। हवन-पूजन पं. रमेश भट्ट द्वारा संपन्न कराया गया। तत्पश्चात ब्राह्मण बंधुओं ने भगवान परशुराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए भगवान परशुराम को नमन कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। भगवान परशुराम ने हमेशा समाज कल्याण का बीड़ा उठाया। वे भगवान शिव के अनन्य भक्त और ब्राह्मण कुल में जन्मे परम योद्धा थे, जिन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध सदा शस्त्र उठाया। इस दौरान शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, उमेश जोशी, दीपिका गुड़िया आत्रेय, लता शर्मा, शिवम शर्मा, संदीप चतुर्वेदी, मोहन चंद्र पपने, प्रदीप जोशी, विमल गुड़िया, पंकज पंत, भास्कर त्यागी एडवोकेट, हौसला मिश्रा, रजनीश शर्मा, यथार्थ आत्रेय समेत अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा काशीपुर महानगर के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं समस्त ब्राह्मण बंधुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हुए भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद एवं प्रसाद ग्रहण किया।

### बाबा के दर्शन को भक्तों का लगा रहा तांता

**अल्मोड़ा।** अक्षय तृतीया पर रविवार को प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बाबा के दर्शन को भक्तों का तांता लगा रहा। दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में यूपी, दिल्ली, हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के हर रोज औसतन दो-ढाई हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रविवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर मंदिर में दर्शन को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वहीं, प्रशासन की ओर से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की गई। इसके साथ ही पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। इधर, रविवार को भीड़ के चलते कई बार जाम की स्थिति बनी रही। उधर, पार्किंग भी श्रद्धालुओं के वाहनों से फूल रहा। लोगों को वाहन पार्किंग को लेकर दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### कैडर फंड समेत अन्य समस्याओं पर चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** साधन समिति सचिव परिषद की रविवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के साथ ही सचिवों को ग्रेड-1 में पदोन्नति करवाए जाने की मांग उठाई। हवालबाग में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कार्मिकों को भविष्य निधि पर दिए जा रहे कम ब्याज, जिला सहकारी बैंक के द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कैडर फंड जमा न किये जाने और समितियों के कंप्यूटरीकरण में आ रही परेशानियों पर सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। साथ ही सचिवों को ग्रेड-1 में पदोन्नति करवाए जाने, प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत सचिवों को नियमित करने आदि मांगों को रखा गया। चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो समस्त कार्मिक आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां बैठक में परिषद के अध्यक्ष उमेश चन्द्र जोशी, महामंत्री चन्द्र कांत उप्रेती, योगेश पंत, बृज मोहन जोशी, प्रकाश चन्द्र नैनवाल, राधा बौड़ाई, शोभन सिंह, योगेश पंत, रमेश चन्द्र, दीप चन्द्र, शंकर सिंह, लक्ष्मण सिंह, भगवत सिंह, कैलाश सिंह, प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# नेशनल पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिला ताइक्वांडो एवं पैरा ताइक्वांडो एसोसिएशन बागेश्वर के तत्वाधान में नेशनल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड, सिल्वर और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी विपिन जोशी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपना आत्मविश्वास बनाए रखें और अपने लक्ष्य स्वयं निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि दूसरों के लक्ष्य को खुद पर न थोपें, बल्कि अपने लक्ष्य तय कर उन्हें हासिल करने के लिए मेहनत करें, तभी सच्चे विजेता बन सकते हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने बताया कि संस्था के छात्र-छात्राएं लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट खेल जारी रखने की उम्मीद है। कार्यक्रम में कुल 12 पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इनमें प्रशस्ति टम्टा, प्रांजल बिष्ट, आराध्या उपाध्याय, मनस्वी वर्मा, हितांश उपाध्याय, प्रियांशी पुरोहित, आदित्य खर्कवाल, प्रियांशु कार्की, कार्तिक टम्टा, अनमोल आगरी, दिया जोशी और सौरभ बिष्ट शामिल रहे। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव किशोर कुमार, सह सचिव जगदीश उपाध्याय, योगेश कांडपाल, सुरेश गढ़िया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया धूमधाम से मनाई गई

**बागेश्वर।** मंडलसेरा बाइपास स्थित राम मंदिर में रविवार को परशुराम समिति के तत्वावधान में परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से हवन-यज्ञ कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। आयोजन स्थल पर पूरे समय भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखाई दिए। इस मौके पर कवि जोशी, विजय परिहार, अंकुर उपाध्याय, दर्शन जोशी, विनोद थापा, रूद्रा पांडे सहित संस्कार भारती के सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा मिलता है।

# गोविंद पिलखवाल ने सुनी समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** प्रदेश सरकार में दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलखवाल ने रविवार को ग्राम पंचायत चौसली, खूंट, धामस, ज्यूड कफून गांव का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। मौके पर सक्षम अधिकारियों से वार्ता कर ग्रामीणों को समाधान का आश्वासन दिया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पानी की समस्या से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, सड़क निर्माण नहीं होने से लोगों को आवागमन से भी परेशानियां उठानी पड़ रही है। जिस पर दर्जा मंत्री ने मौके पर अधिकारियों से वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य है कि



केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जो जनहितकारी योजनाएं हैं उसका लाभ लेने से कोई भी वंचित न रहे। कहा कि प्रदेश की धामी सरकार हर व्यक्ति तक पहुंच लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दे रही है। इस मौके पर यहां मंडल अध्यक्ष हवाल. बाग संजय बिष्ट, इंदर सिंह लटवाल, उमेश सिंह लटवाल, हयात सिंह लटवाल, मनोहर सिंह, गोपाल सिंह बिष्ट, धरम सिंह, दीवान सिंह बिष्ट, जगत सिंह लटवाल, राजेंद्र सिंह लटवाल, अमर सिंह लटवाल, पान सिंह, पार्षद अर्जुन बिष्ट, अमित साह मोनू, कृष्ण बहादुर, रमेश धपोला, मनीष बिष्ट, सुंदर मटियानी, कुंदन बिष्ट, आनंद डगवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में रविवार को राम मूर्ति स्मारक अस्पताल, बरेली के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 255 मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांच की गई। शिविर के दौरान मरीजों की ईको जांच की गई, वहीं न्यूरो विशेषज्ञों ने परामर्श देकर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया। इसके अलावा पेट और लिवर संबंधी बीमा. रियों की भी जांच कर आवश्यक चिकित्सीय सलाह प्रदान की गई। इस अवसर पर डा. निर्मल्या साहा, डा. नितिन अग्रवाल और डा. दिपेश अग्रवाल सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। शिविर के सफल संच. ालन में प्रबंधन टीम से ऋषभ ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। शिविर का लाभ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उठाया।

# शिक्षा स्वयंसेवकों का विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** जिले के विद्यालयों में शिक्षा स्वयं सेवकों की नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शिक्षा स्वयं सेवकों ने दोहरा मापदंड का आरोप लगाते हुए परीक्षा का बहिष्कार कर जमकर प्रदर्शन किया। यहां परीक्षा को लेकर जिले के सल्ट, दन्या, भिकियासैंण समेत तमाम विकासखंडों से स्वयं सेवक पहुंचे थे। दरअसल, माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी पूरी हो सके इसके लिए प्रशासन की ओर से पायलट प्रोजेक्ट के तहत बीते साल 157 शिक्षा स्वयं सेवकों को नियुक्ति दी गई थी। इसका पूरा खर्च खनन न्यास निधि से उठाया जाना था। इस सत्र के शुरू होने से पूर्व प्रशासन ने प्रोजेक्ट को बंद कर दिया। स्वयं सेवकों ने डीएम अंशुल सिंह को अपनी



समस्याएं बताई। इस पर डीएम ने व्यवस्था के आधार पर तैनाती देने के आदेश जारी किए। इस पर शिक्षा विभाग ने 99 स्वयं सेवकों को तैनाती दे दी। शेष 58 स्वयं सेवकों की भर्ती के लिए परीक्षा कार्यक्रम तय किया। रविवार को डायट में डेढ़ घंटे की परीक्षा होनी थी। लेकिन दूर दराज से आए स्वयं सेवकों ने हंगामा शुरू कर दिया और परीक्षा देने से इनकार कर दिया। स्वयं सेवकों ने कहा कि सभी 157 शिक्षकों को सीधे नियुक्ति दी जाती। या सभी के लिए परीक्षा की बाध्यता रखी जाती। 99 को सीधी नियुक्ति दी गई और 58 के लिए परीक्षा करवाना दोहरा मापदण्ड अपनाने गया। यहां पूजा, दीपा, मनीषा, रिया, करिश्मा, गीता, हरीश, सीमा, गायत्री, पल्लवी, प्रभार, तारी, नरेंद्र आदि रहे।

## घरेलू गैस की आपूर्ति सुचारू: पांडे

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिला पूर्ति अधिकारी जीबी पांडे ने जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों के वितरण के संबंध में जानकारी साझा की है। जिला पूर्ति कार्यालय द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार रविवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ताओं हेतु कुल 579 गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की गई। इण्डेन गैस सर्विस, बागेश्वर द्वारा पलसौं, छातीखेत, दोफाड़ एवं विलौना जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में 234 सिलेंडर वितरित किए गए। इण्डेन गैस सर्विस, कपकोट द्वारा कर्मी, गोदियाधार, शरण, चीराबगड़ एवं परमेटी क्षेत्रों में 170 सिलेंडर भेजे गए। इण्डेन गैस सर्विस, काण्डा द्वारा काण्डा बाजार, पंगचौरा एवं भनकोट क्षेत्रों में 100 सिलेंडरों का वितरण किया गया। शुभम गैस एजेंसी, गरुड़ द्वारा बिमौला, पचना, भगरतोला, सिलंगतोली, कफलढुंगा एवं देवनाई क्षेत्रों में 75 सिलेंडरों की आपूर्ति की गई। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में घरेलू गैस की आपूर्ति पूर्णत: सुचारू रूप से संचालित हो रही है तथा किसी भी क्षेत्र में गैस की कमी नहीं है।

## सुबह भूकंप के दो झटके, कोई नुकसान नहीं

**बागेश्वर।** जनपद में रविवार सुबह भूकंप के दो झटके महसूस किए गए, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल के अनुसार पहला झटका सुबह 10.32.33 बजे महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 मापी गई। इसका केंद्र बागेश्वर क्षेत्र में 30. 088 उत्तर अक्षांश और 79.902 पूर्व देशांतर पर स्थित था, जबकि इसकी गहराई 5 किलोमीटर दर्ज की गई। इसके बाद दूसरा झटका सुबह 10.46. 59 बजे महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 2.6 रही।

# वन एवं पर्यावरण मुद्दों की समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जनपद बागेश्वर में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर विद्या भूषण कुमार के दौरे के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वनाग्नि नियंत्रण, मानव-वन्यजीव संघर्ष और जल स्रोत संरक्षण से जुड़े प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे और प्रभागीय वना. धिकारी आदित्य रत्ना ने जनपद में वनों की स्थिति, वनाग्नि की घटनाओं और नियंत्रण उपायों पर प्रस्तुति दी। बताया गया कि चीड़ (पिरूल) संग्रहण और उसके विपणन को बढ़ावा देकर स्थानीय आजीविका मजबूत की जा रही है। वन विभाग द्वारा जनजागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, प्रशिक्षण और सामुदायिक



सहभागिता पर जोर दिया जा रहा है। वहीं हंस फाउंडेशन के पिरूल संग्रहण और प्रशिक्षण कार्यों की सराहना की गई। अपने संबोधन में विद्या भूषण कुमार ने वनाग्नि की पुन. रावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने और अग्निशमन कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान और पारंपरिक जल स्रोतों (नौलों) के संरक्षण के लिए जनभागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता बताई। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने और वन क्षेत्रों में कूड़ा डंपिंग पर रोक लगाने पर भी जोर दिया गया, ताकि वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास सुरक्षित रह सकें।

## तीन दिन से धधक रहे जंगल, वन्यजीवों पर खतरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिले के जंगल फायर सीजन में पूरी तरह असुरक्षित नजर आ रहे हैं। कपकोट, बागेश्वर और धरमघर रेंज के जंगल पिछले तीन दिनों से लगातार जल रहे हैं, जिससे वातावरण में तपिश बढ़ गई है और जनजीवन प्रभावित हो रहा है। आग की वजह से जंगली जानवरों के रिहायशी इलाकों में पहुंचने का खतरा भी बढ़ गया है। कई गांवों में शाम होते ही गुलदार और जंगली सुअरों की आवाजाही बढ़ने लगी है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। धरमघर रेंज के विजयपुर से ढप्टी झांकरा तक जंगलों में आग धधक रही है। वहीं होराली के सामने का जंगल भी तीन दिन से जल रहा है। जारती के जंगल में दो दिन से आग लगी हुई है। उधर कपकोट वन रेंज के चिरपतकोट और बागेश्वर रेंज के हड़बाड़ के जंगल भी आग की चपेट में हैं। लगातार जलते जंगलों से बेशकीमती वन संपदा को भारी नुकसान हो रहा है। साथ ही इन दिनों गांवों में शादियों का सीजन होने के कारण लोगों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द आग पर काबू पाने की मांग की है। इधर डीएफओ आदित्य रत्न ने बताया कि विभाग जंगल की आग पर लगातार नजर बनाए हुए है। जहां से भी आग लगने की सूचना मिल रही है, वहां तत्काल टीम भेजकर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है।

# 'हांडा बैंगल्स' ज्वैलरी शोरूम का भव्य उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बाज़ार सिर्फ सामान बेचने की जगह नहीं होता, यह भरोसे का आइना भी होता है। जहां चमक सिर्फ सोने की नहीं, रिश्तों की भी होती है। हल्द्वानी में बरेली रोड पर अब्दुल्ला बिल्डिंग के पास नई शुरुआत ने दस्तक दी है। नाम है हांडा बैंगल्स। 24 कैरेट गोल्ड पत्र ज्वैलरी के साथ यह सिर्फ एक दुकान नहीं, बल्कि परंपरा और आधुनिकता का संगम लेकर आई है। हांडा बैंगल्स ज्वैलरी शोरूम का शुभारंभ आरडी गुप्ता, अंजली गुप्ता, राजकुमार गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से अक्षर तृतीया के दिवस पर विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान स्वामी ने बताया कि यदि आप गहनों के शौकीन हैं तो यह खबर आपके लिए है। शहर के बरेली रोड पर केनरा बैंक के पास अब्दुल्ला बिल्डिंग के सामने हांडा बैंगल्स का नया स्टोर खुल गया है। जहां आपको मिलेगा 24 कैरेट गोल्ड पत्र ज्वेलरी का शानदार कलेक्शन जहां पर हर डिज़ाइन में बारीकी है,



और हर गहने में परंपरा की झलक। डा. गौरव गुप्ता का कहना है कि यह स्टोर सिर्फ खरीदारी का स्थान नहीं, बल्कि ग्राहकों के साथ लंबे समय का विश्वास बनाने की पहल है। अगर आप गहनों में शुद्धता, डिज़ाइन में अलग पहचान और खरीदारी में भरोसा तलाश रहे हैं, तो यह नया ठिकाना आपके लिए हो सकता है। शोरूम के उद्घाटन अवसर पर दिनभर शहर के गणमान्य लोगों का आना-जाना लगा रहा। कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, लालकुआं विधायक डा. मोहन बिष्ट, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, दायित्वधारी ध्रुव रौतेला, भाजपा नेता समीर आर्या, अब्दुल कवि, जिला सूचना अधिकारी गिरीजा शंकर जोशी, पत्रकार विपिन चन्द्रा, शाहवेज़ खान, सरताज आलम, विनोद, संजय प्रसाद, तारा जोशी, अरविंद मलिक, शेर अफगान, चंदन बिष्ट, रक्षित टंडन, वंदना, सचिन समेत तमाम लोगों ने डा. गौरव गुप्ता को बधाई दी।

# ओपीएस: सड़क पर उतरे कर्मचारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा में पुरानी पेंशन को लेकर सड़कों पर कर्मचारियों का सैलाब उमड़ पड़ा। सैकड़ों की तादत में कर्मचारियों ने रैमजे इंटर कालेज के प्रागंण से चौघानपाटा तक आक्रोश रैली निकाली। सभी ने एक स्वर में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सभी कर्मचारियों से एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा। रविवार को जिलेभर के विभिन्न विकासखंडों के सैकड़ों कर्मचारी एनएमओपीएस के बैनर तले नगर के रैमजे इंटर कालेज परिसर में एकजुट हुए।




यहां सभा में वक्ताओं ने कहा कि पेंशन कार्मिकों के भविष्य की गारंटी और उनके बुढ़ापे की लाठी है। सरकार ने कार्मिकों की मेहनत की कमाई को शेयर बाजार के हवाले कर दिया है। कहा की सरकार कहती है, कि पेंशन लागू होने से देश की अर्थव्यवस्था खतरे में आ जाएगी। पूंजीपतियों के हजारों करोड़ों के ऋण माफ हो रहे हैं। वहीं, विधायक और सांसद के वेतन में वृद्धि के साथ ही पेंशन लागू है। कहा की नई पेंशन स्कीम अगर इतनी ही अच्छी व्यवस्था है तो सबसे पहले इसे विधानसभा और संसद के सदस्यों पर लागू किया जाए। कर्मचारियों और शिक्षकों ने कहा कि ओपीएस के अलावा किसी अन्य को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। यहां जिलाध्यक्ष गणेश भंडारी, जिला मंत्री भूपाल चिलवाल, एनएमओपीएस कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राजू महरा, महामंत्री कमलेश पांडे, संयोजक हरेंद्र रावल, जिला संरक्षक मनोज जोशी, प्रांतीय कोर कमेटी सदस्य डा. धीरेंद्र पाठक, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मंत्री जगदीश भंडारी, डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डीके जोशी, जगदीश बिष्ट, रविशंकर गुसाईं, भारतेंदु जोशी, दीपशिखा मेलकानी, डा. कैलाश डोलिया, नितेश कांडपाल, संजय भाटिया, दीपक तिवारी, दिगम्बर फुलोरिया, भारतेन्दु पंत, लक्ष्मण सिंह कोरंगा, सुंदर लाल, संजय जोशी, संजय टम्टा, अनिल कांडपाल, भारत भूषण, मेघा मनराल, रेखा जोशी, मोनिका वर्मा, दीपा उप्रेती, राधा लस्पाल, अजरा परवीन, शोभा मिराल, बसंत पांडे, वीरेंद्र सिजवाली, पंकज पांडेय, सुशील बाराकोटी, ललित तिवारी, सुशील तिवारी, जीवन साह, लक्ष्मण रावत, भानू वर्मा, राजेंद्र खड़ायत, तारा बिष्ट आदि रहे।

## नारी शक्ति वंदन संशोधन समय की आवश्यकता है: कविता यादव

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** लोकसभा में महिला आरक्षण को लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने पर भाजपा पूर्व पार्षद



कविता यादव ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे 'नारी शक्ति के साथ विश्वासघात' और एक 'काला दिन' बताया है। उन्होंने ने कांग्रेस और 'इंडिया ब्लॉक' के अन्य विपक्षी दलों को 'महिला विरोधी' करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने अपने राजनीतिक हितों के लिए महिलाओं के सशक्तिकरण के मुद्दे को रोका। कविता यादव कहा कि सरकार द्वारा महिला आरक्षण लागू करने के लिए संशोधन बिल लाया, लेकिन विपक्ष ने इसके खिलाफ वोट किया। उन्होंने इसे देश की महिलाओं के साथ धोखा बताया।

## विद्युत कटौती से जनता परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** भयंकर गर्मी के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में लंबी बिजली कटौती ने आमजन की परेशानियां बढ़ा दी हैं। जहां एक ओर तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर घंटों की बिजली कटौती से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार इस्लामनगर, बसाई, हरियावाला, गंगापुर और सरबरखेड़ा में सुबह करीब 9.30 बजे से बिजली आपूर्ति बाधित कर दी जाती है, जो शाम लगभग 6.30 बजे बहाल होती है। इसके बाद रात 7 बजे फिर कटौती कर दी जाती है, जो देर रात करीब 10.30 बजे तक जारी रहती है। इस तरह उपभोक्ताओं को रोजाना 15 से 16 घंटे तक बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिक. ारी मनमाने ढंग से कटौती कर रहे हैं। जब इस संबंध में अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो 'ऊपर के आदेश' का हवाला देकर जवाब टाल दिया जाता है। ऐसे में सवाल उठता है कि भीषण गर्मी के इस दौर में उपभोक्ता अपनी समस्या किसके सामने रखें और समाधान की उम्मीद किससे करें।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारी के लिए सम्मान रैली

**अल्मोड़ा।** रानीखेत में रविवार को युवा कांग्रेस द्वारा नवनिर्वाचित पदा. धिकारियों के सम्मान में भव्य रैली आयोजित की गई। रैली भारत के नक्शे स्थल से शुरू होकर सदर बाजार व जरूरी बाजार से होते हुए स्प्रिंग फील्ड में संपन्न हुई। पूरे मार्ग में कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि करन माहरा ने युवाओं को राजनीति और समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। अन्य अतिथियों ने भी संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

# हल्द्वानी से मुक्तेश्वर के लिए बस सेवा शुरू

## उत्तराखंड परिवहन निगम की बस को सांसद अजय भट्ट ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को सांसद अजय भट्ट ने उत्तराखंड परिवहन निगम की हल्द्वानी से मुक्तेश्वर को चलने वाली रोडवेज बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना। सांसद भट्ट ने कहा कि पर्वतीय मुक्तेश्वर, रामगढ़ क्षेत्र में स्थानीय लोगों को आवागमन की काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था साथ ही बस के इंतजार में काफी समय व्यर्थ करना पड़ता था क्योंकि वर्तमान में हल्द्वानी से मुक्तेश्वर के लिए केमू बसों का ही संचालन होता आया था और आज सरकार ने उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह सराहनीय कार्य व सुविधा आम जनमानस को समर्पित किया ताकि आम जनमानस को आवागमन में किसी भी प्रकार की



कोई परेशानी ना हो और पर्वतीय क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में आने-जाने वाले यात्रियों को सुविधाओं का लाभ मिले। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट उत्तराखंड परिवहन निगम की मंडलीय महाप्रबंधक पूजा जोशी, यातायात अधीक्षक विद्या जोशी, गणेश पन्त, रमेश रौतेला स्टेशन प्रभारी नवीन चंद कोठारी, शंकरपाल, लुकमान सिंह, विजय तिवारी व परिवहन निगम के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद थे।

### काठगोदाम में निर्माणाधीन स्टेशन व पार्किंग का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को सांसद अजय भट्ट ने काठगोदाम रोडवेज बस डिपों में पर्वतीय क्षेत्रों के लिए बस स्टेशन, वर्कशॉप, बस पार्किंग के लिए 67 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान परिवहन विभाग व कार्यदायी संस्था उत्तराखंड पेयजल निर्माण निगम के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया कि पर्वतीय बस डिपो में 75 बसों के साथ ही 167 कार पार्किंग का निर्माण के अतिरिक्त मंडलीय व क्षेत्रीय कार्यशाला का निर्माण किया जा रहा है। कार्यशाला का निर्माण पूर्ण हो गया है जिसमें संचालन भी प्रारंभ हो गया है। उक्त बस डिपो में मंडल के 9 अन्य डिपो के साथ साथ कार्यशाला जिसमें 12-12 गाड़ियां प्रतिदिन रहेगी। इसके साथ ही मंडलीय कार्यशाला भी इसी में समायोजित है जिसमें काठगोदाम, अल्मोड़ा, भवाली, रानीखेत, हल्द्वानी, रामनगर, बागेश्वर, काशीपुर, रानीखेत बस डिपो के लिए भी सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध रहेगी। पर्वतीय डिपो में अतिरिक्त सुविधाओं के लिए सांसद अजय भट्ट ने मौके पर से ही उत्तराखंड परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा व सचिव परिवहन बृजेश संत से वार्ता की उन्होंने अतिरिक्त चालकों की तैनाती के साथ ही लगभग 200 बसों को डिपो को उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया। इसके साथ ही सांसद अजय भट्ट ने परिवहन मंत्री व सचिव परिवहन को जिले के मल्ला रामगढ़ के पुराने बस स्टेशन की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए उसके शीघ्र सुधारीकरण के निर्देश दिए। ताकि कुमाऊ क्षेत्र में परिवहन निगम के बसों का संचालन सही तरीके से हो ताकि आम जनमानस को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडलीय महाप्रबंधक परिवहन निगम पूजा जोशी परियोजना प्रबंधक एसपी बडौनी, सहायक प्रबंधक परिवहन निगम गणेश पन्त सहायक अभियंता पेयजल निगम शीशपाल सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिय मौजूद रहे।

# नकली सोने के सहारे बैंक से लाखों की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गोल्ड लोन के नाम पर बैंक से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो महिलाओं ने एक सुनार की मिलीभगत से नकली सोना गिरवी रखकर बैंक से लाखों रुपये का लोन हासिल किया। बैंक प्रबंधक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुनार सहित दो महिलाओं पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा की नवीन मंडी शाखा के मुख्य प्रबंधक संजीव कुमार ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि इन्द्रानगर वार्ड नंबर 11 निवासी आसमा और वार्ड नंबर 14, उजाला नगर निवासी नाजरा ने वर्ष 2022 में गोल्ड लोन के लिए आवेदन किया था। दोनों मामलों में बर्तन बाजार के सुनार राजेश कुमार वर्मा ने सोने का मूल्यांकन किया और उसे असली बताते हुए रिपोर्ट तैयार की। इसी आधार पर बैंक ने आसमा को 1.45 लाख रुपये और नाजरा को 1.40 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत कर दिया, जो उनके खातों में ट्रांसफर भी कर दिया गया। हालांकि बाद में दोनों खातों में लोन की किस्तें जमा नहीं की गईं, जिसके चलते 29 दिसंबर 2022 को इन्हें एनपीए घोषित कर दिया गया और 20 फरवरी 2023 को रिकॉल नोटिस जारी किया गया। इसके बाद बैंक के नियमित ऑडिट में चैंकाने वाला खुलासा हुआ कि गिरवी रखा गया सोना असल में नकली था। जांच में यह भी सामने आया कि सुनार की मिलीभगत से झूठी मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार कर बैंक को गुमराह किया गया। मामले का खुलासा होने के बाद बैंक प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दो महिलओं व सुनार सहित तीनों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# निलियम कॉलोनी में 12.33 लाख की लागत से बने पार्क का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में वार्ड-54 निलियम कॉलोनी में बने नए पार्क का लोकार्पण रविवार को किया गया। करीब 12.33 लाख रुपये की लागत से 15वें वित्त आयोग के तहत निर्मित इस पार्क का उद्घाटन मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने किया। पार्क के शुरू होने से स्थानीय लोगों में उत्साह देखा गया और उन्होंने नगर निगम का आभार जताया। इस अवसर पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य और मनोरंजन के लिए पार्कों का विकास उनकी प्राथमिकता है।




उन्होंने कहा कि यह पार्क बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने अधिकारियों को पार्क की नियमित सफाई, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलती रहे। इस मौके पर पार्षद हरेन्द्र सिंह बिष्ट, मोहित कांडपाल, नगर निगम के अभियंता नवल नौटियाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# वैदिक दर्शन और पारिवारिक संतुलन पर व्याख्यान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आर्य समाज के साप्ताहिक सत्संग के अवसर पर रविवार को एक प्रेरणादायक वैदिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध वैदिक विद्वान एवं प्राचार्य प्रो. डा. विनय विद्यालंकार ने ऋग्वेद के सप्तम मंडल के मंत्रों के माध्यम से 'ईश्वर, प्रकृति और परिवार' के गहरे संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में डा. विद्यालंकार ने कहा कि वेदों में ईश्वर को 'वरुण' और 'राजन' के रूप में वर्णित किया गया है। वरुण का अर्थ उस दिव्य शक्ति से है जो मनुष्य की अदृश्य बाधाओं से रक्षा करती है और जीवन में संतुलन स्थापित करती है।



अपने व्याख्यान में उन्होंने महाकवि कालिदास के प्रसिद्ध ग्रंथ 'रघुवंश' का उल्लेख करते हुए राजा दिलीप के चरित्र को उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि राजा दिलीप केवल शासक नहीं, बल्कि अपनी प्रजा के सच्चे संरक्षक और संस्कारदाता थे। उन्होंने कहा कि आज के समय में माता-पिता को भी अपनी संतानों में संस्कार, विनम्रता और नैतिक मूल्यों का बीजारोपण करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने कहा कि मानव शरीर साध्य नहीं, बल्कि साध्य (ईश्वर की प्राप्ति) का माध्यम मात्र है। सत्संग में आर्य समाज हल्द्वानी के पदाधिकारी, स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे।

# फर्जी सैन्य अधिकारी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सेना की वर्दी का दुरुपयोग करने वाले एक संदिग्ध युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को आर्मी में मेजर बताकर लोगों को गुमराह कर रहा था। मामले का खुलासा तब हुआ जब सेना के मेजर को आरोपी की ड्रेस पहनने के तरीके से शक हुआ। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर छह शीशमहल निवासी मेजर अजय पाठक के आज रविवार की सुबह वॉकवे मॉल के पास एक दुकान से खरीदारी कर बाहर निकले। इसी दौरान उनकी नजर एक व्यक्ति पर पड़ी, जो भारतीय सेना की वर्दी पहने पास की दुकान में प्रवेश कर रहा था। उसकी वर्दी संदिग्ध और अव्यवस्थित लगने पर उन्हें शक हुआ। उस व्यक्ति की वर्दी की शर्ट बाहर को निकली हुई थी। मेजर



पाठक उसके पीछे दुकान में गए और उससे पहचान पूछी। व्यक्ति ने खुद को मेजर अमन बताते हुए भारतीय सेना का अधिकारी होने का दावा किया। इस पर मेजर पाठक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। संयोग से पास में पुलिस पेट्रोलिंग वाहन मौजूद था, जो मौके पर पहुंच गया। पुलिस के सामने भी वह व्यक्ति खुद को सेना का अधिकारी बताता रहा और सीएसडी कार्ड व एक सर्विस आई-कार्ड भी दिखाया। हालांकि पुलिस और मेजर पाठक के संदेह के चलते उसे पेट्रोलिंग वाहन से काठगोदाम थाने लाया गया। वहां उससे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दस्तावेजों की सत्यता भी खंगाली जा रही है। आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# महिला सशक्तिकरण का भाजपा का रवैया दिखावटी: तजेन्द्र कौर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी के महिला सशक्तिकरण के दावों पर युवा कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष तजेंद्र कौर प्रिंस ने प्रेस को जारी बयान में कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा भाजपा का महिला सशक्तिकरण के प्रति रवैया पूरी तरह से दिखावटी और विरोधाभासी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा एक ओर महिला सशक्तिकरण के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन दूसरी ओर जब देश की बेटियों के साथ अन्याय होता है, तो उसकी चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड का जिक्र किया, और कहा कि आज तक अंकिता को न्याय नहीं मिला है। जिससे आम जनता में आक्रोश है। इसके साथ ही मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई अमानवीय घटनाओं ने देश को झकझोर कर रख दिया, लेकिन इन घटनाओं पर भाजपा सरकार की प्रतिक्रिया बेहद कमजोर और निराशाजनक रही है। इसके अलावा, हाथरस कांड 2020 और दिल्ली में महिला पहलवानों के साथ हुए कथित उत्पीड़न के मामलों में भी भाजपा की चुप्पी और संवेदनहीनता सामने आई है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह महिला आरक्षण के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है। सच्चाई यह है कि महिला आरक्षण बिल 2023 नारी शक्ति वंदन अधिनियम पहले ही संसद से पास हो चुका है। उन्होंने कहा कि जो बिल हाल ही में गिरा, वह महिला आरक्षण के नाम पर शातिर चाल थी।



# मेरे बयान को तोड़ा-मरोड़ा गया

## सीएम पुष्कर धामी के नेतृत्व में 2027 जीतेगी भाजपा: बंशीधर भगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला योजना समिति की बैठक में दिए गए बयान को लेकर उपजे भ्रम पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश कर भ्रम फैलाने की कोशिश की गई। विधायक भगत ने कहा कि 2027 मुश्किल हो जाएगा.. बयान को गलत संदर्भ में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विकास के दम पर प्रचंड जीत दर्ज करेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास कार्यों चारधाम ऑल वेदर रोड, रेल परियोजनाएं और सीमावर्ती कनेक्टिविटी का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।



विधायक ने साफ किया कि बैठक के दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को लेकर अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई थी। शहर में लंबे समय से सड़कों के खोदे जाने और समय पर पुनर्निर्माण न होने के कारण आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जिससे लोगों का धैर्य टूटता जा रहा है। भगत ने कहा कि सरकार द्वारा जनहित में अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन यदि अधिकारियों की लापरवाही बनी रही तो इन कार्यों का अपेक्षित लाभ जनता तक नहीं पहुंच पाएगा और इसका नकारात्मक असर चुनावों में देखने को मिल सकता है। नई पाइप लाइन, ट्यूबवेल, सीवर लाइन और गैस पाइपलाइन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के चलते अधिकांश सड़कों को खोदा गया है। कई स्थानों पर पुनर्निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता है। उनके बयान को सरकार की कमजोरी के रूप में पेश करना भ्रामक है। जो लोग ऐसा मानते है, उन्हें वास्तविकता समझने की आवश्यकता है और आने वाले चुनाव परिणाम स्वयं सच्चाई को स्पष्ट कर देंगे।

### स्टेडियम में ऑन-साइक्लिंग

**हल्द्वानी।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में नारी शक्ति के उत्साहपूर्ण संस्करण के अंतर्गत प्रत्येक रविवार सुबह आयोजित होने वाले खेलो इंडिया फिट इंडिया अभियान के तहत ऑन-साइक्लिंग एवं जुम्बा एक्सरसाइज का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 40 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। यह पहल महिलाओं को शारीरिक रूप से फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर रही है। सभी प्रतिभागी महिलाओं ने इस अभियान को हर रविवार और अधिक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत द्वारा किया गया। आयोजन का संचालन तनुजा आर्य ने संगीत के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर गोविंद लटवाल, उमेश रावत, अंकुश रौतेला, किशोर पाल मौजूद रहे।

# स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत बनभूलपुरा पुलिस ने एक स्कूटी सवार स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर के पास से 20.99 ग्राम स्मैक बरामद की है। तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज करते हुए पुलिस ने




तस्कर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में एसआई जगवीर सिंह मय टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे तभी एक बिना नंबर प्लेट की स्कूटी आती दिखाई दी। टीम को देख स्कूटी सवार ने स्कूटी मोड़कर भागने लगा तभी शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए स्कूटी सवार को यात्री शेड, स्लॉटर हाउस गौला बाईपास रोड के पास दबोच लिया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 20.99 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम अयान उर्फ आशू निवासी रईस हलवाई वाली गली, मोहम्मदी चौक बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। टीम में एसआई जगवीर सिंह, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, सुनील कुमार, मो. यासीन शामिल रहे।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स को समर्थन दिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 19 दिनों से तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा चल रहा धरना प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन में एकता जन सेवा फाउंडेशन और राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर तथा कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने आंगनवाड़ी सहायिकाओं और कार्यकर्ताओं को धरनास्थल पहुंचकर अपना समर्थन दिया। आंगनबाड़ी धरनास्थल को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता नीरज तिवारी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश की मातृशक्ति इतनी कठिन परिस्थितियों में अपने परिवार को छोड़कर, इस भीषण गर्मी में अपनी मांगों के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनका मेहनताना नहीं दिया जा रहा है, जबकि वे दिन-रात अपनी जिम्मेदारियां निभाती हैं। तिवारी ने उत्तराखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार इन महिलाओं को उनके काम का उचित भुगतान नहीं करती और उनकी स्थिति में सुधार की कोई कोशिश नहीं की जा रही है। शिवम सिंह ठाकुर ने कहा कि उत्तराखंड सरकार महिलाओं का शोषण करने में लगी हुई है। उन्होंने अंकिता भंडारी केस और महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार महिलाओं की स्थिति सुधारने की बजाय उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपने नेताओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, जबकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। धरने में दीपा खत्री, लक्ष्मी नारायण, जीतू सागर, संदीप कुमार, हेमूं पड़लिया सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## डा. ऋतु रखोलिया को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स उत्तराखंड के अधिवेशन में देहरादून में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में देवभूमि सोसायटी ऑफ पीडियाट्रिक्स उत्तराखंड ने चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग मेडिकल कॉलेज की डा. ऋतु रखोलिया को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया। यह सम्मान डा. ऋतु रखोलिया को उनके बाल चिकित्सा क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान और उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया। कार्यक्रम में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स उत्तराखंड के अध्यक्ष डा. रवि सहोटा, डा. हंस वैश, डा. शांतनु, डा. राकेश, और डा. मधु रतूड़ी ने डा. रखोलिया को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। बता दें कि डा. ऋतु रखोलिया ने अपनी चिकित्सा यात्रा में हमेशा बच्चों के स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रयास किए हैं। उनके योगदान की सराहना करते हुए चिकित्सकों और बाल रोग विशेषज्ञों ने उनकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत की प्रशंसा की। इस अधिवेशन में उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों से आए बाल रोग विशेषज्ञ भी मौजूद रहे।



# भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कालाढूंगी रोड स्थित भगवान परशुराम चौक पर अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा के राष्ट्रीय संयोजक पंडित विशाल शर्मा के नेतृत्व में पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधिवत पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान उत्तराखंड के लोक गायक दीपक सुयाल ने भगवान परशुराम के भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान पंडित विशाल शर्मा ने ब्राह्मण समाज से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए सरकार पर उपेक्षा के आरोप लगाए। उन्होंने भगवान



परशुराम जन्मोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग को अनदेखा किए जाने पर नाराजगी जताई। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि सरकार का रवैया ऐसा ही रहा तो आगामी समय में ब्राह्मण समाज राजनीतिक रूप से अपना रुख बदल सकता है। इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री प्रकाश हरबोला, पंडित मोहन कांडपाल, विनय तिवारी, निशा वैला, तारु तिवारी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सामाजिक समरसता मज़बूत बनाएं: भट्ट

## डा. अंबेडकर की जयंती पर भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को भाजपा कुमाऊँ संभाग कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी द्वारा बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक भव्य गोष्ठी भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट की अध्यक्षता में सपन्न हुई।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद अजय भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट व सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर प्रकाश चन्द्र ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब के जीवन व उनके विचारों और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने कहा कि डा. अंबेडकर ने समाज के अंतिम व्यक्ति को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की




कि बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने के लिए प्रयास करें। भट्ट ने डा. अंबेडकर के जीवन को संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को दिशा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने संसद में विपक्ष के नारी विरोधी चेहरे को उजागर करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित न करने पर कड़े शब्दों में निंदा की। गोष्ठी में नैनीताल विधायक सरिता आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, दर्जा राज्य मंत्री रेनू अधिकारी, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट, सह संयोजक जिला मंत्री प्रकाश आर्य, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविन्द्र बाली, अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुंवर, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, संजय पांडे, रत्नेश साह, अमित चौधरी, हरीश पांडे समेत कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग 24 से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर-16 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का आयोजन 24 अप्रैल से शुरू होगा। लीग में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर नैनीताल जिले की अंडर-16 टीम का चयन किया जाएगा, जो आगे क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करेगी। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 21 अप्रैल मंगलवार निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी किसी टीम से नहीं खेल पा रहे हैं, वे सीधे जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लीग के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# स्वर्ण पदक विजेता नमन मेहरा को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को पहाड़ी आर्मी संगठन ने अपने कार्यालय में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें श्रीलंका के डिगाना में हुई थर्ड साउथ एशिया जू-जित्सु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीतने वाले नमन मेहरा को सम्मानित किया गया। नमन मेहरा जो कि बाराही कॉलोनी हल्द्वानी के निवासी और पूर्व सैनिक खुशाल सिंह मेहरा के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ उत्तराखंड बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। संगठन ने नमन मेहरा की इस महान उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल, महिला जिलाध्यक्ष प्रेमा मेर, नगराध्यक्ष कविता जीना, आदित्य जीना, गीता बिष्ट, हरेंद्र राणा, सुनिता, प्रदीप रोतेला, बसंत बिष्ट, हेमा कांडपाल, साक्षी, नव्या, अंजू पांडेय, सोनम कुमारी, लाल सिंह, मोहन सिंह, सुजान सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286


मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ दुष्प्रचार पर भड़के कांग्रेसी

## किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने कोतवाली में किया प्रदर्शन

- एआई का दुरूपयोग कर फर्जी एकाउण्ट बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट करने का लगाया आरोप
- दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ पार्षद गौरव खुराना ने दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एआई का दुरूपयोग कर फर्जी एकाउण्ट बनाकर सोशल मीडिया में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नाम से भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट प्रचारित करने तथा बिना सत्यापन के समाचार प्रकाशित करने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा है।

आज रविवार को किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ पार्षद गौरव खुराना की ओर से तहरीर सौंपकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा जब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता कार्यकर्ता कोतवाली में धरना जारी रखेंगे और एसएसपी का घेराव करेंगे।

इससे पूर्व विधायक श्री बेहड़ की अगुवाई में कार्यकर्ता भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कोतवाली पहंचे। श्री बेहड़ ने कहा कि बंगाली समाज के चहुंमुखी विकास में केवल कांग्रेस का ही योगदान रहा है। भाजपा ने इस समाज को केवल झूठे आश्वासन ही दिये हैं।

उन्होंने कहा कि देश एवं उत्तराखण्ड में कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी द्वारा बंगाली समाज के लोगों को जमीन देकर बसाया गया था, जबकि भाजपा ने इस समाज को केवल झूठे आश्वासन ही दिए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कई नेताओं ने बंगाली समाज को घुसपैठिया बताकर देश से बाहर निकालने की बात भी कह दी। श्री बेहड़ ने कहा कि बंगाली समाज की जातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने के लिए भाजपा सरकार पिछले कई दशकों से कोरे आश्वासन ही दे रही है।

यह कार्य केवल कांग्रेस के शासन में ही सम्भव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एवं पार्टी के सभी नेताओं ने हमेशा से ही बंगाली समाज का सम्मान किया है। जो विरोधी लोग पचा नहीं पा रहे है। अब वह एआई का दुरूपयोग कर सोशल मीडिया पर फर्जी एकाउंट बनाकर कांग्रेस नेताओं को लेकर भ्रामक दुष्प्रचार करने लगे है। यदि ऐसे नेताओं में हिम्मत है तो सामने आकर राजनैतिक मुकाबला करें। उन्होंने कहा कि यदि बंगाली समाज के भाजपाईयों को पुतले ही फूंकने हैं तो अपने नेताओं व सरकार के फूंके जो उनके समाज को लम्बा अर्सा बीत जाने के बाद भी अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं दिला पाये।

इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, मोहनखेड़ा, सुभाष बेहड़, संजय जुनेजा, ममता रानी, ममता हालदार, राजवीर सिंह, सुखवंत सिंह, सुनील चुघ , अशोक चुघ, संजीव गुप्ता, विकास बंसल, संजय ठुकराल, परिमल राय, अर्जुन विश्वास, प्रेमानंद महाजन, प्रीति साना, उमा सरकार, मोनिका ढाली, मानस बैरागी, असित बाला, किशोर हालदार, विकास मल्लिक, सत्यम राय, मनीष गिरी, राकेश अधिकारी, गौतम मंडल, अशोक राय, रमन विश्वास, जयदेव मदक, खगोपती विश्वास, संजय आइस, विकास विश्वास, पवन बिष्ट, तरुण नेगी, पिंटू गांगुली, जितेश शर्मा, सौरभ शर्मा, प्रवेश कुरैशी,भीम ठुकराल, अशोक ठुकराल मोहन भारद्वाज, दिनेश पंत, शिशुपाल सिंह, विजय यादव, चौधरी ओमपाल सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, सुमित राय आदि मौजूद थे।

## आंशिक बादलों के बीच गर्म रहा मौसम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर में मौसम रविवार को गर्म बना रहा और अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस रहा। दिनभर आंशिक बादल छाए रहने से धूप और उमस का मिला-जुला असर देखने को मिला। मौसम वैज्ञानिक अजित सिंह नैन के अनुसार, सुबह के समय आर्द्रता 59 प्रतिशत दर्ज की गई। इससे हल्की उमस महसूस हुई। वहीं दोपहर बाद नमी में काफी गिरावट आई और यह घटकर 13 प्रतिशत रह गई। इससे गर्मी का असर अधिक बढ़ गया। पश्चिम-उत्तर पश्चिम दिशा से 5.1 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलती रही। इससे गर्म हवाओं का प्रभाव बना रहा। पिछले 24 घंटों में वर्षा शून्य मिलीमीटर दर्ज की गई। इससे मौसम शुष्क बना रहा। रविवार को सूर्योदय सुबह 5 बजकर 42 मिनट पर हुआ, जबकि सूर्यास्त शाम 6 बजकर 41 मिनट पर हुआ। मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, इसलिए दोपहर के समय धूप से बचाव जरूरी है।

## बाल संस्कार केंद्र के वार्षिक कार्यक्रम में बच्चों ने बांधा समा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरहेनी में आयोजित बाल संस्कार केंद्र के वार्षिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की।

कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम, मधुर गीत एवं संस्कारपूर्ण नृत्यों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया।

इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री राजेश कुमार ने कहा कि बच्चों की लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास को देखकर यह विश्वास और भी मजबूत होता है कि देश का भविष्य सुरक्षित और सशक्त हाथों में है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।




कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं अभिभावकों के समर्पण और मार्गदर्शन की भी सराहना की गई, जो बच्चों को संस्कारवान और योग्य नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इस मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश सिंह, ग्राम प्रधान मनप्रीत कौर, क्षेत्र पंचायत सदस्य पति बब्लू, प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## सामूहिक विवाह में परिणय सूत्र में बंधे चार जोड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर गल्ला मंडी के 18 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत मंदिर समिति द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गरीब परिवार के चार वर वधुओं का विधि विधान से सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। जिन्हें क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ संत महापुरूषों ने सुखी दाम्पत्य जीवन का आर्शीवाद दिया। सायंकाल सभी नव विवाहित जोड़ों को उपहार में घरेलू सामान देकर विदा किया गया।

इससे पूर्व प्रातः अम्बेडकर पार्क से सभी चारों वरों की बैड बाजों के साथ बारात प्रारम्भ हुई। जिसमें वर पक्ष के लोगों के साथ ही नगर के कई गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया। बारात मुख्य बाजार से गुजरती हुई गल्ला मंडी स्थित श्री पंचमुखी हुनमान बाला जी मंदिर पहुंची जहां बारात का कन्या पक्ष के लोगों के साथ आयोजन समिति व अनेक गणमान्य लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तत्पश्चात सभी को जलपान कराया गया। दोपहर भण्डारा आयोजन के बाद सभी वर वधू का मंदिर के पुजारी पंडित सुरेन्द्र पाल शर्मा की देखरेख में विधिविधान से विवाह सम्पन्न कराया गया। जिन वर वधुओं का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया उनमें बदायूं निवासी नेमचन्द का रम्पुरा निवासी पूजा से, मिलक रामपुर निवासी मुनेश का रम्पुरा निवासी निकिता से, लालपुर निवासी सोहन लाल का रम्पुरा निवासी रेखा से व पश्चिम चम्पारन बिहार निवासी अरविन्द कुमार का जाफराबाद बिलासपुर निवासी प्रियंका से विवाह सम्पन्न हुआ। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व पालिकाध्यक्षा मीना शर्मा, मंहत शिवानन्द महाराज, स्वामी चैतन्य महाराज, महंत मनीष सलूजा, बाई जी, गुलशन नारंग, चन्द्रप्रकाश सचदेवा, सौरभ गाबा,गगन कुमार बाधवा, मनोज अरोरा, सर्वेश मौर्य, अक्ष नारंग, संजय गर्ग, राकेश अग्रवाल, कुंज बिहारी श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, पवन अग्रवाल, शिवांश अग्रवाल, रितु बाधवा आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### कल्याणी नदी में मिला अज्ञात शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महानगर के धोबी घाट के पास स्थित कल्याणी नदी में रविवार सुबह छठ पूजा स्थल के पास एक युवक का शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव नदी से बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया। बाद में मृतक की पत्नी पिंकी कश्यप ने उसकी पहचान रॉक जम वाली गली ट्रांजिट कैम्प निवासी अपने पति 38 वर्षीय सोनू कश्यप पुत्र रेवीराम कश्यप मूल निवासी ग्राम साहपुर तहसील बिसौली, बदायूं के रूप में की।

जानकारी के अनुसार आज रविवार प्रातः करीब 7 बजे छठ पूजा स्थल के पास गुजरते लोगों ने कल्याणी नदी में एक युवक का शव तैरता देखा। शव मिलने की खबर मिलते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। घटना की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव नदी से बाहर निकलवाया। वहां मौजूद लोगों में कोई भी मृतक युवक की शिनाख्त नहीं कर पाया। बाद में मामले की सूचना मिलने पर पहुंची मृतक की पत्नी ने उसकी शिनाख्त की। पिंकी ने बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी था और बीमारी के कारण उसे दौरे भी पड़ते थे। उसका कहना था कि पति सोनू कश्यप 18 अप्रैल से घर नहीं आया था। जिसकी सूचना उसने ट्रांजिट कैम्प कोतवाली में दी थी। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है। जिनके आने पर पंचनामे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक सोनू कल्याणी नदी में कैसे पहुंचा पुलिस इसकी छानबीन कर रही है।

### आज पहुंचेगी ग्वलज्यू यात्रा, भक्त करेंगे स्वागत व दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड के न्यायकारी श्री ग्वलज्यू देवता की यात्रा 20 अप्रैल 2026 को प्रातः 9:30 बजे टनकपुर रोड स्थित श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचेगी जहां भक्तों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत व दर्शन किया जाएगा। इसके उपरांत ग्वलज्यू की रथ यात्रा खटीमा मार्केट से मुख्य चौक होते हुए श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर कंजाबाग पहुंचेगी। यहां पर पूजन वंदन के बाद यात्रा को आगे के गंतव्य को रवाना किया जाएगा। सभी भक्तों से अनुरोध किया गया है कि नगर क्षेत्र की इस यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचकर देवडांगरों से आशीर्वाद प्राप्त करें और पुण्य का लाभ लें।

### उत्तराखंड राज्य आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** स्थित कहलों पैलेस में आयोजित उत्तराखंड राज्य आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेश कुमार एवं गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी के प्रबंधक कुलविंदर सिंह किन्दा द्वारा फीता काटकर किया गया।



इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने दमखम, अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को अत्यंत रोमांचक एवं सफल बनाया।मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवाओं में खेलों के प्रति बढ़ती रुचि न केवल उनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत है, बल्कि यह एक स्वस्थ, सशक्त एवं ऊर्जावान समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस दौरान टेक्निकल एडवाइजर सनी सिद्धू, जॉइंट सेक्रेटरी प्रीती राणा,जनरल सेक्रेटरी शिवा चौधरी, चेयरमैन जितेन्द्र चौहान,सतीश शर्मा,प्रेसिडेंट मोनिका उनियाल,जनरल सेक्रेटरी डॉ.प्रवीन सिंह एवं वारंकार डॉ.श्रीकांत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।अंत में दोनों अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा आयोजन समिति को इस सफल एवं भव्य आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### बांके नगर में लगा 250 किलोवाट ट्रांसफार्मर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लो वोल्टेज की समस्या से मिली राहत**

**बाजपुर।** मझरा प्रभु वार्ड नंबर 1 स्थित बांके नगर के वाशिंदों को लंबे समय से चल रही बिजली समस्या से आखिरकार राहत मिल गई है। क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या को देखते हुए बिजली विभाग से की गई मांग के बाद 250 किलोवाट का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पहले क्षेत्र में बिजली का वोल्टेज काफी कम रहता था, जिससे घरेलू उपकरण सही तरीके से काम नहीं कर पाते थे और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ट्रांसफार्मर लगने के बाद अब वोल्टेज में सुधार हुआ है, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। ट्रांसफार्मर स्थापित होने पर लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए बिजली विभाग का आभार व्यक्त किया। स्थानीय निवासियों ने उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होता रहेगा।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर हवन-यज्ञ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर ब्राह्मण सभा बाजपुर द्वारा मंडी मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान परशुराम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया और विश्व कल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जानू शुक्ला, विशेष शर्मा, अमित शर्मा, राजा राम तिवारी, विजय शर्मा, मयंक शर्मा, राहुल शर्मा, गौरव शर्मा, विक्की शर्मा, अशोक दीक्षित, राम बोहरे पाठक, बीडी मिश्रा, सर्वेश चतुर्वेदी, राजेश पाठक, शशिकांत कौशिक, रामा पंत, विजय चतुर्वेदी, धर्मवीर शर्मा, शुभम पांडे, राजा तिवारी, रजत तिवारी, अंकुश पंडित, विवेक चौबे, उपेंद्र शुक्ला सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटाने के नोटिस से पंतनगर के लोगों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रुद्रपुर। पंतनगर क्षेत्र की संजय कॉलोनी और मस्जिद कॉलोनी में 400 लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि वह पिछले 60-65 वर्षों से इस भूमि पर रह रहे हैं और उनके पास वोटर आईडी, राशन कार्ड, स्थायी निवास प्रमाण पत्र तथा बिजली बिल जैसे सभी जरूरी दस्तावेज मौजूद हैं।

इसके बावजूद 13 अप्रैल को पंतनगर विवि प्रशासन की ओर से घर-घर बेदखली नोटिस चस्पा कर 30 अप्रैल तक मकान खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया है। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि तय समय सीमा के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी और उसका खर्च भी संबंधित परिवारों से वसूला जाएगा। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी कि बिना पुनर्वास के किसी भी हालत में कॉलोनियों को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से रह रहे लोगों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हटाना न केवल अमानवीय है, बल्कि यह सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के भी विपरीत है। प्रदर्शनकारियों ने एडीएम पंकज उपाध्याय को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि पहले सभी प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की समुचित व्यवस्था की जाए।

## उत्तराखंड में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी आपः महेंद्र सिंह यादव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि पार्टी उत्तराखंड में आगामी चुनाव पूरी ताकत और दमखम के साथ लड़ेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से चुनावी तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया।

रविवार को बाजपुर पहुंचे प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह यादव ने रामराज रोड स्थित होटल अनंतम में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर मैदान में उतर रही है और भाजपा की तानाशाही का मुकाबला कर रही है। कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बेदी ने की, जबकि संचालन नगर अध्यक्ष दीपक शर्मा ने किया।



इस अवसर पर सह प्रभारी तारीफ सिंह, हरमीत सिंह, अनुज पाल, किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, वरिष्ठ नेता दर्शन लाल गोयल, इंद्रजीत सिंह बंटी, प्रवीण कुमार, हरदयाल सिंह, एडवोकेट मोहम्मद रिजवान, बब्बू सागर, भगवत बाजवा, प्रधान रवि बरुआ, पूरन सिंह, बेअंत सिंह, डॉ. एहसान, सतपाल सिंह, सिमरजीत सिंह, करण सिंह निक्कू, अमरीक सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मकरन्दपुर में टिन शेड का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर के गांव मकरन्दपुर में विधायक निधि से स्वीकृत 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित टिन शेड का लोकार्पण विधायक शिव अरोरा ने फीता काटकर किया। गांव पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने विधायक का स्वागत किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि टिन शेड के निर्माण से गांव में सार्वजनिक बैठकों, धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इसकी मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, प्रीत ग्रोवर, जगदीश विश्वास, राजेश बजाज, महेंद्र सैनी, मन्नू चौधरी, दयाल सिकदार आदि मौजूद थे।

## वरिष्ठ पत्रकार और लेखक रहे लक्ष्मीदत्त मंदोलिया को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** वरिष्ठ पत्रकार और लेखक रहे स्वर्गीय लक्ष्मीदत्त मंदोलिया की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में रामनगर के कोसी बैराज स्थित ग्रीन वैली रेस्टोरेंट में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें उनके द्वारा पत्रकारिता के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया गया।

स्व. लक्ष्मीदत्त मंदोलिया लंबे समय तक सत्य कथा, मनोहर कहानियां, राष्ट्रीय सहारा जैसे कई समाचार पत्र और पत्रिकाओं से जुड़े हुए रहे, लगभग 40 वर्ष तक एक मिशनरी और सामाजिक हित की पत्रकारिता करने वाले स्वर्गीय लक्ष्मीदत्त मंदोलिया ने दो हजार से भी अधिक लेख, कहानियां, संस्मरण, विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में लिखी, जो आज भी मौजूद हैं, इसके साथ ही वह रंगमंच के मझे हुए कलाकार भी रहे, लगभग दो वर्ष पूर्व गंभीर बीमारी से पीड़ित होने के कारण उनका निधन हो गया, आज उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके पुत्र गौरव मंदोलिया ने पिता के द्वारा लिखे गए लेखों को संग्रहित कर एक डाक्यूमेंटेड प्रिंट फार्मेट में प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया है, इसके साथ ही अगले वर्ष से उनकी स्मृति



में पत्रकारिता सम्मान देने की भी जानकारी उनके परिजनों द्वारा साझा की गई। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपनै,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत प्रभात ध्यानी, चंद्रशेखर जोशी, अनिल पाठक, त्रिलोक रावत, अजीत गोस्वामी, राहुल सिंह दर्मवाल, मयंक मैनाली, विमला अधिकारी, भाजपा नेता राकेश नैनवाल, पूरन नैनवाल, भूपेंद्र सिंह खाती , सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता व राज्य आंदोलनकारी पुष्कर दुर्गापाल, अजीम खान, नवीन भट्ट, देवेंद्र, संजय मेहता, शुभम उत्तम, सुमन जोशी, सुमन मंदोलिया, कमला कांडपाल, गौरव तिवारी,अमित पाल आदि मौजूद रहे।

## जान से मारने की नियत से व्यक्ति पर की फायरिंग

- शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया जानलेवा हमले का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी के द्वारा एक व्यक्ति पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने के मामले में जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया गया है।

ग्राम थारी हल्दुआ रामनगर निवासी जसवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बंजारी गेट कोसी मे डंपर चालक का काम करता है।वह कार्य के लिए लगभग सुबह 08:00 बजे घर से चला जाता हैं।उसका पुत्र अमृत सिह घर से बंजारी गेट पर खाना देने आता है।बीते 16 अप्रैल को भी दिन में मेरा पुत्र अमृत मुझे खाना देने आया था। अर्जुन सिह पुत्र गुरदास सिह भी अपने वाहन चालको को खाना देने आया था। अर्जुन सिह ने रास्ते में वीरपुर लच्छी पुल पर मेरे पुत्र से कहा कि तू रोज एक ही कपड़े पहन कर आता है, कहते हुए गाली गलौज करने लगा, मेरे पुत्र द्वारा गाली गलौज करने से मना करने पर आरोपी अर्जुन सिह ने मेरे पुत्र अमृत सिह के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गया। इस घटना के समय मौके पर गुरमुख सिह आदि लोग मौजूद थे। उसके बाद बीते दिन शनिवार को मेरा पुत्र खनन के कार्य की छुट्टी होने के कारण डम्पर का कार्य कराकर वीरपुर लच्छी से अपने घर ग्राम थारी को वापस आ रहा था।तभी हम लोग पीएमश्री जी.आई.सी कालेज ग्राम थारी के गेट के पास पहुंचे तो अर्जुन सिह अपनी काले रंग की स्कूटी से आया और स्कूटी को रोककर मेरे पुत्र पर निशाना साधकर जान से मारने की नीयत से तमंचे से एक राउण्ड फायर किया।फायरिंग में मेरा पुत्र अमृत सिह बाल-बाल बच गया।अर्जुन सिह गाली गलौच करते हुए व जान से मारने की धमकी देते हुए तमंचा लोड करने लगा तभी मेरा पुत्र मौका देख कर किसी तरह निकल आया। उन्होंने बताया कि आरोपी शातिर किस्म का है और कभी भी उसके परिजनों के साथ बड़ी घटना कर सकता है।अर्जुन सिंह पुत्र गुरदास सिंह पूर्व में भी कई अन्य मामलो मे जेल जा चुका है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि आरोपी अर्जुन सिंह के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सीनियर कैडेट्स को विदाई समारोह में किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में 79 यूके बटालियन एनसीसी सब यूनिट द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. एम.सी.पाण्डे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने सीनियर कैडेट्स की प्रशंसा कर उनके तीन वर्ष के कार्यकाल में एनसीसी गतिविधियों सहित महाविद्यालय के कार्यक्रमों में सक्रिय प्रतिभागिता की सराहना की।

स्वागत सम्बोधन कारपोरल आकाश रावत ने किया। विशिष्ट अतिथि चीफ प्रॉक्टर प्रो.एस.एस.मौर्या ने सीनियर कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कैडेट्स द्वारा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई। कैडेट निकिता ने एकल नृत्य और एस डब्ल्यू ग्रुप में अक्षिता, खुशबू जीना,प्राची,ईशा,भूमिका,शीतल तथा एसडी ग्रुप में अमित चौहान ,राघव राज,आर्यन, कुलदीप,मनोज ने




बॉलीवुड व पंजाबी मेसअप सहित उत्तराखंड की लोक संस्कृति पर सामूहिक नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो.एम.सी. पाण्डे एवं विशिष्ट अतिथि चीफ प्रॉक्टर प्रो.एस.एस.मौर्या ने सभी सीनियर कैडेट्स को प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो.जे.एस.नेगी,प्रो.अनीता जोशी, डॉ.प्रमोद जोशी,डॉ.सुमन कुमार,डॉ.सिराज अहमद,लोतिका अमित,डॉ.नीमा राणा,डॉ.अनुराग श्रीवास्तव,डॉ.गुरप्रीत सिंह, डॉ. प्रकाश चन्द्र पालीवाल,सीनियर अन्डर ऑफिसर विक्रम जलाल, पारूल, अन्डर ऑफिसर यशवन्त रावत, गुंजन डांगी,मुस्कान बिष्ट आदि कैडेट्स मौजूद रहे।मंच का संचालन कैडेट वैष्णवी व हर्षिता नैनवाल ने संयुक्त रूप से किया।

## सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मुकीम अहमद और उसकी पत्नी मुस्कान के दुर्व्यवहारों से तंग आकर इनसे अपने तथा अपने अन्य परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर अपनी हर प्रकार की चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे किसी भी परिजन का मेरे पुत्र मुकीम अहमद और उसकी पत्नी मुस्कान से कोई सम्बंध या वास्ता सरोकार नहीं है। जो भी व्यक्ति मेरे पुत्र मुकीम अहमद और उसकी पत्नी मुस्कान से किसी भी प्रकार का कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार अथवा लेनदेन के व्यवहार रखेगा तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा।

**शाह अहमद पुत्र श्री अली जान**
**निवासी- वार्ड नं.-05, खेड़ा, रुद्रपुर,**
**जिला उधमसिंह नगर**

## परशुराम जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ब्राह्मण सभा बाजपुर द्वारा परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर अनाज मंडी स्थित बाजपुर मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की। हवन-यज्ञ के उपरांत बाजपुर मंदिर एवं चीनी मिल परिसर में लगभग एक हजार लोगों को हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में राजाराम तिवारी, अशोक कुमार दीक्षित, राजेंद्र शर्मा, विशेष चंद शर्मा, राम बहोरे पाठक, बंसीधर मिश्रा, गौरव शर्मा, राजेश पाठक, अखिलेश पांडेय, विजय शर्मा, सर्वेश चतुर्वेदी, राहुल शर्मा, मयंक शर्मा, शशिकांत शर्मा, मुकुंद शुक्ला, अमित चतुर्वेदी, अमित शर्मा, कुलदीप शर्मा, उमेश पंत, रणजीत तिवारी, राजा तिवारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर-हल्द्वानी मार्ग पर रविवार को एक तेज रफ्तार कार और स्कूटी के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत में एक युवक की जान चली गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद आरा. पी चालक वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम दूधिया कॉलोनी निवासी रवि (38) पुत्र भजन सिंह दूध बेचने का कार्य करता था। रविवार को वह किसी काम से स्कूटी पर सवार होकर भट्टपुरी गया था। वहां से पैसे लेकर जब वह वापस अपने घर की ओर लौट रहा था, तभी नमुना गांव के पास बाजपुर से बरहैंनी की ओर जा रही एक अनियंत्रित कार ने उसकी स्कूटी को बुरी तरह रौंद दिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए गंभीर रूप से घायल रवि को उप जिला चिकित्सालय बाजपुर पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक की तलाश की गई, लेकिन वह पुलिस के पहुंचने से पहले ही भागने में सफल रहा। रवि की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी आशा देवी और दो छोटे बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गया है। घर के कमाऊ सदस्य की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में इस घटना के बाद से शोक की लहर है।

सूचना मिलते ही बाजपुर कोतवाली में तैनात एसआई देवेंद्र मनराल पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार और स्कूटी को अपने कब्जे में ले लिया है। एसआई देवेंद्र मनराल ने बताया कि फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# साढ़े पांच कुंतल से अधिक गांजा बरामद, तीन आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** "ऑपरेशन प्रहार" के तहत जनपद ऊधम सिंह नगर में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में कोतवाली रुद्रपुर पुलिस एवं एसओजी रुद्रपुर की संयुक्त टीम ने बागवाला फ्लाईओवर के पास सर्विस रोड पर चेकिंग की। इस दौरान टीम ने संदिग्ध कैंटर संख्या यूपी81 एफ लटी 5851 को रोका।

राजपत्रित अधिकारी (क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर) की उपस्थिति में कैंटर की तलाशी ली गई तो सुतली रस्सियों के गट्ठरों के बीच अत्यंत सुनियोजित तरीके से छुपाकर रखे गए 18 प्लास्टिक के कट्टों तथा तीन स्कूली बैगों में अवैध गांजा बरामद हुआ। आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी अजय गणपति ने आज मामले का पर्दाफाश करते हुए बताया कि एक कैंटर के साथ 18 अदद प्लास्टिक के कट्टों में भरा अवैध गांजा,तीन स्कूली बैगों में अलग-अलग पैकेट में गांजा यानी कुल 558.78 किलोग्राम गाजा, पांच मोबाइल और 29,880 रूपये बरामद हुए।पकड़े गए आरोपित संजय गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता निवासी दूधिया नगर, किच्छा रोड, रुद्रपुर, डीटू यादव पुत्र रामविलास निवासी ग्राम नगला पीपल, थाना ओछा, जनपद मैनपुरी (उप्र) और मोहित यादव पुत्र आदेश यादव निवासी ग्राम पीपल नगला, थाना ओछा, जनपद मैनपुरी (उप्र) हैं।आरोपित संजय गुप्ता के विरुद्ध पूर्व में भी छक्ट्टे एक्ट के अंतर्गत कोतवाली रुद्रपुर में मुकदमा अपराध संख्या 449/2025 धारा 8/20/60/29 NDPS Act पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त थाना पुलभट्टा मुकदमा अपराध संख्या 52/ 2025 धारा 8/20/60 छक्ट्टे ।ब्ज में भी आरो. पित विरुद्ध नशा तस्करी के प्रकरण दर्ज हैं। तथा अभियुक्त की लगभग 03 करोड़ की अवैध नशे के कारोबार से अर्जित की गई अवैध सम्पत्ति को भी सीज करने की कार्रवाई भी प्रचलित है। आरोपितों ने बताया कि बरामद गांजा उड़ीसा राज्य के सोनपुर क्षेत्र से लाकर रुद्रपुर में स्थानीय तस्करों को सप्लाई किया जाना था। पुलिस द्वारा उक्त नेटवर्क के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं।बताया कि जनपद में नशा तस्करी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## एक नजर

### नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग पर हाथियों का झुंड सड़क पर उतरा, मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग पर बरहैनी क्षेत्र के पास गडप्पू जंगल में रविवार को हाथियों का एक झुंड अचानक सड़क पर आ गया, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अचानक सड़क पर हाथियों के आने से वाहन चालकों ने तुरंत अपनी गाड़ियां रोक दीं और सुरक्षित दूरी बनाकर खड़े हो गए। इस दौरान मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाथियों के झुंड में कई बड़े हाथियों के साथ छोटे शावक भी शामिल थे, जो सड़क पार करते हुए जंगल की ओर बढ़ गए। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हाथियों का झुंड सड़क पार करता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में अक्सर जंगली जानवरों की आवाजाही बनी रहती है, ऐसे में वाहन चालकों को सतर्क रहने की जरूरत है।

### लोहाघाट में जंगल की आग पर काबू फायर कर्मियों ने दिखाई बहादुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** बाराकोट ब्लाक के गल्ला गांव और बाराकोट के बीच जंगल में शनिवार रात अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही लोहाघाट फायर स्टेशन से टीम लीडिंग फायरमैन नीरज राणा के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और रात्रि के सन्नाटे में ही आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया।

फायर कर्मियों ने कठिन परिस्थितियों और भारी जोखिम के बीच घंटों मशक्कत कर आग पर नियंत्रण पाया। आग तेजी से आबादी की ओर बढ़ रही थी, जिससे स्थानीय लोगों और आसपास के क्षेत्रों के लिए खतरा पैदा हो गया था, लेकिन समय रहते कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। इस अभियान में महिला फायर कर्मियों ने भी अपनी बहादुरी का परिचय दिया। कोमल राणा, प्रियंका बिष्ट और अन्य कर्मियों ने पुरुष साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हुए साबित किया कि वे किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हैं। जगदीश सिंह समेत पूरी टीम ने मिलकर आग पर काबू पाने में अहम भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों ने फायर टीम की तत्परता और साहस की सराहना की है।

### छात्रा की बिगड़ी हालत, अस्पताल में भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के पीरूमदारा निवासी छात्रा मीनाक्षी नेगी की शनिवार को हालत बिगड़ गई थी। परिजनों के अनुसार उसे खून की कमी हो रही थी। जब शरीर में छह यूनिट खून रह गया तो छात्रा छटपटाने लगी और जान बचाने के लिए गुहार लगाने लगी। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी किसी तरह से छात्रा को अस्पताल लेकर आए।

बताया कि छात्रा को देखते ही डॉक्टरों ने कही ओर ले जाने की बात कह दी। उसकी जान को खतरा भी बताया। खून की कमी होने पर दो घंटे तक अस्पताल के डॉक्टरों के सामने परिजन गिड़गिड़ाएं। लेकिन डॉक्टरों ने ब्लड स्टोरेज में खून नहीं होने की बात कही। तब जाकर उन्होंने ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी को मौके पर बुलाया। लापरवाही की हद तो यह है कि डोनर बुलाने के बाद भी डॉक्टरों ने कोई खून की व्यवस्था नहीं की। बताया कि संजय नेगी ने काशीपुर से खून मंगवा, तब जाकर छात्रा की जान रामनगर में बचाई गई।

छात्रा पीरूमदारा में ही पढ़ती है। निर्धन परिवार होने की वजह से परिवार के लोग अस्पताल तक नहीं ला पा रहे थे। सीएमओ डॉक्टर हरीश पंत ने बताया कि ब्लड स्टोरेज में खून उपलब्ध होना चाहिए था। खून नहीं था तो इसकी जानकारी पहले देने चाहिए थी। बताया कि छात्रा की स्थिति ठीक है। शरीर में छह यूनिट खून रह जाना उसकी जान को खतरा भी हो सकता था। लंबी बीमारी में तो मरीज अपने आप को सर्वाइप कर लेता है, लेकिन एक्सीडेंट आदि में खून नहीं मिलने पर मौत हो सकती है।

# जिलाधिकारी ने किए मां नंदा देवी के दर्शन

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुनस्यारी का भी किया निरीक्षण
- व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़/मुनस्यारी।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई द्वारा विगत देर सायं मुनस्यारी स्थित नंदा देवी मंदिर में दर्शन कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र के विकास की कामना की गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुनस्यारी का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, साफ-सफाई, वार्ड व्यवस्था, बेड, उपकरणों तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर एवं वार्डों में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अस्पताल में नियमित रूप से सफाई कराई जाए तथा वार्डों, शौचालयों एवं अन्य स्थानों को स्वच्छ रखा जाए।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके तीमारदारों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में मरीजों के उपयोग हेतु उपलब्ध "खुशियों की सवारी" वाहन के वर्तमान में संचालित न होने पर नारा. जगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वाहन को शीघ्र ठीक कराकर पुनः संचालन में लाया जाए, ताकि मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को समय पर परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने अस्पताल में पर्याप्त संख्या में नए कंबल एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल की समस्त व्यवस्थाओं में सुधार करते हुए नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लाप. रवाही न बरती जाए।

# आपदा प्रभावित परिवारों के विस्थापन का कार्य पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** धारचूला तहसील अंतर्गत ग्राम सभा छल्माछिलासो में वर्ष 2017 से आपदा प्रभावित परिवारों के विस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसे जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी धारचूला आशीष जोशी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य को संपन्न कराने में तहसीलदार एवं समस्त प्रशासनिक टीम की सक्रिय भूमिका रही।

उपजिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में लगभग डेढ़ महीने के भीतर त्वरित कार्यवाही करते हुए विस्थापन प्रक्रिया को पूर्ण किया गया तथा प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिलाया गया और 54 ग्रामीणों को मुआवजे की पहली किस्त प्रदान की जा चुकी है। विस्थापन की प्रक्रिया पूर्ण होने पर ग्राम सभा छल्माछिलासो के आपदा पीड़ित परिवारों ने प्रशासन के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से लंबित इस समस्या के समाधान से उन्हें सुरक्षित जीवन की नई आशा मिली है। ग्राम सभा ने जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन के संवेदनशील एवं प्रभावी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन की यह पहल सदैव स्मरणीय रहेगी।

## अखंड महानाम संकीर्तन का पारायण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप स्थित राधा गोविंद मंदिर में आयोजित अखंड महानाम संकीर्तन का रविवार को विधि-विधान के साथ पारायण हुआ। विशेष पूजा-अर्चना, तुलसी परिक्रमा और महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। शनिवार शाम पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल संकीर्तन में पहुंचे। मंदिर समिति ने उनका अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

ठुकराल ने संतों का आशीर्वाद लिया और कहा कि महानाम संकीर्तन से मन को शांति मिलती है और समाज में प्रेम, सौहार्द्र और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। संकीर्तन में श्री राधा कृष्ण संप्रदाय, मानव मुक्ति संप्रदाय, जय जगन्नाथ संप्रदाय सहित विभिन्न कीर्तन मंडलियों ने भजन प्रस्तुत किए।

# वन कर्मियों पर चौकी प्रहरी को पीटने और जातिसूचक अपमान का आरोप

- थारू समाज के अपमान पर उबाल
- वन अधिकारियों के खिलाफ पुलिस से सख्त कार्रवाई की गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्र खटीमा में वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की दबंगई का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि विभाग के कर्मियों ने एक जनजातीय युवक, जो स्वयं चौकी प्रहरी के पद पर तैनात है, के साथ बर्बरतापूर्ण मारपीट की और उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। घटना के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित विपिन सिंह राणा, जो चकरपुर चौकी में प्रहरी हैं, के अनुसार यह विवाद तब शुरू हुआ जब उन्होंने कुछ समय पूर्व चौकी के सामने से हो रही अवैध लकड़ी तस्करी को रोका था। आरोप है कि इस कार्रवाई से क्षुब्ध होकर वन बीट अधिकारी गंगा राम और सुन्दर सिंह उनसे रंजिश रखने लगे। तहरीर के मुताबिक, 17 अप्रैल 2026 को आरोपी गंगा राम ने विपिन को फोन कर जंगल वाली वन चौकी बुलाया। वहां से उसे जबरन बाइक पर बैठाकर सनिया नाले के पास ले जाया गया, जहां आरोपियों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर डंडों, लातों और घूसों से विपिन की बेरहमी से पिटाई की। पीड़ित का आरोप है कि शारीरिक प्रताड़ना का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका। उन्हें पुरानी तहसील स्थित वन चौकी ले जाया गया, जहाँक्षेत्राधिकारी (त्व) हरेन्द्र बिष्ट ने कथित तौर पर अपनी बेल्ट से विपिन की पीठ और कमर पर वार किए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि त्व ने उसे जातिसूचक अपशब्द कहे और गंगा राम के दबाव में उससे जबरन झूठे बयान दिलवाकर वीडियो भी रिकॉर्ड करवाया। ष्वन विभाग के कुछ कर्मचारी स्थानीय थारू जनजाति के लोगों का शोषण कर रहे हैं। एक तरफ आम जनता से दैनिक कार्यों के लिए वसूली की जा रही है, वहीं दूसरी ओर बड़े तस्करों के साथ साठगांठ चल रही है। यह तानाशाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ष कमलदीप सिंह राणा भाजपा मंडल महामंत्री।

घटना को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी को पत्र सौंपकर निम्नलिखित मांगें रखी हैं: दोषी वन कर्मियों के खिलाफ SC/ST अधिनियम और मारपीट की धाराओं में तत्काल मुकदमा दर्ज हो। दबाव में बनवाए गए झूठे वीडियो और बयानों को निरस्त किया जाए। जनजातीय समाज के साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर पूर्ण रोक लगे। अधिकारियों का पक्षः विजेंद्र शाह (कोतवाल) का कहना है कि ष्मामला दोनों पक्षों की जांच का विषय है। जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। संचीता वर्मा (ष्क्, वन विभाग) का कहना है कि ष्दोनों पक्षों को बुलाकर मामले की आंतरिक जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने पर उचित विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वही तहरीर देते समय भाजपा पदाधिकारी विक्रम भाट मंडल अध्यक्ष चकरपुर, रमेश सिंह ब्ष्टि ग्राम प्रधान चकरपुर, कमलदीप राना, डा. नवीन भट्ट, जीवन सिंह कार्की,पंकज दत्ता,नितिन राणा,सोमनाथ मौर्या, नंदन सिंह खड़ायत,दिनेश गिरी,छोटेलाल राणा, राहुल सिंह यादव, भागीरथी राना, बलदेव सिंह,रमनदीप पोखरिया, किशन भंडारी, जनक चंद आदि लोग मौजूद रहे।

# बंग भवन के लिए नई भूमि चिन्हित



- पुराने कोषागार भवन पर बनेगी आधुनिक सुविधा युक्त दो मंजिला इमारत
- महापौर ने विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा को धरातल पर उतारने के लिए नगर निगम ने तेजी से कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में बंगाली समाज की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए बंग भवन के लिए नया स्थान चिन्हित कर लिया गया है। महापौर विकास शर्मा ने विधायक शिव अरोरा, प्रशास. निक अधिकारियों और बंगाली समाज के प्रतिनिधियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर स्थल का चयन किया और अधिकारियों को शीघ्र डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए।

विदित हो कि बंगाली समाज लंबे समय से जिला मुख्यालय पर बंग भवन के निर्माण की मांग करता आ रहा है। महापौर विकास शर्मा के प्रयासों से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस भवन के निर्माण की सार्वजनिक घोषणा की थी, जिसके तहत प्रथम किश्त भी जारी की जा चुकी है। पूर्व में नगर निगम द्वारा मोदी मैदान के पास भूमि चिन्हित की गई थी, लेकिन तकनीकी अड़चनों के चलते भूमि हस्तांतरण संभव नहीं हो पाया। इसके बाद वैकल्पिक स्थान को लेकर पुनः मंथन किया गया। शनिवार शाम महापौर ने विधायक शिव अरोरा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, एडीएम पंकज उपाध्याय, तहसीलदार दिनेश कुटोला तथा बंगाली समाज के गणमान्य लोगों के साथ किच्छा बाईपास रोड स्थित आकांक्षा ऑटोबाइल के सामने उस भवन का निरीक्षण किया, जहां पूर्व में कोषागार कार्यालय संचालित होता था। यह भवन वर्तमान में जर्जर स्थिति में है। विस्तृत निरीक्षण और विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से इस स्थान को बंग भवन के लिए उपयुक्त माना गया और इसे अंतिम रूप से चिन्हित कर लिया गया।

महापौर विकास शर्मा ने बताया कि लगभग 1400 वर्ग फीट क्षेत्रफल में बने पुराने भवन को ध्वस्त कर यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित दो मंजिला भवन का निर्माण कराया जाएगा। प्रस्तावित भवन में बेसमेंट पार्किंग की व्यवस्था के साथ सामुदायिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक आयोजनों और बैठकों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीघ्र डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जाए, ताकि स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके।

# लोहाघाट में स्वच्छता और देवदार संरक्षण का बिगुल



- डीएम ने 13 टन कूड़ा हटाकर दिया बड़ा संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नगर में आज दुर्लभ प्रजाति के देवदार वृक्षों के संरक्षण और स्वच्छता को लेकर बड़े स्तर पर जनजागरण एवं श्रमदान अभियान की शुरुआत की गई। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अभियान का शुभारंभ करते हुए साफ-सुथरे वातावरण के महत्व पर जोर दिया और कहा कि किसी भी नगर या गांव की पहचान उसकी स्वच्छता से ही होती है।

बाडीगाड़ से डिग्री कॉलेज तक फैली देवदार वन पट्टी में लंबे समय से जमा कूड़े के अंबार को हटाने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधि, महिलाएं, स्वयंसेवी संगठन और युवाओं ने मिलकर श्रमदान किया। अभियान के पहले ही दिन करीब 13 टन कूड़े का निस्तारण कर एक नई मिसाल पेश की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रमदान की परंपरा को फिर से जीवित करना समय की मांग है। हमारे पूर्वजों ने जो प्राकृतिक धरोहर हमें सौंपी है, उसे संरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोहाघाट के लोग सौभाग्यशाली हैं, जो दुर्लभ देवदार वनों के बीच निवास करते हैं, इसलिए इन वनों के साथ-साथ जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना भी जरूरी है। अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, एडीएम के.एन. गोस्वामी सहित कई अधिकारी और जनप्रति. निधि सक्रिय रूप से शामिल रहे। सभी ने मिलकर कूड़े से पट चुकी देवदार वन पट्टी को साफ कर एक नई पहचान देने का काम किया। जिलाधिकारी की अपील पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भागीदारी निभाई और अभियान को सफल बनाया।

यह स्वच्छता अभियान लगातार पांच दिनों तक चलेगा, साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी इसे आगे बढ़ाया जाएगा। अंत में प्रशासन ने लोगों से अपील की कि कूड़े को इधर-उधर फेंकने के बजाय कूड़ेदान का ही उपयोग करें और देवदार वनों को गंदगी से बचाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# धामी की विधानसभा में अफसरों की मिसाल




- सरल व्यवहार और प्रभावी कार्यशैली से जीत रहे जनता का दिल
- जिलाधिकारी से लेकर कोतवाल और विभागीय अधिकारियों तक जनता के बीच भरोसे और संतोष का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों कई अधिकारी अपनी कार्यशैली और व्यवहार को लेकर खासे चर्चा में हैं। इन अधिकारियों ने न केवल प्रशासनिक कार्यों में दक्षता दिखाई है, बल्कि आमजन के साथ सहज और सरल संवाद स्थापित कर भरोसे का माहौल भी बनाया है।

सबसे पहले बात करें जिलाधिकारी मनीष कुमार की, जो वर्तमान में जनता के बीच अपनी सक्रियता और मिलनसार स्वभाव के कारण चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। उनके व्यवहार से लोगों में संतोष का भाव है और समस्याओं के त्वरित समाधान की उम्मीद भी मजबूत हुई है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जी.एस. खाती का नाम भी प्रमुखता से लिया जा रहा है। उनका सरल और मधुर स्वभाव उन्हें जनता और कर्मचारियों दोनों के बीच लोकप्रिय बनाता है।

विकास कार्यों में उनकी सक्रियता और संवाद शैली की सराहना की जा रही है। टनकपुर क्षेत्र में कोतवाल चेतन रावत की भूमिका भी उल्लेखनीय रही है। उनकी मौजूदगी से न केवल कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, बल्कि आम लोगों में कानून के प्रति जागरूकता और पालन की भावना भी बढ़ी है। वहीं विद्युत विभाग के एसडीओ मयंक भट्ट ने कम उम्र में ही अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाया है। उनके कार्यकाल में बिजली व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है, जिससे आमजन को राहत मिली है।

# कांग्रेस पार्टी करती है झूठ और नौटंकी की राजनीतिः अरोरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बंगाली समाज के खिलाफ गणेश गोदियाल वॉइस ऑफ उत्तराखंड कांग्रेस की अभद्र टिप्पणी पर ऊधम सिंह नगर में सियासती पारा चढ़ा हुआ है। बंगाली समाज गणेश गोदियाल कांग्रेस पार्टी के पुतले जलाकर माफी की मांग कर रहा है।

विधायक शिव अरोरा ने आज रविवार को सिटी क्लब में पत्रकारों को बताया कि कांग्रेस पार्टी की झूठ और नौटंकी की राजनीति करने वाले नेता को अपने प्रदेश के आका की राजदरबारी से बाज आना चाहिए। कम से कम सच को सच कहना तो सिख ले। विधायक ने कहा कि ऊधम सिंह नगर में दशकों से निवास कर रहें बंगाली समाज को गणेश गोदियाल वॉइस ऑफ उत्तराखंड कांग्रेस जो पेज दिन रात गणेश गोदियाल की महिमा मंडल कर रहा है। वह पेज 2020 से संचालित हो रहा है, जो इनकी राजनीती गतिविधि को संचा. लित कर रहा है। उसके माध्यम से बंगाली समाज को घुसपैठिया और डेमोग्राफी चेंज वाला बताया, जिससे उत्तराखंड में जनसंख्या असंतुलन हो रहा है। निश्चित रूप से यह बेहद शर्मनाक घटिया मानसिकता का परिचय है।

विधायक बोले कांग्रेस पार्टी और उनके नेता द्वारा बंगाली समाज का अपमान किया है, जो किसी सूरत में बंगाली समाज बर्दाश्त नहीं करेगा और माफी मांगने के जगह उनके स्थानीय नेता रुद्रपुर कोतवाली में तहरीर देते है कि फर्जी फेसबुक अकाउंट एआई के माध्यम से गणेश गोदियाल को बदनाम किया जा रहा है। अगर सच में वह अकॉउंट फर्जी है तो क्यों उसकी शिकायत गोदियाल ने नहीं की और कैसे आज की तारीख तक गणेश गोदियाल वॉइस ऑफ उत्तराखंड कांग्रेस से लगातार गणेश गोदियाल के पक्ष में पोस्ट हो रही है। जो पोस्ट बंगाली समाज के खिलाफ की गई थी, जो हटा दी। मगर गोदियाल के पक्ष में पोस्ट जारी है । इससे स्पष्ट होता है उस पेज को जो 2020 से संचालित है। उसको कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का संरक्षण प्राप्त है या उनके द्वारा यह पेज संचालित हो रहा। विधायक ने कहा कि बंगाली समाज का अपमान कहीं न कहीं गणेश गोदियाल द्वारा किया गया, इससे बंगाल समाज बहुत आहत है। इस दौरान राजकुमार साह, के के दास, जगदीश विश्वास, गोविन्द राय,विजय सीकरी, अशोक ढाली, रविंद्र धर, शंकर विश्वास, मानवेन्द्र राय, मुकेश मंडल, रोबिन विश्वास, शिव कुमार राय, राजू मलिक,राधेश शर्मा, विशाल शील, सिद्धार्थ मलिक, सतनाम सिंह, मनोज मदान, मयंक कक्कड़ आदि लोग मौजूद रहे।

# रिंकू ने दिलाई कोलकाता को पहली जीत

### KKR ने RR को 4 विकेट से हराया, रिंकू के नाबाद 53 रन वरुण- कार्तिक को 3-3 विकेट

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने IPL 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज करते हुए राजस्थान रायल्स (आरआर) को 4 विकेट से हरा दिया। ईडन गार्डन्स में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान 20 ओवर में 155/9 ही बना सकी। जवाब में कोलकाता ने 19.4 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। टीम की जीत में रिंकू सिंह ने नाबाद 53 रन की अहम पारी खेली। राजस्थान की यह लगातार दूसरी हार रही और टीम 8 पाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि कोलकाता पहली जीत के साथ 9वें नंबर पर पहुंच गई है।

वैभव-यशस्वी के बीच 81 रन की साझेदारी टीम के लिए ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। उनके और यशस्वी जायसवाल के बीच पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी हुई। वैभव के अलावा यशस्वी जायसवाल ने 39, शिमरोन हेटमायर ने 15 और रियान



पराग ने 12 रन बनाए। पांच बैटर्स सिंगल डीजिट में आउट हुए। सुनील नरेन ने 2 विकेट लिए। जोफा आर्चर रन आउट हुए। कोलकाता के लिए वरुण चक्रवर्ती और कार्तिक त्यागी ने 3-3 विकेट झटके। अनुकूल राय ने नाबाद 29 रन बनाए 156 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कोलकाता के 85 रन पर 6 विकेट गिरा दिए थे। लेकिन रिंकू सिंह (नाबाद 53) और अनुकूल राय (नाबाद 29) ने मैच पलट दिया। कोलकाता के लिए रिंकू और अनुकूल राय के अलावा कैमरन ग्रीन ने 29 और रोवमन पावेल ने 27 रन बनाए। राजस्थान के लिए रवींद्र जडेजा ने 2 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर, रवि बिश्नोई, नांद्रे बर्गर और यश पुंजा को 1-1 विकेट मिला। यश राज पुंजा ने 13.3 ओवर में अपना पहला आईपीएल विकेट हासिल किया। रमनदीप सिंह कवर ड्राइव खेलने के लिए आगे बढ़े, लेकिन गेंद तेज और बाहर थी, जिससे उनका अंदरूनी किनारा लग गया। गेंद सीधे स्टंप्स पर जा लगी और रामनदीप 13 गेंदों में 10 रन बनाकर बोल्ड हो गए। यह यश पुंजा के लिए एक खास पल रहा, क्योंकि वे आज डेब्यू मैच में अपना पहला आईपीएल विकेट लिया। 10.1 ओवर में जडेजा ने रोवमन पावेल को आउट कर दूसरी सफलता हासिल की। पावेल आगे बढ़कर लॉन्ग-ऑन के ऊपर बड़ा शाट खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद की पिच तक नहीं पहुंच पाए और टाइमिंग बिगड़ गई।

गेंद बल्ले के निचले हिस्से से लगकर हवा में गई, जहां डेनोवोन फरेरा ने आसान कैच लपक लिया। पावेल 20 गेंदों में 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 6.6 ओवर में रवींद्र जडेजा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अंगकृष रघुवंशी को एसबीडब्ल्यू कर दिया। रघुवंशी रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे उनके पैड पर लगी, जो ऑफ स्टंप के सामने थी। जडेजा के इस ओवर में सिर्फ 1 रन आया और एक अहम विकेट मिला। रघुवंशी 19 गेंदों में 10 रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता के पावरप्ले में 51 रन पर 3 विकेट गिरे। इस दौरान कैमरन ग्रीन, अजिंक्य रहाणे और टिम साइफर्ट आउट हुए। 4.4 ओवर में रवि बिश्नोई ने बड़ा विकेट दिलाया। कैमरन ग्रीन आगे बढ़कर खेलने गए, लेकिन बिश्नोई ने चतुराई से गुगली लेग साइड पर डाल दी, जो और ज्यादा टर्न हो गई। विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने शानदार फुर्ती दिखाते हुए बाईं ओर डाइव लगाकर गेंद पकड़ी और एक हाथ से सीधे स्टंप्स पर मार दिया। ग्रीन काफी बाहर रह गए थे और थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया। ग्रीन 13 गेंदों में 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे। बतौर ओपनर सबसे ज्यादा डक के मामले में अजिंक्य रहाणे 12 बार शून्य पर आउट होकर टाप पर पहुंच गए हैं। उनके बाद पार्थिव पटेल (11), शिखर धवन (10), गौतम गंभीर (10) और डेविड वार्नर (9) का नाम आता है। कोलकाता को लगातार दूसरे ओवर में झटका लगा। 1.2 ओवर में नांद्रे बर्गर ने अजिंक्य रहाणे को आउट कर केकेआर को बड़ा झटका दिया। आफ स्टंप के बाहर शार्ट गेंद पर रहाणे कट शाट खेलने गए।

# अनिरुद्ध चंद्रशेखर ने जीता बुसान ओपन टेनिस युगल खिताब

**(दक्षिण कोरिया), वार्ता।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी अनिरुद्ध चंद्रशेखर और उनके जापानी जोड़ीदार ताकेरू युजुकी ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए बुसान ओपन 2026 एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट का युगल खिताब जीत लिया। आज यहां खेले गए मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त अनिरुद्ध चंद्रशेखर और ताकेरू युजुकी ने पहला सेट हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त नीदरलैंड के जीन-जुलियन रोजर और अमेरिका के थियोडोर वाइनगर को 4-6, 6-3, 10-7 से हराया। भारत-जापानी जोड़ी ने तीसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद पहला सेट गंवा दिया था,

लेकिन दूसरे सेट के आठवें गेम में एक अहम ब्रेक लेकर वापसी की और मैच को सुपर-टाईब्रेकर तक पहुंचाया, जिसे उन्होंने जीत लिया। अनिरुद्ध चंद्रशेखर और ताकेरू युजुकी ने बुसान में युगल ड्रॉ के शुरुआती दो राउंड बिना कोई सेट गंवाए आसानी से पार कर लिएद्ध उन्होंने दक्षिण कोरिया के स्थानीय वाइल्डकार्ड जोड़ीदार सुक एन-ग्यून-जून किम और ब्रिटेन की जोड़ी बेन जोन्स-जोशुआ पेरिस को हराया। सेमीफाइनल में, दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने सुपर-टाईब्रेकर में भारतीय जोड़ी ऋत्विक बोलिपल्ली और अर्जुन काधे को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह अनिरुद्ध चंद्रशेखर का इस सीजन का पहला खिताब था और ताकेरू युजुकी के साथ जोड़ी के रूप में उनकी पहली जीत थी।

## खेल विशेष

### नर्बुरग्रिग क्वालिफायर्स में सात कारों की टक्कर में रेसिग ड्राइवर की मौत

**बर्लिन, वार्ता।** जर्मनी में एडीएसी 24 नर्बुरग्रिग क्वालिफायर्स के दौरान सात कारों की टक्कर में रेसिग ड्राइवर जुहा मिएट्टिनेन की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इस स्पर्धा में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन भी हिस्सा ले रहे थे। आयोजकों द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार, 66 वर्षीय मिएट्टिनेन को गाड़ी से बाहर निकाला गया और मेडिकल सेंटर ले जाया गया, जहां उन्हें बचाने की तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी मौत हो गई। यह गंभीर हादसा रेस के शुरुआती चरण में हुआ और इसमें सात ड्राइवर शामिल थे। रेस आयोजकों ने एक बयान में कहा, ष्आपातक.ालीन सेवाओं के तुरंत पहुंचने के बावजूद, आपातकालीन चिकित्सक दुर्घटना में शामिल ड्राइवर, जुहा मिएट्टिनेन को नहीं बचा सके, जिन्हें गाड़ी से बाहर निकाला गया था, मेडिकल सेंटर में उन्हें बचाने की तमाम कोशिशें नाकाम रहने के बाद ड्राइवर की मौत हो गई।

### शिवा व शॉटगन शूटर सबीरा हारिस भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे

**काहिरा, वार्ता।** काहिरा में जूनियर विश्व कप, जो 27 अप्रैल को समाप्त होगा, 21 साल से कम उम्र के निशानेबाजों के लिए इस साल का पहला जूनियर आईएसएसएफ विश्व कप है। इसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन श्रेणियों के मुकाबले शामिल होंगे। इस साल का दूसरा जूनियर विश्व कप सितम्बर में इटली के पोरपेटो में होना तय है, लेकिन वह केवल शॉटगन इवेंट्स के लिए होगा। पिछले साल जर्मनी के सुहल और नई दिल्ली में हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप के अलग-अलग चरणों में, भारतीय निशानेबाजों ने 37 पदक जीते थे, जिनमें 17 स्वर्ण पदक शामिल थे - यह किसी भी फेडरेशन द्वारा जीते गए सबसे ज्यादा पदक थे। हाल के वर्षों में भारतीय निशानेबाजों ने जूनियर शूटिंग प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर अपना दबदबा बनाए रखा है और इस साल भी वे इसी सिलसिले को जारी रखने की उम्मीद करेंगे। काहिरा टूर्नामेंट में, 71 भारतीय निशानेबाज 18 अलग-अलग स्पर्धाओं में पदकों के लिए मुक.ाबला करेंगे।

# आयुष म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग फटी, अगले मैच में खेलना मुश्किल

**हैदराबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के बैटिंग कोच माइकल हसी ने उप्पल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 10 रन की हार के बाद पुष्टि की कि आयुष म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग फट गई है। उन्होंने आगे कहा कि यह चोट ष्काफी गंभीर लग रही हैष और नम्बर 3 पर बल्लेबाजी करने वाला यह खिलाड़ी टीम के लिए ष्एक बड़ा नुकसान साबित होगा।



म्हात्रे, जिन्होंने सीएसके के असफल रन चेज में 13 गेंदों पर 20 रन बनाए थे, अच्छी लय में दिख रहे थे और उन्होंने टीम को वह शुरुआती गति प्रदान की जिसकी उन्हें अक्सर कमी खलती थी। हालांकि, कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ बल्लेबाजी करते समय, उन्हें दूसरा रन पूरा करने में काफी दिक्कत हुई और उन्हें अपनी बाईं हैमस्ट्रिंग को पकड़ते हुए देखा गया। उन्हें मैदान पर ही तुरंत मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। इसके बाद विकेटों के बीच दौड़ते समय वह साफ तौर पर असहज महसूस कर रहे थे और कुछ ही गेंदों बाद आउट हो गएद्ध नीतीश रेड्डी की गेंद पर हेनरिक क्लासेन ने उनका शानदार कैच लपका। पवेलियन लौटते समय, म्हात्रे को रामकृष्ण घोष और फिजियो तैफुन सिमसेक की मदद से मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। हसी ने कहा कि जाहिर है, यह हैमस्ट्रिंग का फटना है।

# गुजरात के खिलाफ कई सवालों का जवाब देने उतरेंगे मुम्बई इंडियंस

**अहमदाबाद, वार्ता।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम एक हाई-प्रेशर वाली आईपीएल रात के लिए तैयार है, जहां फॉर्म, साख और निराशा-सब एक ही फ्रेम में टकराएंगे। कहानी साफ है: क्या मुंबई इंडियंस के सुपरस्टार्स आखिरकार एक साथ जलवा दिखा पाएंगे, या गुजरात टाइटन्स अपना दबदबा बनाए रखेगी, जबकि जसप्रीत बुमराह का विकेटों का सूखा और लंबा खिचता जाएगा?



एक तरफ है गुजरात, एक ऐसी टीम जिसने शुरुआती लड़खड़ाहट के बाद चुपचाप अपनी रफ्तार फिर से हासिल कर ली है। उन्होंने सीजन की शुरुआत दो हार के साथ की थी, लेकिन अब लगातार तीन जीत के साथ जोरदार वापसी की है, और पॉइंट्स टेबल के ऊपरी हिस्से में जगह बना ली है। शुभमन गिल इस बदलाव का चेहरा रहे हैं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और सही टाइमिंग के साथ बल्लेबाजी की है, जिसमें हाल ही में खेली गई 86 रनों की मैच-विनिग पारी भी शामिल है। उनके साथ, साई सुदर्शन ने भले ही ज्यादा सुर्खियां न बटोरी हों, लेकिन वह टॉप ऑर्डर की संरचना में एक अहम कड़ी बने हुए हैं। फिर आते हैं जोस बटलर, जो ऐसा लग रहा है कि उन्होंने ठीक सही समय पर अपनी पुरानी लय फिर से पा ली है। उनके हाल के स्कोर - 60, 52 और 25 - बताते हैं कि वह एक बार फिर मैच-विनिग मोड में आ रहे हैं। इसमें मध्यक्रम में वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स और राहुल तेवतिया को भी जोड़ लें, तो जीटी अचानक सीजन की शुरुआत के मुकाबले ज्यादा मजबूत और गहरी टीम नजर आती है।

# अय्यर को तुरंत भारतीय टी-20 टीम में जगह मिलनी चाहिए : अश्विन

**नई दिल्ली, वार्ता।** चाहे आईपीएल 2025 हो या अब तक का आईपीएल 2026, श्रेयस अय्यर इस समय 'अपने सर्वश्रेष्ठ जोन' में हैं और यह उनकी फॉर्म और पंजाब किंग्स के नतीजों में स्पष्ट दिख रहा है। आर अश्विन ने सुझाव दिया है कि अय्यर को भारत की टी-20 टीम में होना चाहिए, चाहे यह स्पष्ट ना हो कि वह किसकी जगह लेंगे। अश्विन ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट कार्यक्रम में कहा कि मैं सिर्फ बनाए गए रनों या छक्कों-चौकों को नहीं देख रहा हूं, बल्कि मैदान पर उनकी मौजूदगी का प्रभाव देख रहा हूं।



जब श्रेयस अय्यर गार्ड मार्क करते हैं, तो लगता है कि वह एक ऐसे जोन में हैं, जो किसी क्रिकेटर के करियर में सिर्फ एक या दो ही साल के लिए आता है और तब ऐसा लगता है कि आप कोई गलती नहीं कर रहे। और यह इसलिए होता है क्योंकि आप जोन में होते हैं। सब कुछ सही चल रहा होता है, मसलन कि आप क्या खा रहे हैं, कब सो रहे हैं, कैसे अभ्यास कर रहे हैं। नेट्स में जो गेंद खेलते हैं, वही मैच में भी आपको मिलती है।ष अय्यर ने अपनी पिछली तीन पारियों में 50, नाबाद 69 और 66 बनाए हैं और इस समय आईपीएल 2026 में उनका स्ट्राइक रेट 187-96 है। अश्विन ने कहा कि क्रीज पर उनकी मौजूदगी ही गेंदबाजों के लिए कई तरह से डर पैदा कर रही है।

खुद को बेहतर बनाने की उनकी भूख शानदार है। मैंने काफी समय तक क्रिकेट खेला है और कई खिलाड़ियों से मिला हूं। बहुत कम खिलाड़ियों में यह इच्छा होती है कि वे अपनी ताकत छोड़कर अपनी कमजोरियों पर काम करें। आपने कई करियर देखे होंगे, जहां खिलाड़ियों ने अपनी कमजोरियों पर बिल्कुल भी काम नहीं किया है। लेकिन अपने कमजोरियों पर काम करने का सफर ही अच्छे से महान बनने का होता है। मुझे लगता है कि श्रेयस ने अच्छे से महान बनने की यात्रा शुरू कर दी है। मैं यह नहीं कह रहा कि वह महान हैं, बल्कि यह एक यात्रा है। कहा जाता था कि वह शॉर्ट बॉल नहीं खेल सकते। उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं टेस्ट मैच में पुल खेलकर आउट हो जाऊंगा, लेकिन चुनौती से पीछे नहीं हटूंगा। जसप्रीत बुमराह की गेंद को मिडविकेट के सामने पुल करके छक्का मारना, यह कई खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। इस समय अगर उन्हें बड़े मौके नहीं मिलते, तो यह उनका नुकसान नहीं है। यह हमारा नुकसान है कि हम उन्हें भारतीय टीम के लिए वही करते नहीं देख पा रहे, जो वह अपने राज्य या फ्रैंचाइजी के लिए कर रहे हैं।

# कोबोली ने ज्वेरेव को अपसेट किया

**म्यूनिख, वार्ता।** फ्लेवियो कोबोली ने शनिवार को म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन में घरेलू दर्शकों को शांत कर दिया, जहां उन्होंने मौजूदा चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को पछाड़कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने एटीपी रैंकिंग में नम्बर 3 खिलाड़ी ज्वेरेव के खिलाफ 6-3, 6-3 से जीत के लिए शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन किया। कोबोली ने 32 विनर्स लगाए और अपनी पहली सर्व पर सिर्फ आठ पॉइंट गंवाए, और इस तरह उन्होंने टॉप-5 प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपनी पहली जीत हासिल की।

कोबोली ने कहा कि यह मेरे अब तक के सबसे अच्छे मैचों में से एक था, और वह भी टूर पर मेरे सबसे अच्छे दोस्तों में से एक के खिलाफ। हेड 2 हेड सीरीज में कोबोली ज्वेरेव से 1-2 से पीछे हैं। वह सच में एक बहुत अच्छा इंसान है और उसकी टीम में सभी के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं, इसलिए उसके खिलाफ खेलना थोड़ा मुश्किल था।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, पिथौरागढ़।

पत्रांक : 1077/ निविदा /112 — **अति अल्पकालीन निविदा सूचना** — दिनाँक : 18/04/2026

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा दैवीय आपदा (राज्य मोचन निधि) कार्यक्रम अन्तर्गत विभाग में पंजीकृत "डी" श्रेणी के अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदा दिनांक 28.04.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 15:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी द्वारा निविदादाताओं/ प्रतिनिधि के सम्मुख खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | धरोहर धनराशि @ 3% (रू0 में) | कार्य पूर्ण की अवधि | निविदा की वैधता | निविदा प्राप्त करने की तिथि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खतीगांव खालागैर से पिपलकोट पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | बिण | 500.00 + 18%G.S.T | 4500.00 | 01 माह | 30 दिन | दिनांक 21.04.2026 से दिनांक 27.04.2026 सांय 16:00 बजे तक | "डी" एवं उच्चतर |
| 2 | पसेलखोला से बसोरा पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | मूनाकोट | 500.00 + 18%G.S.T | 4200.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 3 | पपदेव से हुड़ेती पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | बिण | 500.00 + 18%G.S.T | 4200.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 4 | निनुनिया से घाटगांव पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | बिण | 500.00 + 18%G.S.T | 4200.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 5 | बेडा से हिमतड़ पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | मूनाकोट | 500.00 + 18%G.S.T | 9300.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 6 | थामकुण्ड से सिमलटॉक पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | बिण | 500.00 + 18%G.S.T | 4200.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 7 | तड़ेमियां पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | मूनाकोट | 500.00 + 18%G.S.T | 6600.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 8 | हल्दूगाड से सल्याडी मालूबेला पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | बिण | 500.00 + 18%G.S.T | 3600.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 9 | भटेडी पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | मूनाकोट | 500.00 + 18%G.S.T | 3300.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 10 | पपदेव से दाडिमखोला पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | बिण | 500.00 + 18%G.S.T | 3600.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 11 | मड़खड़ायत अन्तर्गत पेयजल टंकी (मरम्मत कार्य) | मूनाकोट | 18%G.S.T | 4200.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 12 | कुन्कुगाड से टुन्डी पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | कनालीछीना | 500.00 + 18%G.S.T | 3300.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 13 | भीडागाड से पुरमुडा पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | बिण | 18%G.S.T | 4500.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 14 | पटखानी गुरूंगतोली पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | मूनाकोट | 500.00 + 18%G.S.T | 6000.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 15 | भमकाधारा पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | मूनाकोट | 500.00 + 18%G.S.T | 4400.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |
| 16 | बेलतड़ी पे0यो0 (मरम्मत कार्य) | मूनाकोट | 500.00 + 18%G.S.T | 6000.00 | 01 माह | 30 दिन | | "डी" एवं उच्चतर |

नोट :- निविदा की शर्तें कार्यालय दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(पी0एन0 चौधरी)
अधिशासी अभियन्ता



## कार्यालय नगर पालिका परिषद जसपुर (ऊधमसिंहनगर)

पत्रांक- 4145/04-सम्पत्ति कर अनुभाग/2025-26/2025 — दिनांक: 17.04.2026

**सार्वजनिक संशोधित सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद जसपुर जिला उधमसिंह नगर के कर विभाग में अभिलेखों में नामान्तरण/दाखिल खारिज हेतु आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं- सूची निम्नवत् है।

| क0 सं0 | आवेदन का दिनांक | मौहल्ला/डिमाण्ड रजि0 संख्या | वर्तमान अभिलेखों में दर्ज नाम व पता | नामान्तरण होने वाले का नाम व पता | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 01.01.2026 | नई बस्ती/4556 | श्रीमति शहनाज परवीन पत्नि मो0 आरिफ, शबनम जहां पत्नि मुशरफ अली व मेहताब जहां पत्नि शाहिद हुसैन | श्री मौहम्मद शाहनवाज पुत्र श्री सईद अहमद | रजिस्टर्ड बैनामा |

जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामान्तरण / दाखिल-खारिज किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वह एक माह (30 दिन) के अन्दर लिखित रूप से सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्त होने पर नामान्तरण/दाखिल-खारिज कर दिया जायेगा तथा समयावधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी
न0पा0प0 जसपुर।

# कलियर से लापता युवती कर्नाटक से बरामद

## भीख व गलत धंधे में धकेलने की साजिश को कलियर पुलिस ने किया नाकाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऑपरेशन प्रहार की गूंज: रुड़की से बहला-फुसलाकर कर्नाटक ले जाई गई 14 वर्षीय बच्ची को हरिद्वार पुलिस ने दबोचा, भीख और गलत धंधे में धकेलने की साजिश नाकाम!

पिरान कलियर। हरिद्वार पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत एक संवेदनशील मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को कर्नाटक के बैंगलोर से सकुशल बरामद कर लिया। आरोपी महिला बच्ची को कपड़े दिलाने के बहाने रुड़की से ले गई थी और उसे बहला-फुसलाकर दिल्ली होते हुए कर्नाटक पहुंचा दिया था।

मामले में वादिया निवासी मुस्लिम नगर, बक्सी का तालाब थाना जानकीपुरम लखनऊ (हाल निवासी मुकर्बपुर कलियर, हरिद्वार) ने थाना पिरान कलियर में लिखित तहरीर दी कि 09.04.2026 को उसकी 14 वर्षीय पुत्री को पड़ोस में रहने वाली महिला कपड़े खरीदवाने के बहाने अपने साथ ले गई और वापस नहीं लौटी। इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक देहात व क्षेत्राधिकारी रुड़की के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पिरान



कलियर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मोबाइल नंबरों की लोकेशन ट्रेस की। संदिग्ध महिला की लोकेशन दिल्ली, लखनऊ, मध्यप्रदेश होते हुए अंततः बैंगलोर (कर्नाटक) में ट्रेस हुई, जबकि पीड़िता का मोबाइल स्विच ऑफ मिला।दिनांक 16.04.2026 को पुलिस टीम कर्नाटक पहुंची और स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी महिला को हिरासत में लेकर नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपी महिला (निवासी याकूबगंज, फर्रुखाबाद, यूपी) ने बताया कि वह दरगाह क्षेत्र में भीख मांगकर गुजारा करती है। उसने बच्ची को बड़े शहरों में अधिक कमाई का लालच दिया और भीख मंगवाने की योजना बनाई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी का उद्देश्य बच्ची को गलत कार्य में धकेलना भी था। समय रहते पुलिस की तत्परता से एक बड़ी घटना टल गई। पीड़िता की मां अत्यंत गरीब और बीमार है तथा भीख मांगकर बच्चों का पालन-पोषण करती है। उसे उम्मीद नहीं थी कि उसकी बेटी सकुशल वापस मिल पाएगी। पुलिस टीम के साथ बेटी को देखकर मां के चेहरे पर खुशी लौट आई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार ने त्वरित कार्रवाई के लिए पूरी टीम की सराहना करते हुए पीठ थपथपाई। स्थानीय लोगों ने भी हरिद्वार पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा की। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी,वरिष्ठ उप देवेन्द्र सिंह तोमर, अपर उप निरीक्षक रामअवतार,हैड कांस्टेबल सोनू कुमार,महिला कांस्टेबल सरिता राणा शामिल रहे।

# बिना लाइसेंस फुटकर व्यापारियों पर लगेगा जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**रूडकी।** कृषि उत्पादन मंडी समिति ने सभी फुटकर फल-सब्जी, रेहड़ी-ठेली, खाद्यान्न कारोबार करने वाले व्यापारियों को तीन दिन में मंडी से लाइसेंस बनवाने के निर्देश दिए हैं। मंडी प्रबंधन की ओर से चेतावनी दी कि यदि सचल दस्ते को वह बिना मंडी लाइसेंस के कारोबार करते हुए पकड़े जाते हैं तो उनसे जुर्माना वसूला जाएगा। कृषि मंडी समिति के सचिव पंकज राज शाह ने बताया कि शासन की ओर से मिले निर्देश के अनुसार जो मंडी एवं बाहरी क्षेत्र में फलों, सब्जी, रेहड़ी पर बिना लाइसेंस कारोबार करता पाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सचिव ने बताया कि मंडी क्षेत्र में सचल दस्ते की टीम गठित कर दी गई है जो जगह-जगह जाकर फुटकर व्यापारियों के लाइसेंस चेक करेगी। लाइसेंस न होने पर व्यापारियों के खिलाफ मंडी नियमावली के तहत जुर्माना भी लगाया जाएगा। बताया कि लाइसेंस बनवाने के लिए आधार कार्ड या पैन कार्ड स्थान का विवरण या किराये नामे के दस्तावेज जमा करने होंगे। उन्होंने फुटकर व्यापारियों से तीन दिनों में मंडी लाइसेंस बनवाए जाने की अपील की है।

# त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समिति ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समिति के तत्वाधान में रुड़की में भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी एवं शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया।

उत्तराखंड प्रभारी विकास त्यागी ने कहा कि भगवान परशुराम ने सदैव अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और धर्म की रक्षा करने का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी समाज को सत्य, साहस और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। महानगर अध्यक्ष मोहित त्यागी ने कहा कि भगवान श्री परशुराम का जीवन समाज को एकजुटता और संगठन की शक्ति का संदेश देता है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर मोनू त्यागी, अनिरुद्ध त्यागी, प्रदीप त्यागी, गौरव त्यागी, नीतेश त्यागी, अंकुर त्यागी, हार्दिक त्यागी, आशुतोष कौशिक, सचिन त्यागी नावला, विपिन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने फरार वारंटी दबोचा

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत न्यायालय द्वारा जारी एक गैर जमानती वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि ग्राम टिकोला कला थाना मंगलौर निवासी अंकित पुत्र ओमवीर न्यायालय में चल रहे एक मुकदमे में काफी समय से फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा उक्त के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए ।पुलिस द्वारा शनिवार रात्रि उक्त के घर पर दबीश देकर गिरफ्तार करने के बाद चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

# मोबाइल टावर के विरोध में कॉलोनीवासियों का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आबादी क्षेत्र न्यू आदर्श नगर में मोबाइल टावर लगाए जाने के विरोध में कॉलोनीवासियों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि घनी आबादी के बीच टावर लगाए जाने से रेडिएशन का खतरा बढ़ेगा, जिससे लोगों में गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका है।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि टावर लगाने वाली कंपनी के कर्मचारी एवं ठेकेदार द्वारा मानकों के विपरीत कार्य किया जा रहा है। उनका आरोप है कि बिना उचित अनुमति और सुरक्षा मानकों का पालन किए टावर खड़ा किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक टावर को यहां से हटाया नहीं जाता, उनका धरना जारी रहेगा। कॉलोनीवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि धरना शुरू करने से नाराज भवन स्वामी ने उनके साथ अभद्रता की और विरोध करने पर मारपीट भी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि मारपीट के बाद भवन स्वामी ने उनके खिलाफ लूट और मारपीट का झूठा मुकदमा भी दर्ज करा दिया है। मामले को लेकर पार्षद सचिन कश्यप ने



बताया कि टावर हटवाने की मांग को लेकर कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट से भी मुलाकात की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि मामले में सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। धरना प्रदर्शन में विजय कुमार, सुनीता गोस्वामी, लव कुश गोस्वामी, विशाल गोस्वामी, नीलम निधि, विजय धीमान, रविंदर धीमान, डिंपल धीमान, प्रदीप कश्यप, अंशुल सैनी, अक्षय चौधरी, श्याम सिंह, रोहित कश्यप, बृजेश, सागर अग्रवाल, अरविंद कपिल, रामकिशन, शोभित नामदेव, रोशन लाल, सोहेल सलमानी, अखिल चौधरी, रोहित सिंह, सात्विक कुमार, आदित्य श्रीवास्तव, दानिश, परवीन, योगेंद्र सिंह, मंजू कश्यप, गीता कश्यप, तूलिका, सनौद कश्यप, नीलम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# लक्सर पुलिस ने तीन वारंटियों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** हरिद्वार जनपद में अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत लक्सर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक लक्सर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार को अलग-अलग क्षेत्रों से न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में लंबित वारंटों के शत-प्रतिशत तामील कराने के सख्त निर्देश दिए गए थे इसी क्रम में कोतवाली लक्सर पुलिस ने विशेष टीमों का गठन कर क्षेत्र में सघन चेकिंग और दबिश दी। अभियान के दौरान रविवार, 19 अप्रैल को पुलिस ने तीन ऐसे वारंटियों को गिरफ्तार किया, जो लंबे समय से न्यायालय की आदेशिकाओं की अवहेलना कर रहे थे गिरफ्तार किए गए। अभियुक्तों के नाम दिनेश पुत्र बेग्गूराम निवासी: ग्राम मुबारिकपुर अलीपुर, मोहम्मदपुर बुजुर्ग, लक्सर नीरज पुत्र इन्द्र सिंह निवासी: ग्राम निरंजनपुर, लक्सर अमित कुमार पुत्र इन्द्र सिंह निवासी: ग्राम निरंजनपुर लक्सर हैं जिन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में वारंटियों और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम में उप-निरीक्षक नरेन्द्र सिंह कांस्टेबल कपिल देव अरुण कुमार और राजेन्द्र सिंह बिष्ट मुख्य रूप से शामिल रहे।

# प्रशासनिक टीम ने की विकास कार्यों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की ब्लॉक के माधोपुर हजरतपुर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत पर शनिवार को प्रशासन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम जांच के लिए पहुंची। जांच के दौरान संबंधित जिम्मेदार अधिकारी गांव में बनी सड़कों का स्पष्ट विवरण नहीं दे सके, जिस पर तहसीलदार ने उन्हें एक सप्ताह का समय दिया है।

गांव निवासी आदिल ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से शिकायत कर 32 विकास कार्यों में धांधली का आरोप लगाया था। इन कार्यों में मुख्य रूप से सड़कों का निर्माण, किसानों के खेतों में पाइपलाइन बिछाना, नाला खुदाई और तालाब का सौंदर्यीकरण शामिल हैं। शिकायत के आधार पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए थे। निर्देशों के अनुपालन में तहसीलदार विकास अवस्थी और खंड विकास अधिकारी सुमन दत्त कुटियाल अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे। इस दौरान टीम ने मौके पर विकास कार्यों का सत्यापन शुरू किया, लेकिन संबंधित जिम्मेदार अधिकारी सड़कों के निर्माण संबंधी सटीक जानकारी नहीं दे पाए। उन्होंने खुद भी इस बात को स्वीकार किया कि उन्हें यह स्पष्ट नहीं है कि किन-किन स्थानों पर सड़कें बनाई गई हैं। स्थिति को देखते हुए टीम ने फिलहाल नौ विकास कार्यों की ही जांच की।



शेष कार्यों, विशेषकर सड़कों के संबंध में पुख्ता जानकारी उपलब्ध कराने के लिए संबंधित को एक सप्ताह का समय दिया गया है। तहसीलदार विकास अवस्थी ने बताया कि जांच किए गए कार्यों की रिपोर्ट ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को भेजी जाएगी। वहीं खंड विकास अधिकारी सुमन दत्त कुटियाल ने कहा कि शिकायत के आधार पर पहले भी कुछ कार्यों की जांच हो चुकी है और बाकी कार्यों की जांच भी जल्द पूरी की जाएगी।

# आर्य समाज मंदिर में यज्ञ व महोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित आर्य समाज मंदिर में रविवार को 51 वाँ महोत्सव कार्यक्रम हवन यज्ञ तथा प्रवचन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आर्य समाज वक्ताओं द्वारा धर्म के अनुसार कार्य करने तथा वेदों का अध्ययन करने को कहा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चौधरी यशवीर सिंह ने कहा कि मनुष्य को अधर्म को छोड़कर धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने महाभारत युद्ध का वर्णन करते हुए बताया कि महाभारत का युद्ध भी अधर्म को समाप्त करने के लिए हुआ था ।जिसमें करोड़ों लोगों को बलिदान देना पड़ा था। महर्षि दयानंद सरस्वती मूर्ति पूजा मैं विश्वास नहीं रखते थे। उन्होंने देश के अलावा दूसरे देशों में भी जाकर वेदों के साथ-साथ आर्य समाज का भी प्रचार किया। उन्होंने बताया कि समय समय पर हवन यज्ञ करना आवश्यक है। हवन यज्ञ करने से अग्नि में देसी घी के अलावा जो सामग्री प्रयोग होती है उससे उठने वाला धुआं हवा में मिल कर दूषित कीटाणुओं को नष्ट करता है। यज्ञ में दी गई आहुतियां देवता ग्रहण करते हैं जिससे सुख समृद्धि तथा शांति मिलती है। इस अवसर पर झबरेड़ा आर्य समाज अध्यक्ष चौधरी बिरम सिंह ऋषिपाल वर्मा बबलू आर्य सुबोध कुमार रविंद्र सिंह अरविंद कुमार उमा देवी सचिन कुमार ममता देवी आदि उपस्थित रहे।

# दुकान से हजारों का सामान व नकदी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** खजुरी डेलना चौराहे पर शुक्रवार रात को दो दुकानों में नकबजनी की गई। इसमें एक दुकान में हजारों की कीमत की चिप्स व नकदी चोरी कर ली गई जबकि दूसरी दुकान में नकबजनी तो की गई लेकिन आहट होने पर नुकसान होने से बच गया। दुकानदारों ने तहरीर देकर चोरी के खुलासे की मांग की।

झबरेड़ा थाना क्षेत्र के खजुरी गांव निवासी पंजाब कश्यप ने दी तहरीर में बताया कि खजुरी डेलना चौराहे पर उसकी मिठाई की दुकान है। शुक्रवार रात वह रोजाना की तरह दुकान बंद करके गांव आ गए। शनिवार सुबह जब वह दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो दुकान की पीछे की दीवार टूटी मिली। वहां दुकान के अंदर से चिप्स की आठ पेटी व पांच हजार की नकदी गायब मिली। वहीं इस दुकान के पास ही चंदन त्यागी के बेटे की पेस्टीसाइड की दुकान में भी चोरी का प्रयास किया गया। दुकान की दीवार में छोटी नकबजनी की गई लेकिन कोई आहट होने पर शायद अज्ञात बदमाश दीवार ज्यादा नहीं तोड़ पाए। थाने पहुंचे भारतीय किसान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री शुक्रम पाल राणा, चंदन त्यागी, मोहित कश्यप, योगेश त्यागी, मांगाराम कश्यप, मयंक त्यागी, रामपाल गुलजार सिंह, विक्की कश्यप, सुरेश कुमार, मनोज कुमार व बिजेंदर त्यागी आदि ग्रामीणों ने चोरी का खुलासा जल्द से जल्द करने की मांग की।

# चार ओवरलोड डम्पर सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** थाना बुग्गावाला' पुलिस ने ओवरलोर्डिंग के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए खनन सामग्री से भरे 04 डम्पर को सीज कर दिया है।

एसएसपी हरिद्वार' द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को सडक दुर्घटनाओ‎ं की रोकथाम व ओवर लोर्डिंग के विरूद्ध सख्त कार्रवाई किये जाने हेतु निर्देश निर्गत किये गये है। उपरोक्त क्रम में थानाध्यक्ष बुग्गावाला'के नेतृत्व में चौकी अमानतगढ क्षेत्रान्तर्गत चौकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान ओवर लोडिंग के विरूद्ध कार्रवाई करते 04 डम्पर को ओवरलोडिंग में सीज किया गया है। ओवर लोडिंग के विरूद्ध हरिद्वार पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। 'पुलिस टीम में उ०नि०मनोज कुमार-चौकी प्रभारी अमानतगढ, ए०एस०आई नवीन पंवार, हे०का० कुश यादव आदि शामिल रहे।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य मंदिर की स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आज लक्सर क्षेत्र में भक्ति और सामाजिक सद्भाव का अनूठा संगम देखने को मिला क्षेत्र के जेके टायर कंपनी के समीप भगवान परशुराम के भव्य मंदिर की स्थापना की गई। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें 36 बिरादरी के लोगों ने उत्साहपूर्वक शिरकत कर आपसी एकता का संदेश दिया।

हरिद्वार जिले का गौरव बनेगा यह मंदिरकार्यक्रम के दौरान खानपुर विधायक उमेश कुमार ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि लक्सर में स्थापित होने वाला यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र होगा, बल्कि पूरे हरिद्वार जिले में अपनी भव्यता के लिए पहचाना जाएगा उन्होंने बताया कि इस मंदिर की स्थापना खानपुर विधानसभा के बुजुर्गों के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से संभव हो पाई है। निजी प्रयासों से संवर रही है धार्मिक विरासत-विधायक उमेश कुमार ने एक सवाल के जवाब में अपनी पूर्व की उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि वे समाज के हर वर्ग के महापुरुषों और आराध्य देवों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने रेखांकित किया किसर्वप्रथम रुड़की



के रविदास घाटपर संत शिरोमणि रविदास जी की मूर्ति स्थापित की गई। लक्सर बस स्टैंड के पास महाराजा भगीरथ की प्रतिमा लगाई गईखानपुर, करणपुर और डेरीयो में महर्षि कश्यप की तीन मूर्तियों की स्थापना कराई गई। विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा कि इन सभी विकास कार्यों और मूर्तियों की स्थापना में किसी भी प्रकार के सरकारी बजट का उपयोग नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, यह सभी कार्य मैं अपने निजी खर्चे से और समाज के प्रति अपनी श्रद्धा के कारण कर रहा हूँ सामाजिक सौहार्द का केंद्र आज के इस आयोजन में भारी संख्या में उमड़ी भीड़ और विभिन्न समुदायों की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि भगवान परशुराम का यह मंदिर आने वाले समय में क्षेत्र के लिए आस्था के साथ-साथ भाईचारे का भी प्रतीक बनेगा।

# आईपीएल में ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले तीन युवक पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।**'रुडकी पुलिस व सीआईयू टीम द्वारा आईपीएल में ऑन लाईन सट्टा कराने वाले 03 आरोपितों को धर दबोचा है। आरोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 04 अदद मोबाइल व नगदी बरामद की है। आरोपितों के विरूद्ध जुआ अधिनियम के तहत किया गया अभियोग पंजीकृत किया गया।

एसएसपी हरिद्वार द्वारा अवैध कारोबार मे संलिप्त व्यक्तियो के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के आदेश दिये गये है। निर्देशित क्रम के अनुपालन मे प्रभारी निरीक्षक कोत0 रुड़की व सीआईयू रूडकी की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध रूप से ऑन लाईन सट्टा करने वालो पर निगरानी की जा रही थी। जिसके क्रम मे दिनाँक 18.04.2026 को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुयी कि मिलिट्री अस्पताल से आगे ढण्ढेरा फाटक के पास खाली ग्राउण्ड में आई0पी0एल0 क्रिकेट मैचो मे आनलाईन सट्टा कर रहे। उक्त सूचना पर तत्काल रूडकी पुलिस व सीआईयू की टीम के द्वारा दबिश दी गयी वाहन में बैठे 03 व्यक्तियो को मौके पर ही पकड लिया। जिनके कब्जे से ऑन लाईन सट्टा मे प्रयोग किये जा रहे 04 अदद मोबाइल वाहन व नगदी ₹1320/- बरामद हुयी। जिसके आधार पर कोतवाली रूडकी पर जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। 'आरोपितों का विवरण-मुन्तजीर पुत्र मौहम्मद जफर निवासी तेल्लीवाला धनौरी थाना-कलियर। , शाहरुन अली पुत्र मुंसब अली निवासी भगवानपुर चन्दनपुर कोतवाली-मंगलौर जिला-हरिद्वार, हरबान पुत्र गुलाम साबिर निवासी बिझौली कोतवाली-मंगलौर जिला-हरिद्वार है।

## रालोद अध्यक्ष जयन्त चौधरी दो मई को करेंगे हरजौली जट में

# स्व. चौधरी चरण सिंह की मूर्ति का अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी दिनांक 2 मई को हरजोली जाट गांव में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह जी। की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में क्षेत्र के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें माननीय त्रिलोक त्यागी, प्रदीप त्यागी, विनय प्रधान जी, सिद्धांत चौधरी एवं निशांत कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और जिम्मेदारियां तय की गईं। कार्यक्रम को लेकर गांव हरजोली जाट एवं आसपास के क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों और समर्थकों द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। इस आयोजन को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण अवसर माना जा रहा है। लोगों का मानना



है कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की मूर्ति का अनावरण क्षेत्र के किसानों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# भगवानपुर पुलिस ने 350 का किया सत्यापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत हरिद्वार पुलिस की ताबडतोड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी के तहत भगवानपुर क्षेत्रान्तर्गत चांद कॉलोनी , माखनपुर, शाहपुर में संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध सत्यापन अभियान चलाया गया। सत्यापन अभियान के दौरान बिना क्षेत्र में रह रहे बाहरी प्रदेशों से आये 350 किरायेदारों व मजदूरो का सत्यापन किया गया। बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर 120 मकान मालिको के विरूद्ध पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई कर वसूला गया 12 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार जनपद हरिद्वार द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत दिये गये। दिशा निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के नेतृत्व में भगवानपुर पुलिस टीमों द्वारा ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत कार्यवाही को जारी रखते हुये भगवानपुर पुलिस द्वारा दिनांक-19.04.2026 को थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बिना सत्यापन क्षेत्र में निवासरत् बाहरी प्रदेशों से आये कर्मचारी / मजदूर / फड़ ठेली गुड चर्खी वालो के सत्यापन हेतु अलग अलग टीमें बनाकर चांद कालोनी कास्बा भगवानपुर क्षेत्रान्तर्गत विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस



टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर मकान मालिको, फल फेरी व गुड चर्खी मजदूरो आदि करीब 350 व्यक्तियों का मौके पर ही सत्यापान किया गया व 120 मकान मालिको के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए धारा-83 पुलिस एक्ट के अन्तर्गत 10000-10000 रूपये कुल (12 लाख रुपए )के कोर्ट चालान कर रिपोर्ट मा० न्यायालय प्रेषित की जा रही है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# आरक्षण पर सियासत

लोकसभा में महिला आरक्षण बिल गिरने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष में वाकयुद्ध छिड़ गया है। एक ओर सत्ता पक्ष इसे चीरहरण बता रहा है, तो विपक्ष इसे बीजेपी की नीयति की हार बता रहा है। यानि अब महिलाओं पर भी नेताओं ने सियासत चला दी है, लेकिन इसके लीभ या हानि अभी तक कोई नहीं बता पाया। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का विषय एक विभाजनकारी और ध्रुवीकरण वाला मुद्दा है। लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उनकी उचित हिस्सेदारी प्राप्त हों। यह अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में सही कदम है। महिला आरक्षण विधेयक को शीघ्रता से लागू करने के लिए एक उचित प्रणाली भी विकसित करने की आवश्यकता है। नारी शक्ति वंदन विधेयक या महिला आरक्षण विधेयक हाल ही में संसद द्वारा पारित किया गया। इस अधिनियम का लक्ष्य संसद और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं के लिए कुल सीटों में से एक तिहाई सीटों आरक्षित करना है। महिला आरक्षण विधेयक की क्या आवश्यकता है? इस पर गौर करें तो महिला आरक्षण बिल यह सुनिश्चित करेगा कि संसद में आधी आबादी का पर्याप्त प्रतिनिधित्व हो। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी से यह सुनिश्चित होगा कि वे महिलाओं के मुद्दों के प्रति ग्रहणशील हों, सशक्त हों और रोल मॉडल बनें। लोकसभा में 82 महिला सांसद और राज्यसभा में 31 महिला सांसद हैं। विधेयक में अनुच्छेद 330 (ए) को सम्मिलित किया गया है, जो अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए लोकसभा में सीटों के आरक्षण पर अनुच्छेद 330 के प्रावधानों से प्रेरित है। महिला आरक्षण विधेयक द्वारा प्रस्तुत किए गए इस अनुच्छेद में प्रत्येक राज्य विधानसभा में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने की आवश्यकता है। महिला आरक्षण विधेयक का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं के लिए सभी सीटों में से एक-तिहाई सीटें आरक्षित करना है। यह अधिनियम आरक्षित सीटों में से महिलाओं के लिए सीटें भी आरक्षित करेगा। आरक्षित सीटों का आवंटन भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किया जाएगा। यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में सम्मिलित कर उन्हें सशक्त बनाने का लक्ष्य रखता है। यह अधिनियम यह सुनिश्चित करेगा कि देश की राजनीति में महिलाओं का विधिवत प्रतिनिधित्व हो। वैश्विक लैंगिक सूचकांक 2023 की रिपोर्ट के अनुसार 146 देशों में से भारत 127वें स्थान पर है। राजनीतिक सशक्तिकरण श्रेणी के अंतर्गत महिलायें सांसदों का 15.1 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करती हैं। कुछ विरोधियों का तर्क है कि महिला आरक्षण विधेयक बड़े चुनावी सुधारों जैसे राजनीति का अपराधीकरण और पार्टी के अंदर लोकतंत्र से ध्यान हटा सकता है। कुछ विरोधियों का तर्क है कि महिलाओं के लिए आरक्षण पुरुष उम्मीदवारों के लिए नुकसानदेह हो सकता है जिन्हें दो-तिहाई सीटों पर चुनाव लड़ना होगा। यह तर्क दिया जाता है कि यह महिलाओं की असमान स्थिति को बनाए रखेगा क्योंकि उन्हें गुणवत्ता के आधार पर निर्वाचित नहीं होने के रूप में देखा जाएगा।

## हर 30 सेकेंड में कांग्रेस का नाम लिया



भाजपा हमेशा महिलाओं को आरक्षण देने के खिलाफ रही है और यही वजह है कि इस बार उसने महिला आरक्षण की आड़ में परिस.ीमन लाने का षड्यंत्र किया, जिसके कारण संसद में पेश संविधान संशोधन विधेयक गिर गया और भाजपा को मुंह की खानी पड़ी, भाजपा शुरू से ही महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है, यह हमेशा महिला आरक्षण के विरुद्ध रही है और यही कारण था कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी 1990 में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लेकर आए थे, तो भाजपा ने इसका विरोध किया था, जिसके कारण वह विधेयक संसद में पारित नहीं हो सका था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, इसलिए उन्होंने राष्ट्र के नाम शनिवार को 29 मिनट के संबोधन में 58 बार, यानी लगभग हर 30 सेकंड में कांग्रेस का नाम लिया।

**-सुप्रिया श्रीनेत, प्रवक्ता, कांग्रेस**

# इस साल लोगों को झुलसाएगी गर्मी





**एम. इमरान**

भारत में वर्ष 2026 का गर्मी का मौसम सामान्य से अधिक तीव्र होने की आशंका के साथ शुरू हो चुका है। मौसम वैज्ञानिकों और विभिन्न एजेंसियों के अनुसार इस बार गर्मी जल्दी आई है और आने वाले दिनों में इसका प्रभाव और अधिक बढ़ने वाला है, विशेष रूप से पश्चिमी भारत जैसे राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिमी मध्य प्रदेश में इसका असर अधिक दिखाई देगा।

### बढ़ती गर्मी का वर्तमान परिदृश्य

साल 2026 की शुरुआत से ही भारत में मौसम के पैटर्न में बदलाव देखने को मिला है। फरवरी महीने में ही कई शहरों में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया, जिससे यह संकेत मिल गया था कि इस बार गर्मी जल्दी और अधिक तीव्र रूप में आएगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार मार्च से मई के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी और अधिक हीटवेव (लू) वाले दिन देखने को मिल सकते हैं। इस वर्ष तापमान कई क्षेत्रों में सामान्य से 4 से 8 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया है, जो यह दर्शाता है कि गर्मी का प्रभाव पहले से ही तेज हो चुका है। यह स्थिति बताती है कि भारत में गर्मी का मौसम अब केवल मई-जून तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि मार्च और अप्रैल में ही भीषण गर्मी महसूस होने लगी है।

### पश्चिमी भारत में गर्मी की स्थिति

पश्चिमी भारत, जिसमें मुख्य रूप से राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ हिस्से आते हैं, हर साल गर्मी के लिए जाना जाता है, लेकिन 2026 में इस क्षेत्र में स्थिति और अधिक गंभीर होती दिखाई दे रही है। हाल ही में गुजरात के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। अहमदाबाद और कच्छ क्षेत्र में भी तेज गर्मी देखी गई। राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। कई क्षेत्रों में दिन के समय तेज धूप और रात में भी गर्मी बनी रहने की समस्या सामने आ रही है, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल पा रही। मुंबई जैसे तटीय शहरों में भी स्थिति अलग प्रकार की है। वहां तापमान भले ही थोड़ा कम हो, लेकिन आर्द्रता के कारण फील लाइक तापमान अधिक हो जाता है, जिससे शरीर पर गर्मी का असर ज्यादा पड़ता है। इस तरह पश्चिमी भारत में गर्मी का प्रभाव दो रूपों में दिख रहा है-

- आंतरिक क्षेत्रों में अत्यधिक तापमान और लू
- तटीय क्षेत्रों में गर्म और उमस भरा मौसम

दोनों ही स्थितियां स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं।

### गर्मी बढ़ने के प्रमुख कारण

भारत में इस वर्ष बढ़ती गर्मी के पीछे कई वैज्ञानिक और पर्यावरणीय कारण हैं। इनमें प्रमुख निम्नलिखित हैं-

**एल नीनो का प्रभाव**-वैज्ञानिकों का मानना है कि 2026 में एल नीनो की स्थिति विकसित हो सकती है, जिससे भारत में तापमान बढ़ता है और मानसून कमजोर पड़ता है। एल नीनो के कारण समुद्र के तापमान में वृद्धि होती है, जिससे वायुमंडलीय दबाव और हवा के पैटर्न में बदलाव आता है, और इसका सीधा असर भारत के मौसम पर पड़ता है।

**कम वर्षा और सूखा**-रिपोर्टों के अनुसार इस साल मानसून सामान्य से कम रहने की संभावना है, जिससे गर्मी और अधिक बढ़ सकती है।

**कम वर्षा का मतलब है-**

- **मिट्टी में नमी की कमी**
- **जल स्रोतों का सूखना**
- **तापमान में तेजी से वृद्धि**

### जलवायु परिवर्तन

पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसका प्रभाव भारत पर भी साफ दिखाई दे रहा है।

गर्मी के दिनों की संख्या बढ़ रही है व हीटवेव तीव्र हो रही हैं। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि भविष्य में यह स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### शहरीकरण और कंक्रीट का प्रभाव

बड़े शहरों में कंक्रीट और डामर की वजह से हीट आइलैंड प्रभाव बढ़ जाता है, जिससे शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक हो जाता है।

### पश्चिमी भारत में संभावित प्रभाव

आने वाले दिनों में बढ़ती गर्मी का असर कई क्षेत्रों पर पड़ सकता है-

**स्वास्थ्य पर प्रभाव**- हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन के मामले बढ़ सकते हैं

- बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा अधिक
- लंबे समय तक धूप में रहने वालों पर गंभीर असर

रिपोर्ट्स में अस्पतालों में गर्मी से संबंधित बीमा.रियों के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है।

**कृषि पर प्रभाव-**

- फसलों की पैदावार कम हो सकती है
- गेहूं जैसी फसलें प्रभावित हो सकती हैं
- सिंचाई की मांग बढ़ेगी

**जल संकट-**

- पानी की कमी बढ़ सकती है
- भूजल स्तर नीचे जा सकता है
- शहरों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है

### बिजली की मांग में वृद्धि

- एयर कंडीशनर और कूलर के उपयोग से बिजली की मांग बढ़ेगी
- इससे बिजली कटौती की संभावना भी बढ़ सकती है

### लोगों के जीवन पर असर

गर्मी का असर सिर्फ स्वास्थ्य या कृषि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आम जीवन को भी प्रभावित करता है।

- दोपहर के समय बाजारों में भीड़ कम हो जाती है
- कामकाजी लोगों का समय बदला जा रहा है
- स्कूलों के समय में भी बदलाव किया जा रहा है

इसके अलावा निर्माण कार्य और बाहरी श्रमिकों को सबसे ज्यादा कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

### बचाव के उपाय और सावधानियां

गर्मी से बचने के लिए कुछ महत्वपूर्ण उपाय अपनाए जा सकते हैं-

**व्यक्तिगत सावधानियां-**

दोपहर 11 बजे से 4 बजे तक धूप से बचें

- हल्के और ढीले कपड़े पहनें
- पर्याप्त पानी पिएं
- सिर को ढककर रखें

### स्वास्थ्य संबंधी उपाय

- ORS या नींबू पानी का सेवन करें
- ज्यादा थकान होने पर तुरंत आराम करें
- बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें

# ग्रीनलैंड आर्कटिक क्षेत्र का अद्भुत देश

**पूर्वी ग्रीनलैंड का सबसे बड़ा शहर तसिल्लाक ऊंचे पहाड़ों और गहरे फजॉर्ड से घिरा हुआ है। यह स्थान स्थानीय इनुइट संस्कृति को जानने और नॉर्दर्न लाइट्स देखने के लिए जाना जाता है। सर्दियों में स्कीइंग और डॉग स्लेजिंग यहां की खास गतिविधियां हैं। वहीं यहां दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है और लगभग पूरी तरह मानव-रहित है। यहां ध्रुवीय भालू, आर्कटिक लोमड़ी, वालरस और दुर्लभ पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं। प्रकृति प्रेमियों और रिसर्चर्स के लिए यह जगह बेहद खास है।**

ग्रीनलैंड आर्कटिक क्षेत्र का एक अद्भुत और रहस्यमय देश है, जो अपनी बर्फीली दुनिया, विशाल ग्लेशियरों, तैरते हिमखंडों (Icebergs) और रंग-बिरंगे घरों के लिए जाना जाता है। यहां की कच्ची-पक्की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और रोमांचक गतिविधियां इसे दुनिया के सबसे अनोखे पर्यटन स्थलों में शामिल करती हैं। अगर आप प्रकृति, एडवेंचर और शांति- तीनों का अनुभव करना चाहते हैं, तो ग्रीनलैंड एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है। आइए जानते हैं ग्रीनलैंड के 10 सबसे बेहतरीन पर्यटन स्थलों के बारे में।

**इलुलिसैट आइसफ्योर्ड**

इलुलिस्सात आइसफजॉर्ड यूनेस्को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, यहां आप विशाल हिमखंडों को तैरते हुए देख सकते हैं। यहां समुद्र में तैरते विशालकाय हिमखंडों को देखना एक आध्यात्मिक अनुभव जैसा है। ग्लेशियर से बर्फ के टूटने की आवाज और नीले पानी में उनकी शांति अद्भुत सुकून देती है।

**नुक (छनना)-दुनिया की सबसे छोटी राजधानी**

पहाड़ों और समुद्र से घिरी ग्रीनलैंड की राजधानी नुक, आधुनिकता और परंपरा का संगम है। यहां का ग्रीनलैंड नेशनल म्यूजियम और तट पर बनी मदर ऑफ द सी की मूर्ति देखने लायक है। इसी के साथ रंगीन घर मुख्य आकर्षण हैं। यहां की ताजी हवा आत्मा को तरोताजा कर देती है।



**डिस्को खाड़ी**

यह क्षेत्र व्हेल वाचिंग के लिए प्रसिद्ध है। नाव में बैठकर हम्पबैक और मिंक व्हेल को उछलते हुए देखना प्रकृति के साथ गहरा जुड़ाव महसूस कराता है। डिस्को द्वीप ज्वालामुखीय परिदृश्य, लाल बेसाल्ट पर्वत और हरे-भरे नजारों के लिए प्रसिद्ध।

**केंगरलुसुआक**

यदि आप विशाल ग्रीनलैंड आइस शीट पर चलना चाहते हैं, तो यहां जरूर जाएं। यह जगह नॉर्दर्न लाइट्स देखने के लिए दुनिया के सबसे साफ आसमान वाली जगहों में से एक है।

**इक्वि ग्लेशियर**

इक्विप सेर्मिया ग्लेशियर इसे कैल्विंग ग्लेशियर भी कहते हैं। यहां आप सुरक्षित दूरी से ग्लेशियर के विशाल टुकड़ों को समुद्र में गिरते हुए देख सकते हैं। प्रकृति की इस अपार शक्ति को करीब से देखना रोमांच भर देता है। इसे ष्बर्फ की दीवारष कहा जाता है, जहां ग्लेशियर को टूटते हुए देखना एक अद्भुत अनुभव है।

**उनार्तोक हॉट स्प्रिंग्स-प्राकृतिक गर्म झरने**

बर्फ के बीचों-बीच प्राकृतिक गर्म पानी के कुंड में नहाना आपकी सारी थकान मिटा देगा। चारों ओर तैरते बर्फ के टुकड़ों को देखते हुए गर्म झरने का आनंद लेना एक परम सुखद अनुभव है। इसे उनाटोक भी कहते हैं। बर्फ के बीच प्राकृतिक गर्म पानी के झरने में नहाने का अनूठा अनुभव।

**स्कोर्सबी संड या स्कोर्सबिसंड**


यह दुनिया का सबसे बड़ा फ्योर्ड सिस्टम है। यहां की शांति, गहरी घाटियां और जंगली जानवर जैसे ध्रुवीय भालू और कस्तूरी बैल इसे किसी परीकथा जैसा बनाते हैं। दुनिया का सबसे लंबा फजॉर्ड, जो शानदार प्राकृतिक नजारे पेश करता है।

**सिसिम्युट- बर्फ में ढंके रंग-बिरंगे घर बर्फ**

यह ग्रीनलैंड का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। यहां आप डोग स्लेजिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां के रंग-बिरंगे घर बर्फ की सफेद चादर पर किसी पेंटिंग जैसे लगते हैं।

**-साभार डब्ल्यू.डी.**

# केंद्रीय सतर्कता आयोग : दंतहीन शेर या आशा की किरण



**विनीत नारायण**

सभी जानते हैं कि भारत में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं। सरकारी मशीनरी में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए 1964 में स्थापित केंद्रीय सतर्कता आयोग सीवीसी आज भी भ्रष्टाचार विरोधी लड़ाई का प्रमुख हथियार माना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में सीवीसी के पास लंबित मामलों की संख्या ने चिंता का विषय बना दिया है। सीवीसी की 2024 की वार्षिक रिपोर्ट (जो 31 अगस्त 2025 को जारी की गई और 31 दिसंबर 2024 तक के आंकड़ों पर आधारित है) के अनुसार, सीबीआई द्वारा जांचे गए 7,072 भ्रष्टाचार के मामले अदालतों में लंबित हैं, जिनमें से 379 मामले 20 वर्ष से अधिक पुराने हैं। 2,660 मामले 10 वर्ष से ज्यादा लंबित हैं। यह आंकड़ा न केवल न्यायिक प्रक्रिया की धीमी गति को दर्शाता है, बल्कि सीवीसी की निगरानी वाली पूरी व्यवस्था की कमजोरियों को भी उजागर करता है। विभागीय जांच, अनुशासनिक कार्यवाही और अभियोजन स्वीकृति में देरी के कारण आम नागरिक का भ्रष्टाचार विरोधी संस्थानों में विश्वास डगमगाता जा रहा है।

गौरतलब है कि सीवीसी स्वयं जांच एजेंसी नहीं है। यह शिकायतों की समीक्षा करता है, विभागीय मुख्य सतर्कता अधिकारियों द्धसीवीओ३ को निर्देश देता है और सीबीआई को जांच सौंपता है। लेकिन वास्तविक कार्यवाही अन्य एजेंसियों पर निर्भर है। पहला कारण है मानव संसाधनों की कमी। सीवीसी के पास सीमित स्टाफ है, जबकि केंद्रीय मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और बैंकों में हजारों मामले आते हैं। सीवीओ अक्सर अंशकालिक होते हैं और उनके पास अन्य जिम्मेदारियां भी होती हैं। दूसरा, प्रक्रियागत देरी। प्रारंभिक जांच से लेकर प्रमुख दंड की अनुशंसा तक कई चरण हैं। सीवीसी ने 2020 में समय-सीमा निर्धारित की थी, लेकिन मंत्रालय अक्सर अभियोजन स्वीकृति में देरी करते हैं। 2024 रिपोर्ट में ही 46 संगठनों से 200 मामले अभियोजन स्वीकृति के लिए लंबित बताए गए।

तीसरा, अदालती लंबितता। भारत में कुल 5।5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। भ्रष्टाचार के मामले जटिल होते हैं। साक्ष्य इकठा करना, गवाहों की उपलब्धता और राजनीतिक दबाव, आदि इन सबके कारण ट्रायल सालों तक खिंच जाते हैं।चौथा कारण संस्थागत। सीवीसी की सिफारिशें सलाहकारी होती हैं, बाध्यकारी नहीं। 2024 में 23 महत्वपूर्ण मामलों में विभागों ने सीवीसी की सलाह को कमजोर कर दिया या नजरअंदाज कर दिया। यह स्थिति 'विनीत नारायण' मामले (1998) में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद बनी हुई है, जिसके परिणामस्वरूप मौजूदा सीवीसी एक्ट, 2003 बना। कोर्ट ने सीवीसी को स्वायत्तता देने के लिए कहा था, लेकिन कानून में इसे पर्याप्त दांत नहीं दिए गए। नतीजा सीवीसी को 'दंतहीन शेर' कहा जाने लगा। सुप्रीम कोर्ट के 'विनीत नारायण' फैसले ने सीवीसी को 'वैधानिक निकाय' का दर्जा दिलाया। चयन समिति में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और विपक्ष के नेता शामिल हैं, ताकि राजनीतिक हस्तक्षेप रोका जा सके। लेकिनपी जे थॉमस मामले (2011) में कोर्ट ने 'संस्थागत अखंडता' पर जोर दिया। फिर भी आज सीवीसी को दंतहीन क्यों माना जाता है? क्योंकि कानून में सीवीसी को स्वतंत्र जांच का अधिकार नहीं दिया गया। यह सीबीआई पर निर्भर है, जो स्वयं राजनीतिक दबाव में आ सकती है। सिफारिशें बाध्यकारी नहीं हैं, इसलिए विभाग अनुशासनिक कार्यवाही में अपनी मर्जी चला सकते हैं। सीवीसी की सीमा 'ग्रुप ए' अधिकारियों और पीएसयू तक सीमित है। मंत्रियों और सांसदों पर इसका अधिकार नहीं। संसाधनों की कमी, स्टाफ की अपर्याप्तता और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी ने इसे कमजोर बना दिया। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि सुप्रीम कोर्ट के इरादे को कानून ने पूरा नहीं किया, नया गठन स्वायत्तता का दिखावा भर है। सवाल उठता है कि समस्या जटिल है, लेकिन क्या समाधान संभव है? जहां चाह वहां राह, सीवीसी ने पहले ही ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। इसमें सभी विभागीय जांचों को सीवीसी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए और AI आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाए, ताकि हर चरण की समय-सीमा की निगरानी हो। सीवीसी की 2020 की गाइडलाइंस को कानूनी रूप दें, अभियोजन स्वीकृति 3 महीने में अनिवार्य हो। देरी पर विभागीय अधिकारियों पर दंड का प्रावधान हो। भ्रष्टाचार के मामलों के लिए विशेष अदालतें बढ़ाई जाएं और सीबीआई-सीवीसी मामलों को प्राथमिकता दी जाए। सीवीसी को अधिक टेक्निकल एग्जामिनर्स और जांच अधिकारियों की नियुक्ति की जाए। सीवीसी सिफारिशों को आंशिक रूप से बाध्यकारी बनाया जाए, जैसे प्रमुख दंड की अनुशंसा को केवल उच्च स्तरीय समिति ही बदल सके। उल्लेखनीय है कि जब भी किसी विभाग से कुछ उम्मीद की जाती है तो वो हमेशा मानव संसाधनों की कमी का बहन बनाते हैं परंतु शायद सीवीसी जैसे बड़े संगठनों को इस बात की जानकारी नहीं है कि देश भर में सेवानिवृत अधिकारियों की एक अनूठी ताकत है जो अक्सर अनदेखी रह जाती है। गौरतलब है कि इन रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस, आईआरएस या इंजीनियरिंग व बैंकिंग सेवाओं के अधिकारियों के पास 30-40 वर्ष की सेवा का अमूल्य अनुभव है। वे विभागीय प्रक्रियाओं की बारीकियां जानते हैं। कौन सा नियम किस तरह का 'लूपहोल' पैदा करता है, फाइल कैसे घुमाई जाती है, टेंडर में घोटाला कैसे होता है।वे दस्तावेजों को देखकर तुरंत अनियमितताएं पकड़ लेते हैं, जो युवा अधिकारियों को मुश्किल लगती हैं। सेवानिवृत्त अधिकारी सीवीओ के रूप में या सलाहकार के रूप में काम कर सकते हैं। वे प्रशासनिक कार्यप्रणाली को खूब समझते हैं, इसलिए अनुशासनिक कार्यवाही में उचित सलाह दे सकते हैं। जो कि न्यायसंगत लेकिन सख्त साबित हो सकती है। सीवीसी को एक 'रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स एडवाइजरी पैनल' बनाना चाहिए, जहां अनुभवी अधिकारी पार्ट टाइम आधार पर जटिल मामलों की समीक्षा करें। इससे न केवल लंबितता कम होगी, बल्कि युवा स्टाफ को मेंटरशिप भी मिलेगी। उनकी निष्पक्षता और अनुभव सीवीसी को विश्वसनीय बनाएगा। सीवीसी में लंबितता सिर्फ आंकड़ों की समस्या नहीं, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता की समस्या है। सुप्रीम कोर्ट के 'विनीत नारायण' के फैसले ने जो सपना देखा था, उसे पूरा करने के लिए सीवीसी एक्ट में संशोधन जरूरी है। सेवानिवृत्त नौकरशाहों को सक्रिय रूप से जोड़कर, डिजिटल ट्रैकिंग और बाध्यकारी सिफारिशों से सीवीसी को मजबूत बनाया जा सकता है। तभी भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और 'दंतहीन शेर' सच्चा शिकारी बनेगा। सरकार, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर इस दिशा में कदम उठाने होंगे। अन्यथा, भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना अधूरा रह जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जम्मू-कश्मीर। डोडा जिले के भदेरवाह के पास तीन महीने से अधिक समय तक हिमपात के कारण बंद रहने के बाद फिर से खोले गए भदेरवाह-चंबा अंतर्राज्यीय मार्ग के पास से यात्रा करते सुरक्षाकर्मी।

## तुर्की यूक्रेन से गैस पाइपलाइनों पर हमला नहीं करने की गारंटी ले: रूस

**मास्को।** रूस ने तुर्की से बार-बार यह अपील की है कि वह यूक्रेन से इस बात की गारंटी ले कि 'तुर्कस्ट्रीम' और 'ब्लू स्ट्रीम' गैस पाइपलाइन बुनियादी ढांचे पर कोई हमला नहीं किया जाएगा। रूसी उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुश्को ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि काला सागर के नीचे तुर्की को गैस आपूर्ति करने वाली पाइपलाइनों पर यूक्रेन द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों को देखते हुए, हमने अपने तुर्की भागीदारों से बार-बार आग्रह किया है। हमने उनसे कहा है कि वे यूक्रेनी पक्ष को स्पष्ट और कड़े संकेत भेजें और मांग करें कि वे इस तरह के आक्रामक कृत्यों को तुरंत रोकें तथा भविष्य में भी ऐसा न होने की गारंटी दें।

# नेतन्याहू के गुस्से से घबराए डोनाल्ड ट्रम्प!

## इजरायल को बताया अब महान सहयोगी, पहले लेबनान में हमलों को लेकर कही थी एयरस्ट्राइक रोकने की बात

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी ईरान संकट और इजरायल-लेबनान तनाव के बीच अमेरिका और इजरायल के रिश्तों में भी हलचल देखने को मिली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ताजा बयानों ने कूटनीतिक स्तर पर नई बहस छेड़ दी है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब संयुक्त राज्य अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है।

क्षेत्रीय अस्थिरता के इस दौर में, विशेष रूप से युद्धविराम प्रोटोकाल और होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री संचालन की सुरक्षा को लेकर बातचीत जटिल बनी हुई है। डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा था कि इजरायल को लेबनान में एयरस्ट्राइक रोकनी होगी। उन्होंने लिखा था कि 'अब बहुत हो गया', जिससे यह संकेत गया कि अमेरिका ने इजरायल को सैन्य कार्रवाई रोकने का निर्देश दिया है। इस बयान के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके सलाहकारों में चिंता बढ़ गई और व्हाइट हाउस से स्पष्टीकरण मांगा गया। विवाद बढ़ने के बाद ट्रम्प ने अपने रुख में नरमी दिखाई और इजरायल की तारीफ करते हुए उसे अमेरिका का महान सहयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इजरायल साहसी, मजबूत, वफादार और समझदार देश है, जो कठिन परिस्थितियों में भी मजबूती से खड़ा रहता है। ट्रम्प के इस बयान को उनके पहले दिए गए सख्त संदेश के उलट माना जा रहा है, जिससे राजनीतिक हलचल और बढ़ गई है। अमेरिकी अधिकारियों ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि समझौता केवल आक्रामक सैन्य अभियानों पर रोक लगाता है, लेकिन आत्मरक्षा का अधिकार सुरक्षित रहता है। इस बयान से यह स्पष्ट करने की कोशिश की गई कि इजरायल अपनी सुरक्षा से जुड़े कदम उठाने के लिए स्वतंत्र है। हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने इजरायल के साथ चल रहे 10-दिवसीय युद्धविराम को बनाए रखने के लिए कुछ शर्तें सामने रखी हैं। अल जजीरा को दिए इंटरव्यू में कासिम ने कहा कि शांति तभी संभव है जब सभी प्रकार की सैन्य कार्रवाई (हवाई, जमीनी और समुद्री) पूरी तरह बंद हो। उन्होंने यह भी मांग की कि अगले चरण में इजरायल को लेबनान की जमीन से पूरी तरह हटना होगा।



■ इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके सलाहकारों में चिंता बढ़ गई और व्हाइट हाउस से स्पष्टीकरण मांगा गया

### सीजफायर के बीच लेबनान में इजरायली हमले जारी

**बेरूत।** लेबनान में जारी युद्धविराम के बावजूद इजरायली सेना ने एक बार फिर दक्षिणी हिस्से में हवाई और तोपखाने हमले किए हैं। इजरायली सेना ने इन कार्रवाईयों को खतरे के खिलाफ उठाया गया कदम बताया है, जो कथित तौर पर नई येलो लाइन के दक्षिण में स्थित थे। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, बेरूत से जुड़े संवाददाता ने बताया कि रविवार को इजरायल ने कई गांवों में लगातार गोलाबारी और मशीनगन से फायरिंग की। इसके साथ ही दो अलग-अलग हवाई हमले भी किए गए। पहला हमला हिजबुल्ला के उन लड़ाकों पर किया गया, जो इजरायल के अनुसार येलो लाइन के करीब पहुंच रहे थे, लेकिन उसे पार नहीं किया था। रिपोर्ट में कहा गया कि यह गतिविधि रेखा के उत्तर में हुई थी, न कि उसके भीतर। दूसरा हमला एक व्यक्ति पर किया गया, जो एक सुरंग के प्रवेश द्वार की ओर बढ़ रहा था, जो येलो लाइन के दक्षिण में स्थित बताया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### इटली में गोली मारकर दो भारतीयों की हत्या

**रोम।** इटली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां दो भारतीय नागरिकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना उत्तरी इटली के बर्गामो प्रांत के कोवो इलाके में हुई। जानकारी के अनुसार, यह हमला शुक्रवार रात हुआ। दोनों लोग एक वेयरहाउस से बाहर निकल रहे थे, जिसे धार्मिक गतिविधियों और वैसाखी समारोह के दौरान सभा स्थल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। यह जगह गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के पास स्थित है। बता दें कि मृतकों की पहचान 48 वर्षीय रागिंदर सिंह, जो कोवो में रहते थे और अग्नाडेलो के निवासी 48 वर्षीय गुरमीत सिंह के रूप में हुई है।

### बंगलादेश में ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी

**ढाका।** पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर बंगलादेश सरकार ने ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी कर दी है। बंगलादेशी समाचार पत्र 'द डेली स्टार' की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार रात से इन नई दरों को लागू होने के बाद पेट्रोल की कीमत 116 टका से बढ़कर 135 टका (करीब 1.10 डॉलर) प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह डीजल 100 टका से बढ़कर 115 टका और केरोसिन 112 टका से बढ़कर 130 टका प्रति लीटर हो गया है।

### मेक्सिको के बार में सशस्त्र हमले में आठ लोगों की मौत: रिपोर्ट

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के मोरेलोस राज्य में एक बार में हुए सशस्त्र हमले में आठ लोगों की मौत हो गई। 'एन' प्रसारक ने यह जानकारी दी। चैनल के अनुसार, गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद पुलिस को बार के अंदर आठ लोग बेहोश मिले। यह घटना शनिवार तड़के अयाला नगर पालिका के एनेनेकुइल्को कस्बे में हुई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, स्थानीय निवासियों ने कई गोलियों की आवाज सुनी, जिसके बाद सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे। मोरेलोस राज्य अभियोजक कार्यालय जांच का नेतृत्व कर रहा है।

# ईरानी सशस्त्र बल पूरी तरह से युद्ध को तैयार

## हमें दुश्मन पर भरोसा नहीं है, अभी भी, जब हम यहां बैठे हैं, युद्ध छिड़ सकता है: संसद अध्यक्ष



■ ईरानी विदेश मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुपालन की यूरोपीय संघ की अपील को किया खारिज

**मॉस्को।** ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ ने कहा कि मध्य पूर्व में संघर्ष के समाधान के लिए वाशिंगटन और तेहरान के बीच जारी बातचीत के बावजूद, ईरान के सशस्त्र बल पूरी तरह से युद्ध के लिए तैयार हैं। प्रेस टीवी ने गालिबफ के हवाले से कहा कि हमें दुश्मन पर भरोसा नहीं है। अभी भी, जब हम यहां बैठे हैं, युद्ध छिड़ सकता है। सशस्त्र बल जमीन पर पूरी तरह से युद्ध के लिए तैयार हैं। प्रसारक के अनुसार, संसद अध्यक्ष ने इस बात से इन्कार किया कि जारी बातचीत से राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति लापरवाही हो सकती है। गालिबफ ने कहा कि हमारा मानना है कि बातचीत के कारण सशस्त्र बल तैयार नहीं हैं। इसके विपरीत, सड़कों पर आम लोगों की तरह, हमारे सशस्त्र बल भी तैयार हैं। इससे पहले, पाकिस्तानी प्रसारक जियो टीवी ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता का दूसरा दौर इस्लामाबाद में अगले सप्ताह के अंत में होने की संभावना है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए, जिनमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए। 8 अप्रैल को वाशिंगटन और तेहरान ने दो सप्ताह के लिए युद्धविराम की घोषणा की। इस्लामाबाद में हुई बाद की बातचीत बेनतीजा रही। हालांकि शत्रुता फिर से शुरू करने की कोई घोषणा नहीं की गई, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी है। मध्यस्थ बातचीत का एक नया दौर आयोजित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी बीच ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन की स्थिति को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुपालन के लिए यूरोपीय संघ की अपील को खारिज करते हुए इसे 'चरम पाखंड' बताया। बगाई यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास के 17 अप्रैल के पोस्ट पर टिप्पणी कर रहे थे, जिसमें उन्होंने ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के लिए बिना शुल्क और टोल मुक्त आवागमन सुनिश्चित करने का आह्वान किया था। कल्लास ने अपने पोस्ट में कहा था कि 'अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार' होर्मुज जलडमरूमध्य से आवागमन बिना शुल्क और टोल मुक्त होना चाहिए। बगाई ने कल्लास की पोस्ट के जवाब में 'एक्स' पर कहा कि अरे, वो 'अंतर्राष्ट्रीय कानून'?! वही कानून जिसका हवाला देकर यूरोपीय संघ दूसरों को उपदेश देता है, जबकि चुपचाप अमेरिका-इजरायल के आक्रामक युद्ध को हरी झंडी देता है और ईरानियों पर हो रहे अत्याचारों को अनदेखा करता है?! उपदेश देना बंद करो, यूरोप की अपने उपदेशों पर अमल न करने की आदत ने उसके 'अंतर्राष्ट्रीय कानून' के वादों को पाखंड की पराकाष्ठा में बदल दिया है। राजनयिक ने इस बात पर जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय कानून का कोई भी प्रावधान ईरान को, एक तटीय राज्य होने के नाते कि होर्मुज जलडमरूमध्य का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ सैन्य आक्रमण के लिए होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने से नहीं रोकता है। ईरानी आईआरजीसी नौसेना ने घोषणा की कि उसने शनिवार शाम से होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है, और यह तब तक लागू रहेगा जब तक अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी पूरी तरह से हटा नहीं ली जाती। अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर स्थित ईरानी बंदरगाहों से आने-जाने वाले सभी समुद्री यातायात की नाकाबंदी शुरू कर दी। यह जलडमरूमध्य विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और एलएनजी आपूर्ति का स्रोत है।

### ईरान से युद्ध एपस्टीन विवाद से ध्यान भटकाने की चाल

■ अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का ट्रम्प पर हमला बोलीं: अमेरिकी जनता नहीं चाहती ईरान से जंग

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब जिद और ताकत की खतरनाक लड़ाई में बदल चुका है, जहां हालात हर दिन और विस्फोटक होते जा रहे हैं। एक महीने से ज्यादा समय तक चले अमेरिका और इजरायल का ईरान के साथ टकराव ने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया। अब इसी उथल-पुथल के बीच अमेरिका की राजनीति भी इस आग में झुलसती नजर आ रही है। इसका बड़ा कारण है कि जारी तनाव के बीच अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर सीधा हमला बोलते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। हैरिस ने अपने बयान में कहा कि ट्रम्प को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ सैन्य टकराव में खींच लिया है। बढ़ते तनाव के समय अमेरिकी उपराष्ट्रपति के इस बयान ने न सिर्फ अमेरिकी सत्ता में हलचल मचा दी है, बल्कि वैश्विक कूटनीति में भी नई बहस और तनाव को जन्म दे दिया है, जिससे हालात और ज्यादा विस्फोटक बनते जा रहे हैं। अपने बयान में कमला हैरिस ने इस पूरे घटनाक्रम को एक ऐसा कदम बताया जो अमेरिका की जनता की इच्छा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध ऐसा है जिसे अमेरिकी जनता नहीं चाहती, लेकिन फिर भी सरकार इसे आगे बढ़ा रही है। हैरिस ने आरोप लगाया कि यह युद्ध असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है, खासकर एपस्टीन फाइल्स जैसे विवादों से। उनके मुताबिक, सरकार आपरेशन एपिक फ्यूरी जैसे अभियानों का इस्तेमाल लोगों का ध्यान हटाने के लिए कर रही है। मिशिगन में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए हैरिस ने ट्रम्प प्रशासन को अब तक का सबसे भ्रष्ट, बेरहम और अयोग्य प्रशासन बताया।

# कैपिटल हित में भारत लगाएगा प्रदर्शनी

■ पहलगाम हमले की पहली बरसी पर उजागर होगा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का काला सच
■ इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की सच्चाई को दुनिया के सामने लाना है

**वाशिंगटन।** भारत एक बार फिर वैश्विक मंच पर आतंकवाद के मुद्दे को मजबूती से उठाने जा रहा है। अमेरिका की संसद भवन कैपिटल हिल में भारतीय दूतावास मंगलवार को 'द ह्यूमन कास्ट ऑफ टेररिज्म' शीर्षक से एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन करेगा। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की सच्चाई को दुनिया के सामने लाना है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा करेंगे। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब पाकिस्तान खुद को अमेरिका-ईरान संघर्ष में शांति दूत के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। यह प्रदर्शनी विशेष रूप से पहलगाम आतंकवादी हमले की पहली बरसी के अवसर पर आयोजित की जा रही है, जो आपरेशन सिंदूर के रूप में समाप्त हुआ था। यह पहली बार नहीं है जब भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद का मुद्दा उठाया है। पिछले साल जुलाई में, जब पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष था, भारत ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भी इसी तरह की एक प्रदर्शनी आयोजित की थी। इसका उद्देश्य वैश्विक समुदाय का ध्यान इस गंभीर मुद्दे पर केंद्रित करना था। यह डिजिटल प्रदर्शनी दुनिया भर में हुए भयावह आतंकवादी हमलों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रदर्शित करेगी। इसमें 1993 के मुंबई बम धमाके, 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले और हाल ही में हुए पहलगाम आतंकवादी हमला जैसे दिल दहला देने वाले कृत्य शामिल होंगे। प्रदर्शनी में प्रत्येक हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी संगठनों के नामों का भी उल्लेख किया जाएगा, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा जैसे कई पाकिस्तान-आधारित व्यक्ति और संगठन शामिल हैं। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की पहली बरसी है। इस हमले में पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों ने बैसरन घाटी में पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई थी। यह हमला भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद की एक और भयावह मिसाल बनकर सामने आया था।

# दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंसी में भी नहीं लेंगी ब्रेक



## दूसरी बार मां बनने की खबर के बाद भी जारी रखेंगी शूटिंग

**मुंबई।** अक्षय तृतीया के खास मौके पर, दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने घोषणा की है कि वे एक बार फिर माता-पिता बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दीपिका ने रविवार को सोशल मीडिया पर अपनी बेटी 'दुआ' के साथ एक बहुत ही प्यारा पोस्ट शेयर किया और फैंस को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की खुशखबरी दी। यह खबर सुनते ही फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है और इंटरनेट पर जैसे हलचल मच गई है। प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों के हवाले से एक इंडस्ट्री सोर्स ने बताया कि अपनी प्रेग्नेंसी के बीच भी दीपिका पादुकोण फिल्म 'राका' के लिए इंटेंस एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं और वह अपनी पूरी प्रेग्नेंसी के दौरान इस फिल्म की शूटिंग जारी रखेंगी। दीपिका ने एक बहुत ही प्यारी तस्वीर शेयर की है जिसमें उनकी बेटी दुआ पादुकोण सिंह ने एक प्रेग्नेंसी टेस्ट पकड़ा हुआ है, जो यह खुशखबरी दे रहा है। तस्वीर में रणवीर और दीपिका दोनों के हाथ अपनी बेटी को बड़े प्यार से थामे हुए देखे जा सकते हैं, जो अब एक बड़ी बहन बनने वाली है। इस घोषणा को बहुत ही सिपल रखते हुए दीपिका ने कैप्शन में सिर्फ बुरी नजर से बचाने वाले इमोजी लगाए हैं। यह पोस्ट दीपिका और रणवीर दोनों ने मिलकर शेयर किया है।

# प. एशिया में तनाव का सीधा असर समुद्री रास्तों पर

## ईरानी नौसेना की होर्मुज में भारतीय झंडा लगे जहाजों पर फायरिंग ने हालात को और भड़काया

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में तनाव अब खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है और इसका सीधा असर समुद्री रास्तों पर दिखने लगा है। ईरान की नौसेना द्वारा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में भारतीय झंडा लगे जहाजों पर फायरिंग की घटना ने हालात को और भड़का दिया है। यह वही रास्ता है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल सप्लाई होता है, ऐसे में यह घटना बेहद गंभीर मानी जा रही है।

इसी बीच इस मामले में सामने आए एक आडियो क्लिप ने इस पूरे मामले को और गर्म कर दिया है। पूरी बात को ऐसे समझिए कि संकट के बीच जब होर्मुज का रास्ता खुला तब वहां के कई सारे जहाज गुजरने लगे, लेकिन फिर अचानक से ईरान ने यू-टर्न लेते हुए होर्मुज बंद करने का फैसला किया। इतना ही नहीं रास्ते में मौजूद सभी जहाजों को बलपूर्वक रोकने भी लगे। इसी क्रम में भारत के दो जहाज को भी रोका और फिर ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्र्स (आईआरजीसी) की तरफ से जहाज पर गोलीबारी करने की भी बात कही गई, जिसके बाद से भारत में इस बात को लेकर खूब चर्चा चल रही है। अब इस मामले में नया मोड़ तब सामने आया, जब भारतीय सुपरटैंकर 'सनमार हेराल्ड' इराक से करीब 20 लाख बैरल तेल लेकर गुजर रहा था। तभी अचानक ईरानी गनबोट्स ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। अब इस दौरान एक आडियो खूब सुर्खियों में है। मीडिया रिपोर्टस में दावा किया जा रहा है कि ये आडियो जहाज के कप्तान का है। आडियो में गोलीबारी से नाराज कप्तान को ईरानी नेवी को फटकार लगाते हुए सुना जा सकता है। सामने आए आडियो क्लिप में जहाज के कप्तान गुस्से में ईरानी नेवी के अधिकारी से कहते हैं कि पहले हमें जब रास्ता देने की अनुमति दी गई थी, फिर अचानक से ये हमला क्यों किया गया? कप्तान ने आडियो में इस बात पर भी जोर दिया कि वहां गुजरने के जब जहाजों को हरी झंडी दिखाया गया था, उस सूची में हमारा जहाज दूसरे नंबर पर था।

**यह वही रास्ता है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल सप्लाई होता है, ऐसे में यह घटना बेहद गंभीर मानी जा रही है**

# उत्तर कोरिया ने दागीं बैलिस्टिक मिसाइलें

## हाई अलर्ट पर जापान, अमेरिका व दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत जारी

**सियोल।** एशिया में एक बार फिर तनाव की लहर तेज हो गई है। रविवार को दक्षिण कोरिया ने दावा किया कि उत्तर कोरिया ने अपनी पूर्वी समुद्री सीमा की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब क्षेत्र पहले से ही सुरक्षा चुनौतियों और शक्ति संतुलन के दबाव से जूझ रहा है।

लगातार हो रहे मिसाइल परीक्षण न केवल पड़ोसी देशों के लिए चिंता का कारण बन रहे हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अस्थिरता की आशंका को बढ़ा रहे हैं। दक्षिण कोरियाई सेना के जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अनुसार ये मिसाइलें रविवार सुबह उत्तर कोरिया के पूर्वी तटीय इलाके सिनपो से छोड़ी गईं। यह इलाका पहले भी मिसाइल परीक्षणों के लिए जाना जाता रहा है। दक्षिण कोरिया ने कहा है कि वह इस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और अपनी निगरानी व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। इतना ही नहीं रविवार सुबह जापान में उस समय हड़कंप मच गया, जब उत्तर कोरिया की ओर से कई बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने की खबर सामने आई। स्थिति को गंभीर मानते हुए जापान सरकार तुरंत हाई अलर्ट पर आ गई और देशभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे उत्तर कोरिया की ओर से कई मिसाइलें छोड़ी गईं। हालांकि शुरुआती जानकारी के अनुसार ये मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के बाहर ही समुद्र में गिर गईं, जिससे किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस घटना के बाद जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण कोरिया मिलकर स्थिति का विश्लेषण कर रहे हैं। सभी देश मिलकर यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि इन मिसाइलों का मकसद क्या था और आगे क्या खतरा हो सकता है। घटना के तुरंत बाद जापान सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय के संकट प्रबंधन केंद्र में एक आपात बैठक बुलाई। इस बैठक में सभी संबंधित मंत्रालयों और एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि वे तेजी से जानकारी जुटाएं और हर स्थिति के लिए तैयार रहें।



■ यह इलाका पहले भी मिसाइल परीक्षणों के लिए जाना जाता रहा है

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD Bijnor's Leading Education Consultancy
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटैंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)